सुप्रभात
रांची, सोमवार
11.09.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, द्वादशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 62



12 चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा : धरती पर होगा देवलोक का दर्शन


## उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डलीय
# रोजगार मेला
## (ऑफर लेटर वितरण)

लगभग **11,850** युवाओं को मिलेगा ऑफर लेटर



**मुख्य अतिथि**

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**विशिष्ट अतिथि**

**श्रीमती अन्नपूर्णा देवी**
माननीय सांसद, कोडरमा लोकसभा
सह शिक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास,
ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण
एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड

**श्रीमती बेबी देवी**
माननीय मंत्री, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग,
झारखण्ड

**सम्मानित अतिथि**

माननीय सांसदगण एवं माननीय विधायकगण
उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, झारखण्ड

दिनांक: 11 सितंबर, 2023 | समय: अपराह्न 1 बजे
स्थान: विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 306557 ( Labour Employment and Training) IPRD 23-24

## झारखंड में राजद को कमजोर करने की हो रही है साजिश : राजेश यादव

**रांची।** मिशन 2024 से पूर्व ही झारखंड प्रदेश राजद के अंदर विराध का स्वर उठने लगा है। एक तरफ झारखंड में राजद को मजबूत करने की कवायद चल रही है वहीं दूसरी ओर पार्टी के अंदर से ही विरोध के स्वर भी उठने लगे हैं। राजद के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष और पश्चिमी सिंहभूम के प्रभारी राजेश यादव ने प्रदेश नेतृत्व पर संगठन को कमजोर करने का आरोप लगाया है। राजेश यादव ने कहा कि प्रदेश स्तर के पांच नेताओं के चरण छूने वाले लोगों को ही महत्वपूर्ण पदों पर बैठाया जा रहा है। उन लोगों को महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी जा रही है। जिन्होंने ना तो कभी खुद राजद को वोट दिया होगा और ना ही उनके कहने पर कोई और राजद को वोट दिया होगा और न तो आगे वोट देगा। उन्होंने कहा है कि पार्टी को चिंतन करने की जरूरत है कि पांच साल पहले राजद संगठन कितना मजबूत था और आज क्या स्थिति है। राजेश यादव ने कहा कि प्रदेश प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश यादव को पूरे मामले से अवगत करा दिया है।

## लोजपा ने कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठन को मजबूत करने की बनायी रणनीति



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का कार्यकर्ता सम्मेलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान लोकसभा चुनाव को देखते हुए संगठन को सशक्त बनाने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेवारी सौंपी गयी। निर्णय लिया गया कि झारखंड के सभी जिले में समिति बनाकर लोकसभा चुनाव के प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। राज्य के सभी महानगर एवं नगरों को भी सशक्त बनाया जायेगा। सदस्यता अभियान पूरे राज्य में तेजी से चलने का निर्णय लिया गया। झारखंड के सभी लोकसभा क्षेत्र में बूथ का गठन करने एवं सभी बूथों पर मजबूत कार्यकर्ता की नियुक्ति का निर्णय लिया गया।

**झरिया में होगा चिराग पासवान का कार्यक्रम :** पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का कार्यक्रम धनबाद जिले के झरिया में करने की स्वीकृति मिल गई है। जिसकी तिथि आगामी बैठक में तय किया जाएगा।

मौके पर प्रमोद सिंह, बिनोद सिंह, आशा राय, उमेश तिवारी, पारसनाथ राय, उमेश पासवान, शिवजी कुमार, दामोदर पासवान, दिलीप पासवान, दिनेश सोनी, अनिल कुमार पासवान, रामजी पासवान समेत अन्य मौजूद रहे।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने सशक्तिकरण अभियान के तहत संगठन निर्माण की समीक्षा की

# स्वत: पदमुक्त हो सकते हैं संगठन का कार्य नहीं करनेवाले पदाधिकारी : राजेश ठाकुर



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद गीता कोड़ा के प्रभार के छह जिलों रांची, धनबाद, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, लातेहार एवं जामताड़ा में संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत संगठन निर्माण की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में इन जिला के प्रभारी महासचिव, जिलाध्यक्ष एवं संबंधित जिला अंतर्गत विधानसभा प्रभारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी पदाधिकारियों से पंचायत स्तर तक संगठन निर्माण की अद्यतन जानकारी ली, जिसमें संगठन निर्माण की स्थिति को संतोष जनक पाया। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक माह सभी जिला एवं प्रखंडों में नियमित बैठक सुनिश्चित करें एवं संगठन को मजबूत करने के लिए हर कदम उठायें। उन्होंने कहा कि इस कार्य को पूरा करने में कोई भी पदाधिकारी असहज महसूस कर रहे हो तो वह स्वतः आवेदन देकर पद से मुक्त हो सकते हैं। जिला प्रभारी महासचिव एवं जिलाध्यक्ष यह सुनिश्चित करेंगे कि अगर किसी प्रखंड में प्रखंड अध्यक्ष की निष्क्रियता के कारण संगठन का कार्य बाधित हो रहा है तो अविलंब बदलाव का प्रस्ताव प्रदेश कार्यालय को भेजेंगे एवं गठित कमिटियों का सत्यापन कर अविलंब प्रदेश कार्यालय को रिपोर्ट करेंगे।

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक है। पार्टी संगठन को पंचायत स्तर तक मजबूती प्रदान करना है। जिन पंचायतों में अब तक कमिटी का गठन किसी कारणवश नहीं हो पाया है उन पंचायतों में सभी जिलाध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी जाकर इस कार्य को पूर्ण करेंगे।

बैठक में केशव महतो कमलेश, अमुल्य नीरज खलखो, मदन महतो, विजय सिंह, चन्द्रशेखर शुक्ला, बलजीत सिंह वेदी, शिव कुमार भगत, जवाहर महथा, विजय कुमार चौबे, हरिमोहन मिश्रा, उमेश प्रसाद, आनंद बिहारी दूबे, डॉ राकेश किरण महतो, राशिद रजा अंसारी, धर्मेन्द्र सोनकर, शमशेर आलम, शहबाज अहमद, मनोज कुमार, निजाम अंसारी, दीनानाथ पांडे, देबू चटर्जी, सुरेश धारी राम, रमाकांन्त आनंद, सीपी संतन, अशरफुल होदा, गोपाल प्रसाद, केके शुक्ला, अकील रहमान, महेन्द्र मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## डेंगू व चिकनगुनिया के प्रभावी नियंत्रण के लिए कदम उठाये सरकार : बंधु तिर्की



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने राजधानी रांची सहित प्रदेश के विविध क्षेत्रों में डेंगू-चिकनगुनिया के बढ़ते प्रकोप पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से अपील की है कि फैलती बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए वे अपने स्तर से पहल कर प्रभावित लोगों को इससे राहत दिलायें। उन्होंने विशेष रूप से रांची के उपायुक्त, सिविल सर्जन और रांची के नगर निगम प्रशासक से कहा है कि जिस प्रकार से डेंगू, चिकनगुनिया जैसी बीमारियाँ पूरे राजधानी फैल रही हैं और सभी लोगों को अपनी चपेट में ले रही है उसे देखते हुए यह बहुत आवश्यक है कि इसे नियंत्रित करने के लिए जल्द से जल्द प्रभावी कदम उठायें।

बंधु तिर्की ने कहा है कि पिछले एक सप्ताह में न केवल रिम्स, रांची सदर अस्पताल बल्कि निजी अस्पतालों में डेंगू-चिकनगुनिया से पीड़ित मरीजों की संख्या में बहुत अधिक उछाल आया है। इसके अलावा अनेक लोग अपने घर पर रहकर ही अपनी चिकित्सा करवा रहे हैं। इस बीच अस्पतालों के ब्लड बैंक में रक्त और प्लेटलेट्स का स्टॉक घटने का भी समाचार प्रकाशित हुआ जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा है कि मामले में सभी संबंधित अधिकारियों और लोगों को अविलम्ब प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है, जिससे डेंगू-चिकनगुनिया को नियंत्रित किया जा सके। इसके अलावा आम लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए भी कदम उठाना जरूरी है ताकि आम लोगों को डेंगू-चिकनगुनिया का खामियाजा न भुगतना पड़े।

## रांची-जमशेदपुर-महुलिया सेक्शन में मेंटेनेंस कार्य की होगी निगरानी

### सुपरविजन के लिए बहाल किये जायेंगे कंसलटेंट



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची से जमशेदपुर-महलिया सेक्शन का सुपरविजन कराया जायेगा। फोर लेन बने इस रोड में मेंटेनेंस कार्यों की निगरानी के लिए कंसलटेंट की तलाश की जा रही है। रांची से चौका से जमशेदपुर-महुलिया तक चार अलग- अलग कंसलटेंट बहाल किया जायेगा। इनके जरिये इस महत्वपूर्ण सड़क की क्वालिटी की जांच के साथ-साथ लगातार मेंटेनेस हो इसका ध्यान रखा जायेगा।

बताते चलें कि हाल में ही केंद्रीय पथ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इस चार लेन सड़क की तारीफ की थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीर भी जारी की थी। दस साल से अधिक समय लेने के बाद 165 किमी लंबी यह सड़क बनी है। इसे एक्सप्रेस-वे की तर्ज पर विकसित किया गया है। इसमें रांची बाइपास विकास से रामपुर सेक्शन को छोड़कर सारे सेक्शन का काम पूरा हो चुका है। अब इसके मेंटेनेंस कार्य के सुपरविजन के लिए कंसलटेंट की तलाश हो गयी है। एनएचएआई जल्द इस पर कार्रवाई तेज करेगा, ताकि सड़क गढ्ढ़ा मुक्त हो आवागमन सुगम रहे।

## मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत रांची-धनबाद को मिला एक-एक करोड़ का अतिरिक्त आवंटन

**आवंटित राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित जिले के सिविल सर्जन होंगे**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना, मुख्यमंत्री निःशुल्क डायग्नोस्टिक एवं रेडियोलॉजी जांच योजना, मुख्यमंत्री निःशुल्क सर्वाइकल कैंसर एवं ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग योजना के लिए रांची और धनबाद को एक-एक करोड़ रुपये का अतरिक्त आवंटन किया गया है। आवंटित राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित जिले के सिविल सर्जन होंगे, जबकि राशि के नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे।

### अब तक धनबाद को 5 करोड़ और रांची को 2.5 करोड़ रुपये का आवंटन



बताते चलें कि मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना का लाभ राज्य और राज्य के बाहर इलाज के निबंधित अस्पतालों में होता है। जिला स्तरीय समिति के स्वीकृति के बाद संबंधित अस्पतालों को आवश्यक राशि उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान है। अब तक धनबाद जिले को 5 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। पूर्व में जिले को चार करोड़ रुपए आवंटित किया जा चुका है। वहीं वर्तमान में एक करोड़ का आवंटन किया गया है, जबकि रांची जिले को 2.50 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। पूर्व में जिले को 1.5 करोड़ रुपए आवंटित किया जा चुका है। वहीं वर्तमान में एक करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है।

### इन्हें मिलता है इस योजना का लाभ

मालूम हो कि मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना का लाभ वैसे व्यक्ति को मिलता है, जिनकी सकल वार्षिक आय लगातार 3 वर्ष तक आठ लाख रुपये से कम है। सभी प्रकार के कैंसर, किडनी प्रत्यारोपण, गंभीर लिवर रोग और एसिड अटैक के साथ कुल 21 रोगों से प्रभावितों को चिकित्सा सहायता अनुदान का प्रावधान है।

## खबर एक नजर में

### कांग्रेस भवन में जनसुनवाई आज

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी मुख्यालय कांग्रेस भवन रांची में दिन सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1: 00 बजे तक मंत्री आलमगीर आलम के द्वारा जनसुनवाई का कार्यक्रम किया जयेगा। झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमुल्य नीरज खलखो ने कहा कि इच्छुक लोग अपनी समस्या के समाधान के लिए समय पर पहुंचकर अपना निबंधन करा लें।

### न्यू गिरिडीह-रांची नयी ट्रेन को आज हरी झंडी दिखायेंगे चंद्रप्रकाश चौधरी व अन्नपूर्णा देवी

**रांची।** केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी और गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी सोमवार को पूर्वाह्न 10.30 बजे न्यू गिरिडीह स्टेशन से नयी ट्रेन (03309) को हरी झंडी दिखाकर कर रवाना करेंगे। यह ट्रेन रांची आयेगी। यह ट्रेन न्यू गिरिडीह–रांची के मध्य चलेगी, जो जमुआ, धनवार, महेशपुर हाल्ट, कोडरमा, हजारीबाग टाऊन, बरकाकाना, मेसरा एवं टाटीसिलवे में भी रूकेगी। यह ट्रेन यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर प्रारंभ किया जा रहा है। इसमें 13 कोच है।

### पोस्टल/आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन का डिवीजनल कांफ्रेंस 8 अक्टूबर को

**रांची।** पोस्टल/आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन का डिविजनल कांफ्रेंस और स्टेट कार्यकारिणी की बैठक 8 अक्टूबर को रांची जीपीओ में होगी। यह निर्णय एसोसिएशन की शनिवार को रांची जीपीओ में हुई बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता केडी राय व्यथित ने की। एसोसिएशन के डिविजनल कांफ्रेंस में जमशेदपुर, धनबाद, पलामू, दुमका, गुमला, हजारीबाग, गिरिडीह, सिमडेगा, देवघर, गोमो के प्रतिनिधि भाग लेंगे। मुख्य अतिथि चीफ पीएमजी राकेश कुमार, विशिष्ट अतिथि एडी सीजीएचएस डॉ सोनाली भट्टाचार्य, निदेशक डाक लेखा पीके रवि होंगे। कांफ्रेंस में पोस्टमैन के जनवरी 1996 से बढ़े हुए वेतन का बकाया भुगतान, समय पर पीपीओ का जारी नहीं किया जाना, रुल 9 के लंबित मामलों आदि पर विशेष रूप से चर्चा की जाएगी। बैठक को आरएन पांडेय, त्रिवेणी ठाकुर, अमर नाथ मिश्र, आरबी शर्मा, बीके चौधरी, सुशील कुमार, गौतम विश्वास आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर त्रिलोकी नाथ साहू, एसपी मंडल, आरबी बैठा, गणेश डे, मो रफी, रमेश सिंह, अखिलेश कुमार, बी बारा, हसीना तिग्गा, रमेश काशी, काशी राम, सुखदेव, राजेंद्र महतो, रामचंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

### ट्रांसजेंडर को ओबीसी वर्ग में शामिल करना असंवैधानिक, सरकार पुन: विचार करे : राजेंद्र



**रांची।** ट्रांसजेंडर को ओबीसी में शामिल करने को लेकर सरकार के निर्णय पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य सह मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने सवाल उठाया है। प्रसाद ने कहा कि ट्रांसजेंडर का मामला राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग में निलंबित है। आयोग के मंतव्य के बिना ओबीसी में शामिल करना असंवैधानिक व ओबीसी के अधिकारों से खिलवाड़ है। सरकार अपने निर्णय पर पुनः विचार करे। प्रसाद ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि सरकार ने कार्मिक विभाग से ट्रांसजेंडर को ओबीसी में शामिल करने को लेकर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को एक पत्र लिखकर मंतव्य मांगा था। कार्मिक विभाग के पत्र में भारत सरकार के द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा ट्रांसजेंडर के मामले में कुछ सुझाव के आधार पर भारत सरकार ने झारखंड सरकार को एक पत्र भेजा था। इसी के आलोक में कार्मिक विभाग ने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को पत्र लिखा था। इस पत्र के आधार पर इस मामले को आयोग के अध्यक्ष जस्टिस लोकनाथ प्रसाद ने मुझसे अध्ययन कर मंतव्य मांगा था। श्री प्रसाद ने कहा कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के मंतव्य लिये बिना ट्रांसजेंडर को ओबीसी में शामिल करना असंवैधानिक है। कहा कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग एक संवैधानिक और वैधानिक संस्था है। सरकार संवैधानिक संस्थाओं को अनदेखी कर निर्णय लेती है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

## राज्यभर में मिले डेंगू के 15 संदिग्ध मरीज दो सदर में भर्ती

**रांची।** राज्य भर में डेंगू के 15 संदिग्ध मरीज रविवार को मिले हैं। इनमें से 7 लोगों ने डेंगू जांच के लिए सैंपल दिया है। डेंगू के संदिग्धों में सबसे ज्यादा देवघर के 11 मरीज हैं। वहीं धनबाद के 1 और कोडरमा के 3 मरीज हैं। मिली जानकारी के अनुसार डेंगू से ग्रसित दो मरीजों को रविवार को इलाज के लिए सदर अस्पताल के स्पेशल डेंगू वार्ड में भर्ती कराया गया है। जांच में दोनों के डेंगू से ग्रसित होने की पुष्टि हुई है। इसके बाद उन्हें भर्ती करते हुए इलाज शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही वार्ड में मरीजों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। हालांकि, देर शाम एक डेंगू मरीज के ऑक्सीजन लेवल गिरने की वजह से उन्हें राजेंद्र आर्युविज्ञान संस्थान (रिम्स) रेफर कर दिया गया। इससे वार्ड में 18 रोगी रह गए हैं। इधर, लैब में जांच के लिए दो दर्जन संदिग्धों के सैम्पल रिकार्ड में लिए गये।

## राजभवन के सामने 20वें दिन जारी रहा टेट पास शिक्षकों का धरना-प्रदर्शन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजभवन के सामने टेट पास सहायक अध्यापक पिछले 20 दिनों से धरना पर बैठे हैं। सहायक अध्यापक समन्वय समिति के बैनर तले अनिश्चितकालीन आमरण अनशन सह धरना प्रदर्शन का 20वें दिन रामगढ़ जिले के टेट पास पारा शिक्षकों ने हिस्सा लिया। मौके पर प्रमोद कुमार तथा मोहन मंडल ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार जल्द वेतनमान देने की घोषणा नही करती है, तो आगे उग्र आंदोलन किया जायेगा। आज आंदोलन का 20वां दिन है, लेकिन सरकार के तरफ से कोई सुधि नहीं लिया गया है। अगर सरकार जल्द पहल नहीं करती है तो आगे 14000 हजार टेट पास सामूहिक आत्मदाह मुखमंत्री आवास के समक्ष करेंगे। सरकार हर जगह यह कहती फिरती है, कि पारा शिक्षकों की सभी समस्याओं का निदान कर लिया गया है। यह सिर्फ बकवास है। अगर समस्याओं का हल निकाल लिया जाता तो फिर आज टेट पास सहायक अध्यापक राज भवन के सामने धरना पर क्यों बैठते? क्या सरकार के पास इसका कोई जवाब है।

मोहन मंडल ने कहा कि झारखंड में केवल आश्वासन देकर सभी मंत्री, विधायक कन्नी काटने हैं। सता पक्ष के सभी विधायक, मंत्री यह कहते हैं कि टेट पास पारा शिक्षकों की मांगें जायज है तो फिर सरकार हमलोग को क्यों नहीं सहायक शिक्षक बना देती है। कार्यक्रम में सीमांत घोषाल, नफीस अख्तर, मुख्तार अंसारी, घनश्याम चंद, काली चरण, संजय यादव, विमलेश महतो, मनमोहन महतो, जित्तेंदर कुमार, चंदन ठाकुर, सिलोन भारती, आशा कुमारी सविता महतो,कंचन कुमारी आदि सैकड़ों सैकड़ों की संख्या में टेट पास सहायक अध्यापक मौजूद थे।

## प्रारंभिक शिक्षकों की सरप्लस सूची में व्यापक त्रुटि, अगर निदान नहीं हुआ तो आंदोलन : संघ



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश कार्यसमिति की बैठक रविवार को कचहरी स्थित शिक्षा परिसर बीआरसी भवन में हुई। इसमें कई मुद्दों पर चर्चा की गयी। संघ के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के निदान पर तत्काल विभाग निर्णय नहीं लेता है तो एक बड़े आंदोलन की घोषणा से इंकार नहीं किया जा सकता है क्योंकि शिक्षकों की वर्षों से प्रोन्नति पर कोर्ट के आदेश की अनदेखी कर विभाग प्रोन्नति से विमुख है। शिक्षकों का एमएसीपी लाभ, सरप्लस शिक्षकों के स्थानांतरण सूची में व्यापक त्रुटि सुधार, 7 हजार शिक्षक का अंतर जिला स्थानांतरण छठे वेतनमान में न्यूनतम वेतन निर्धारण विसंगति के निराकरण और प्रारंभिक शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्ति और अस्मिता को बचाए रखने को लेकर शिक्षक आंदोलन के लिए लाचार हैं। बैठक में अनूप केसरी राममूर्ति ठाकुर मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद दीपक दत्ता राकेश कुमार संतोष कुमार कृष्ण शर्मा अजय सिंह संजय साहू सचिनानंद सिंह सुधीर दुबे शैलेश कुमार तिवारी आलोक कुमार सुधीर कुमार दुबे सुरंजन कुमार एरियल संजय कांडुलना मानिक प्रसाद सिंह आदि थे।

### शिक्षक दिवस पर पासवा ने 5000 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित कर रचा इतिहास

# शिक्षित समाज के लिए शिक्षकों का सम्मान जरूरी : स्पीकर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) की ओर से रविवार को 11वां राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। रांची विवि के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित समारोह में झारखंड के विभिन्न हिस्सों से आए लगभग 5000 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया। पासवा द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो उपस्थित थे। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रूप में राज्य के वित्त एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव,रांची विवि के वीसी अजीत कुमार सिन्हा और डीएवी मैनेजिंग कमेटी के पूर्व निदेशक एलआर सैनी उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान होना चाहिये। समाज जो आगे बढ़ रहा है या बढ़ता है उसमें शिक्षकों का योगदान होता है। अच्छे शिक्षकों के शिक्षा की वजह से ही बेहतर और शिक्षित समाज का निर्माण होता है।




### शिक्षक आदर्श समाज के शिल्पकार : डॉ रामेश्वर

वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि आज कोई भी व्यक्ति समाज के जिस पद पर भी पहुंचा है निश्चित रूप से उसमें उन शिक्षकों का ही योगदान है, जिन्होंने उन्हें गढ़ा है। अपने विद्यार्थी जीवन के संस्मरण को सुनाते हुए उन्होंने कहा कि वह खुद अपने प्राइमरी कक्षा से उच्च कक्षा तक के पढ़ाई के शिक्षकों के योगदान को नहीं भूल सकते। उन्होंने शिक्षकों के कर्तव्यों को भी समझाते हुए कहा कि प्रत्येक शिक्षक की या जिम्मेवारी है कि वह अपने कर्तव्यों का निर्वहन इस तरह से करें कि समाज के लिए आदर्श नागरिक बन सके तभी देश प्रगति कर सकता है।

### बच्चों को मोबाइल से दूर और पुस्तकों से जोड़ने की आवश्यकता

पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा कि 2011 में पासवा की स्थापना हुई थी तभी से संगठन द्वारा शिक्षकों और विद्यार्थियों का प्रोत्साहन के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है। इसके माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों को पासवा सम्मानित करती है। उनका हौसला अफजाई करती है। उन्होंने निजी विद्यालयों को आरटीई की कठिन शर्तों से हो रही परेशानियां पर विचार व्यक्त करते हुए स्पष्ट तौर पर कहा कि निजी विद्यालय झारखंड में ग्रामीण शिक्षण व्यवस्था की रीढ़ हैं। रांची विवि के वीसी डॉ अजीत सिन्हा ने छात्रों में रीडिंग हैबिट पर बल देने पर बात की। उन्होंने कहा की बदलती परिस्थिति में बच्चों को किताब से जोड़ने की आवश्यकता है।

### मूल्य आधारित शिक्षा ही समाज के लिए आवश्यक

डीएवी मैनेजिंग कमेटी के निदेशक एलआर सैनी, फलक फातिमा,डॉ सुषमा केरकेप्ता, मोहम्मद रशीद अंसारी ने भी समारोह को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पासवा वोलेंटियर्स मनीष पाठक,प्रियम सिन्हा एवं नंदिनी चन्द्रा ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में चतरा से नीरज सहाय, हजारीबाग से बिपीन कुमार, प्रवीण प्रकाश, ज्ञानेश्वर दयाल, बोकारो विद्या गौतम, लोहरदगा मजीद आलम, बच्चन पाण्डेय, आदित्य गुप्ता, रघुवीर राम,धनबाद से मो. जिन्ना,संजय कुमार, राशिद अंसारी,अमीन अंसारी,मजीद अंसारी, फलक फातिमा, मेहूल दुबे, चारुबाला, अनिकेत कुमार , शुभम कुमार, अभाष कुमार, माणिक पाठक, मनीष पाठक, पीयूष कुमार, आशुतोष भारती, संजय तिर्की, प्रियम सिन्हा, विशाल कुमार, ऋषि कुमार, अजहर आलम, फिजा नसीम, नेहा सिंह, हीतेष कुमार, राकेश प्रजापति, काजल कुमारी, अनुष्का कुमारी, श्रुति कुमारी, आसमां परवीन,जेमसा के पदाधिकारी सैयद अंसारुल्लाह,महताब अंसारी, मो.उस्मान,मो अर्श की भूमिका सराहनीय रही।

सुप्रभात
रांची, सोमवार
11.09.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, द्वादशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 62

12 सभी वैश्विक संस्था का रिफॉर्म जरूरी : मोदी

## जी-20 समिट : विकासशील देशों का एजेंडा केंद्र में लाने में सफल रहा भारत

# मोदी ने ब्राजील को सौंपी कमान

- नवंबर 2024 में रियो डी जनेरियो में होगा अगला जी-20 शिखर सम्मेलन
- ब्राजील के राष्ट्रपति सिल्वा ने सभी से सहयोग की अपील की

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** जी-20 समूह में अभूतपूर्व एकजुटता का भाव उत्पन्न करने और विकासशील तथा पिछड़े देशों की चिंताओं को इसके एजेंडा के केंद्र में लाने में भारत सफल रहा। भारत की अध्यक्षीय भूमिका की विश्व नेताओं ने खुलकर सराहना की। इस सशक्त वैश्विक मंच का 18वां शिखर सम्मेलन रविवार को संपन्न हो गया। पीएम मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा को जी-20 समूह की अध्यक्षता हस्तांतरित करते हुए पारंपरिक गैवल (एक प्रकार का हथौड़ा) सौंपा। इस मौके पर लूला डी सिल्वा ने उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के हितों से जुड़े मुद्दों को आवाज देने के लिए भारत की सराहना की। ब्राजील अगले एक वर्ष जी-20 की अध्यक्षता करेगा। अगला जी-20 शिखर सम्मेलन नवंबर 2024 में रियो डी जनेरियो में होगा।

**अगला शिखर सम्मेलन नवंबर में रियो डी जनेरियो में :** अगला जी-20 शिखर सम्मेलन नवंबर 2024 में रियो डी जनेरियो में होगा। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा ने जी-20 शिखर समूह 2024 की अध्यक्षता संभाली और यह घोषणा की। उन्होंने समूह की अपने देश की अध्यक्षता में तीन प्राथमिकताएं तय कीं। इनमें सामाजिक समावेशन और भूख के खिलाफ लड़ाई, ऊर्जा परिवर्तन और सतत विकास और वैश्विक शासन संस्थानों में सुधार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक मुद्दों को जी-20 में चर्चा पर हावी नहीं होने देना चाहिए। मोदी द्वारा उन्हें जी-20 की अध्यक्षता सौंपे जाने के तुरंत बाद उन्होंने कहा, हमें संघर्ष के बजाय शांति और सहयोग की जरूरत है। लूला दा सिल्वा ने उनका देश जी-20 की मशाल को आगे ले जाने पर ध्यान देगा। (शेष पेज 11 पर)



**बापू को नमन... दूसरे दिन का सत्र शुरू होने से पहले विश्व के नेताओं ने राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित किये।**

### रूस और तुर्की ने शिखर सम्मेलन को बताया शानदार

नयी दिल्ली। रूस तथा तुर्की ने जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन को शानदार बताते हुए रविवार को इसके सफल आयोजन के लिए भारत की प्रशंसा की। दोनों देशों ने कहा कि दिल्ली सम्मेलन से सदस्य देशों को विभिन्न एजेंडों पर स्पष्टता के साथ काम करने का विचार मिला है।

### नवंबर में वर्चुअल सत्र : मोदी

समापन सत्र में मोदी ने ब्राजील को इस समूह की अध्यक्षता सौंपते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। मोदी ने कहा जैसा कि आप सभी जानते हैं कि भारत के पास नवंबर 2023 तक जी-20 अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी है। इन दो दिनों में आप सभी ने बहुत सारे सुझाव दिए और प्रस्ताव रखे। यह हमारा कर्तव्य है कि हमें जो सुझाव मिले हैं उनकी एक बार फिर से समीक्षा की जाये ताकि यह देखा जा सके कि उनकी प्रगति को कैसे गति दी जा सकती है। मेरा प्रस्ताव है कि नवंबर के अंत में हम जी-20 का एक वर्चुअल सत्र आयोजित करें। उन्होंने आगे कहा, हम इस शिखर सम्मेलन में तय विषयों की समीक्षा उस वर्चुअल सत्र में कर सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि आप सभी वर्चुअल सत्र में जुड़ेंगे। इसके साथ ही मैं जी-20 शिखर सम्मेलन के समापन की घोषणा करता हूं।

---

## न्यूज डायरी

### 14 दिन की रिमांड पर गये चंद्रबाबू नायडू

**अमरावती।** कौशल विकास निगम घोटाले में आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी पर छह घंटे से अधिक समय तक दलीलें सुनने के बाद विजयवाड़ा में एसीबी अदालत ने उन्हें 23 सितंबर तक 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### अपार्टमेंट की छत से कूद महिला ने की आत्महत्या

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र के हरिहर सिंह रोड स्थित स्काई डेल अपार्टमेंट के 10वें तल्ले से रविवार को एक महिला कूदकर आत्महत्या कर ली। महिला की पहचान चंद्रेश्वर प्रसाद की पत्नी मधुबाला (49) के रूप में हुई है।

### शराब तस्करी के तीन आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ट्रेन से बिहार शराब तस्करी करने के तीन आरोपितों को हटिया और रांची स्टेशन से गिरफ्तार किया है। इनमें आकाश कुमार, पंकज चौधरी और पवन कुमार शामिल हैं। इनके कब्जे से 29 बोतल व्हिस्की बरामद हुआ है।

### धुर्वा के कई क्षेत्रों में 11 सितंबर को धारा 144

**रांची।** झारखंड राज्य तेजस्विनी कर्मचारी संघ के आंदोलन को देख 11 सितंबर को धुर्वा के कई इलाकों में सुबह आठ बजे से निषेधाज्ञा लगेगी। झारखंड राज्य तेजस्विनी कर्मचारी संघ ने 11 को प्रभात तारा मैदान से जुलूस निकालते हुए प्रोजेक्ट भवन का घेराव करने एवं बेमियादी धरना-प्रदर्शन करने का फैसला लिया है।

### टाटानगर से आरा के लिए मिली एक और ट्रेन

**जमशेदपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे ने टाटानगर से आरा जाने वाले यात्रियों को एक नई सौगात दी है। रेलवे ने अधिसूचना जारी कर बताया है कि टाटा-दानापुर एक्सप्रेस अब टाटानगर से बिहार के आरा तक जायेगी। रेलवे के इस निर्णय से आरा जाने वाले यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी।

### सीढ़ी गिरी, सीआइएसएफ ने 21 को किया रेस्क्यू

**बोकारो।** सेक्टर 12ई स्थित आवासीय ब्लॉक की सीढ़ी अहले सुबह लगभग साढ़े चार बजे भर-भरा कर गिर गयी। इस ब्लॉक में रहने वाले लोग दहशत के बीच सुबह होने का इंतजार करते रहे। बोकारो स्टील प्रबंधन को सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और सीआईएसएफ की टीम मौके पर पहुंची। अंदर फंसे 21 लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला।

### परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद को नमन

**रांची।** परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद के 58वें शहादत दिवस के अवसर पर रांची स्थित कांटाटोली चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मंत्री चंपई सोरेन, सांसद विजय हांसदा, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, वरिष्ठ नेता विनोद पांडेय समेत अन्य नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### झारखंड में चैंपियंस ट्रॉफी का शेड्यूल जारी

**रांची।** देश में पहली बार हो रहे वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी का जिम्मा झारखंड को मिला है। एशिया हॉकी महासंघ ने इसका शेड्यूल जारी किया है। पहला मैच 27 अक्टूबर को जापान और मलेशिया के बीच होगा। भारत का पहला मुकाबला 27 अक्टूबर को ही रात 8.30 बजे से थाइलैंड के साथ होगा। प्रतियोगिता में झारखंड की चार खिलाड़ी निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, ब्यूटी डुंगडुंग व संगीता कुमारी शामिल हैं।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

---

राबड़ी संग लालू पहुंचे बाबाधाम, आज करेंगे पूजा-अर्चना, कहा

## नफरत फैलानेवाली भाजपा को अब पूरे देश से भगाना है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**देवघर, रांची।** बिहार के पूर्व सीएम व राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव एवं उनकी पत्नी व बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी रविवार को बाबा नगरी देवघर पहुंचे। इस दौरान पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने देवघर एयरपोर्ट पर उनका ढोल-नगाड़े व गाजे-बाजे के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। झारखंड के राजद नेताओं से मुलाकात के दौरान लालू प्रसाद यादव ने राज्य में संगठन को मजबूत बनाने का निर्देश दिया। भाजपा और केंद्र पर लालू ने जम कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा देश में नफरत फैला रही है।



यह देश सभी का है और सभी के लिए बना है। भाजपा भागाओ, देश बचाओ। इस देश में नफरत फैलाने वालों को देश से भगाना है। दो दिवसीय दौरे पर झारखंड के देवघर आये लालू प्रसाद यादव सोमवार को बाबा मंदिर में बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद बिहार लौट जायेंगे। (शेष पेज 11 पर)

## बोर्ड परीक्षा पैटर्न में होंगे बदलाव, नये सैंपल पेपर से मिलेगी जानकारी

**नयी दिल्ली।** सीबीएसइ अगले सत्र से बोर्ड परीक्षा पैटर्न में बदलाव करने जा रहा है। इसके लिए नया सैंपल पेपर रिलीज कर दिया गया है। बदलाव यह है कि अब 50 प्रतिशत सवाल कंपीटेंसी बेस्ड होंगे। सीबीएसई ने यह बदलाव अगले वर्ष 2024 में होने वाली बोर्ड परीक्षाओं में करने का फैसला किया है। एक्सपर्ट के मुताबिक, जो छात्र अगले वर्ष बोर्ड परीक्षा में शामिल होने जा रहे हैं, वे इन सैंपल पेपर्स की मदद से बदलावों को जान सकते हैं। सीबीएसइ के सैंपल पेपर छात्रों को अभी से जानकारी देंगे कि आने वाली परीक्षा में किस प्रकार के सवाल पूछे जायेंगे। प्रश्नों के अलावा छात्रों को यह भी पता लग सकेगा की परीक्षा में किस प्रकार की मार्किंग रहेगी। सीबीएसइ ने अपने सैंपल पेपर आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किये हैं। इसका पीडीएफ डाउनलोड कर सकते हैं। वर्ष 2024 से लागू होने वाले सीबीएसई परीक्षा में एनालिटिकल, कॉन्सेप्ट बेस्ड सवाल ज्यादा आयेंगे।

---

सरकार गिराने की साजिश में जुटे हैं कुछ लोग : चंपई सोरेन

## झामुमो न तो डरेगा और न ही भागेगा, लड़ेगा

- स्व दुर्गा सोरेन की प्रतिमा का अनावरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आदिवासी कल्याण मंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि झारखंड में जो काम पिछले 18-20 सालों में विपक्ष वाले नहीं कर पाये, वे काम हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कर रहे हैं। पर हमारी सरकार का कामकाज भाजपा वालों को हजम नहीं हो रहा है। हर समय चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने और गिराने में लगी है।

हम और हमारे कार्यकर्ता दिशोम गुरु शिबू सोरेन और दुर्गा सोरेन के मार्ग पर चलने वाले लोग हैं। हम न डरेंगे और ना ही भागेंगे। जरूरत पड़ी तो फिर से तीर-धनुष निकाल कर चल पड़ेंगे। श्री सोरेन रविवार को दिशोम गुरु शिबू सोरेन के बड़े पुत्र स्व. दुर्गा सोरेन की आदमकद प्रतिमा का अनावरण समारोह में बोल रहे थे।



रविवार को लोवाडीह में स्व दुर्गा सोरेन की 55वीं जयंती समारोह का आयोजन दुर्गा सोरेन स्मारक समिति के बैनर तले किया गया था। सीएम हेमंत सोरेन की अनुपस्थिति में आदिवासी कल्याण मंत्री समारोह के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन में दुर्गा सोरेन की अहम भूमिका थी। (शेष पेज 11 पर)

### सीएम हेमंत ने किया नमन

सीएम हेमन्त सोरेन ने झारखंड आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले दिवंगत दुर्गा सोरेन की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि माटी पुत्र, कुशल नेतृत्वकर्ता और युवाओं के प्रेरणा स्रोत दिवंगत दुर्गा सोरेन जी को शत-शत नमन।

---



**मुख्यमंत्री ने साझा की जी-20 समिट की तस्वीरें :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी-20 समिट के दौरान राष्ट्रपति के आमंत्रण पर शनिवार रात्रि भोज में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने जी-20 के मेहमानों से भी मुलाकात की। उन्होंने रविवार को ट्वीट कर कुछ तस्वीरें साझा की और लिखा, जी-20 समिट के दौरान।

## अब आज फिर से होगा भारत-पाक मुकाबला

**कोलंबो।** एशिया कप क्रिकेट में भारत-पाकिस्तान के बीच रविवार मैच का खेल बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। अब सोमवार को भारतीय टीम 24.1 ओवर के आगे से खेलना शुरू करेगी। मैच के ओवर कट-ऑफ नहीं होंगे। ऐसे में सोमवार को पूरे 50-50 ओवर का मैच खेला जायेगा। भारत ने 24.1 ओवर के बाद 2 विकेट के नुकसान पर 147 रन बना लिये हैं। केएल राहुल (17) और विराट कोहली (8) रन बनाकर नॉटआउट हैं। पाकिस्तान ने टास जीत कर भारत को पहले बल लेबाजी दी। कप्तान रोहित शर्मा ने पहले तो धीमी खेली पर बाद में शादाब खान की भयंकर ठुकाई शुरू कर दी।

## बोकारो: खांजो नदी में डूबे तीन भाई, दो के शव निकाले गये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** जरीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत जैना बस्ती से सटे खांजो नदी में नहाने के दौरान तीन युवक डूबगये। जिनमें से दो की मौत हो गयी जबकि एक की तलाश जारी है। शनिवार रात से ही उन्हें तलाश किया जा रहा है, रविवार तक डूबे तीसरे युवक का कोई पता नहीं चल सका है। तीनों रिश्ते में भाई हैं। जैना मोड़ के शिक्षक कॉलोनी निवासी मनोज राय के पुत्र आकाश रॉय (26), मनीष रॉय (23) व उनका फुफेरा भाई नीलेश रॉय (30) कार लेकर घूमने के लिए घर से निकले थे। काफी देर बाद आकाश की मां ने उन्हें फोन किया तब सभी ने कहा कि वे खांजो नदी में नहा रहे हैं। थोड़ी देर में घर आ जायेंगे। देर रात जब वे तीनों घर नहीं लौटे तब परिजन उन्हें खोजते हुए खांजो नदी पहुंचे, जहां कार खड़ी मिली। कार में तीनों का कपड़ा और मोबाइल पड़ा हुआ था। (शेष पेज 11 पर)

### पेरवाघाघ डैम में डूबा रांची का युवक

खूंटी जिले के पेरवाघाघ जलप्रपात में एक युवक की डूबने से मौत हो गयी। उसकी पहचान सौरभ सिंह के रूप में हुई है। वह रांची नामकुम के ऑर्बिट टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड का कर्मी था। तेज बहाव की वजह से उसका शव नहीं निकाला जा सका है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सौरभ जैसे ही पानी में उतरा, वैसे ही पानी के तेज बहाव की चपेट में आ गया। उसके साथ करीब 36 लोग थे, लेकिन कोई उसे बचा नहीं पाया। उसके डूबते ही चीख पुकार मच गयी। तपकरा पुलिस भी वहां पहुंची। गोताखोरों की मदद से खोज शुरू की। एनडीआरएफ की टीम लगी हुई है। तपकरा थाना प्रभारी रंजीत किशोर ने बताया कि सौरभ की बॉडी शीघ्र निकाल ली जायेगी।

---

## ब्रिटिश पीएम ने भारत की धरती से विश्व को दिया सनातन संदेश

### सुनक ने पत्नी संग अक्षरधाम मंदिर में नंगे पाव किये स्वामी नारायण के दर्शन

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** ऐसे समय में जब भारत में 'सनातन धर्म' को लेकर राजनीतिक दलों में बयानबाजी तेज है, ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक ने भारत की धरती से विश्वभर को जो सनातन का संदेश दिया है उसकी काफी तारीफ हो रही है। ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ने रविवार को यहां अक्षरधाम मंदिर में पूजा-अर्चना की।

महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए जी20 नेताओं के राजघाट जाने से पहले सुनक और उनकी पत्नी सुबह-सुबह अक्षरधाम मंदिर पहुंचे। करीब 45 मिनट तक वहां रहे, पूजा-अर्चना की और अक्षरधाम मंदिर के वरिष्ठ अधिकारियों और स्वामियों ने सुनक दंपति का स्वागत किया। आध्यात्मिक नेता महंत स्वामी महाराज की तरफ से एक विशेष संदेश भी जारी किया। (शेष पेज 11 पर)



**अक्षरधाम मंदिर में पत्नी संग मत्था टेकते ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक।**

**नंगे पांव चले :** भगवान विष्णु के अवतार माने जाने वाले स्वामीनारायण को समर्पित अक्षरधाम मंदिर के स्वागत क्षेत्र से मुख्य मंदिर परिसर तक दोनों करीब करीब 150 मीटर नंगे पैर चले। बारिश के बावजूद वह मंदिर में दर्शन करने पहुंचे थे। मंदिर में पूजा के बाद दोनो पति-पत्नी ने आरती की, मूर्तियों के सामने फूल चढाये। सुनक ने सबसे पहले स्वामीनारायण जी की स्वर्ण मूर्ति की पूजा की। एक दिन पहले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा था कि उन्हें हिंदू होने पर गर्व है। सुनक ने एक साक्षात्कार में कहा था, 'मुझे अपनी भारतीय जड़ों और भारत से अपने संबंधों पर बहुत गर्व है। जैसा कि आप जानते हैं, मेरी पत्नी भारतीय हैं और एक गौरवान्वित हिंदू होने का मतलब है कि भारत और भारत के लोगों के लिए मेरे साथ हमेशा जुड़ाव रहेगा।

वास्तुकला और इतिहास के बारे में जाना। इस दौरान सुनक ने पैंट और कमीज तथा उनकी पत्नी ने कुर्ता और प्लाजो पहना हुआ था।

## 14 साल बाद भी वनवास ही काट रहे सहायक प्राध्यापक

- **नहीं मिली प्रोन्नति :** बहाली से आज तक उसी पद पर बने हैं छात्रों के भाग्य विधाता

**सुधीर**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की ओर से चयनित सहायक प्राध्यापकों को एसोसिएट प्रोफेसर में प्रमोशन नहीं मिला है। इनकी नियुक्ति साल 2008 में हुई थी। 14 साल बीत जाने के बाद भी इन्हें प्रमोशन नहीं मिला है। इससे उनमें मायूसी है।

उनका कहना है कि 14 साल में तो भगवान राम का भी वनवास खत्म हो गया था, लेकिन झारखंड के सहायक प्राध्यापकों का वनवास खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। 2008 में जेपीएससी ने 745 पदों के लिए रिक्तियां निकाली थी, हालांकि ये नियुक्तियां विवादों में रही है। जेपीएससी के 5 अफसरों समेत 69 पर सीबीआई ने जांच भी किया था।

**क्या कहता है यूजीसी रेगुलेशन 2010 :** यूजीसी रेगुलेशन 2010 के अनुसार जिन सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति पीएचडी के साथ हुई है। (शेष पेज 11 पर)

## स्पीड न्यूज

### सत्यनारायण दूसरी बार बनें पूजा समिति के अध्यक्ष



**मोहम्मदगंज पलामू।** स्तरोन्नत उच्च विद्यालय मोहम्मदगंज के परिसर में दुर्गा पूजा महोत्सव के लिए ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में सत्यनारायण सिंह को सर्वसम्मति से पुनः अध्यक्ष चुना गया । जबकि नीरज कुमारअग्रवाल उर्फ दीपू लाल को उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं रामजन्म राम और डा. पचु रजवार महामंत्री बनाए गए हैं। इनके अलावा हिमांशु सिंह उर्फ अन्नु सिंह सचिव, कमलेश कुमार, पंकज कुमार कोषाध्यक्ष, विवेक विशाल बंटी, रौशन कुमार व्यवस्थापक,धीरज कुमार बबलू को संगठन मंत्री,राकेश कुमार सिंह और रविशंकर सिंह को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इनके साथ ही गीता कुमारी को महिला संगठक चुना गया है। बैठक में रविरंजन सिंह उपमुखिया के अलावा रानू सिंह,गणेश मेहता, अशोक लाल अग्रवाल, मंटू दास, दूधनाथ राम, विनय कुमार मेहता, शशि मेहता, राजिव कुमार मेहता, राजू कुमार,चंद्रधन पासवान और सन्नी ,अमन,रामवर्त यादव सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### स्व. दुर्गा सोरेन झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता थे : राजेंद्र सिन्हा



**मेदिनीनगर।** झामुमो पलामू के स्थानीय जिला कार्यालय में स्व. दुर्गा सोरेन जी की जयंती, जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा जी के नेतृत्व में मनाई गई। स्व. दुर्गा सोरेन जी झारखंड के अग्रणी आंदोलनकरी नेता थे और झामुमो के कई बड़े पदों पर रहे थे। आज भी झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता, कार्यकर्ता उन्हें अपना आदर्श मानते हैं। श्रद्धांजली अर्पित करते हुए अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा स्व. दुर्गा सोरेन जी का झारखंड को अलग कराने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है, उनकी सोच आज भी झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं का मार्गदर्शन करती है। स्व. दुर्गा सोरेन कम उम्र में ही झारखंड आंदोलन की लड़ाई में कूद गए थे। झामुमो पार्टी के लिए उन्होंने बहुत योगदान दिया है, आज पार्टी और झारखंड को उनकी कमी महसूस होती है।

### उपभोक्ताओं के घर के बाहर लगाया जायेगा बिजली मीटर : कनीय अभियंता



**मोहम्मदगंज पलामू।** विद्युत अवर प्रमंडल जपला के सभी गांवो और शहरो के बिजली उपभोक्ता जिनका मीटर घर के अंदर है, उसे घर के बाहर मीटर लगाया जाएगा। इस आशय की जानकारी विद्युत कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। श्री सिंह ने बताया कि उपभोक्ताओं के घर के बाहर मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए बिजली कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि घर के बाहर मीटर लग जाने से मापन और पठन में बिजली कर्मियों की सुविधा होगी।

### झारखंड को अकाल क्षेत्र घोषित करे सरकार : कामेश्वर महतो



**मेदिनीनगर।** जनता दल यूनाईटेड की बैठक जिलाध्यक्ष मनोज दूबे की अध्यक्षता में की गई। बैठक में पार्टी विस्तार , राज्य की वर्तमान दशा स्थिति , जनहित से जुड़ी समस्याओं समेत अन्य विषय वस्तुओं पर चर्चा किया गया। बैठक में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू प्रभारी कामेश्वर महतो ने कहा कि झारखंड राज्य की स्थिति बद से बदत्तर हो गई है। यहां पर महिलाओं का इज्जत आबरू बचना मुश्किल हो गया है। अपराधी एवं उग्रवादी बेलगाम हो गये हैं। राज्य में विकास नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। जिस कारण राज्य की जनता त्राहिमाम कर रही है। पलामू समेत पूरे झारखंड में कम वर्षा होने के कारण कमोवेश पूरे झारखंड के किसानों की स्थिति दयनीय हो गई है। सरकार अविलंब पूरे झारखंड को अकाल क्षेत्र घोषित कर राहत कार्य चलाये। उन्होंने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि जदयू के सुप्रीमों सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पूरे देश के तमाम राजनीतिक दल एक मंच पर आकर देश की दशा व दिशा बदलने के लिए लगे हुए हैं। ऐसे में झारखंड की दशा बदलना बहुत ही जरूरी है। इसलिए जदयू पूरे झारखंड में मजबूती के साथ उभर रहा है। पूर्व मंत्री सुधा चौधरी ने कहा कि झारखंड सरकार महिलाओं को 33 प्रतिशत एवं पिछड़ी जाति के लोगों को 27 प्रतिशत आरक्षण दे और रसोई गैस की कीमतों में 500 रूपये प्रति सिलेंडर कम करे। तभी जाकर गरीबों की स्थिति सुधर सकती है। उन्होंने कहा कि झारखंड में अकाल की भयावह स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस पर राज्य सरकार को अविलंब राहत कार्य चलाना चाहिए।

### राष्ट्रीय नाई महासभा के अध्यक्ष व सचिव का चुनाव 19 को

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय नाई महासभा के गढ़वा जिला में अध्यक्ष व सचिव के चयन हेतु चुनाव 19 सितंबर को होगा। इसकी जानकारी महासभा के पलामू जिलाध्यक्ष बच्चन ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि नाई महासभा गढ़वा के जिला इकाई का गठन लोकतांत्रिक तरीके से होना है। इस कार्य के लिए तिथि निर्धारित की गई है। संगठन के समर्पित साथी तिथिवार कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करें। अध्यक्ष व सचिव के चुनाव के लिए नामांकन फार्म भरने की तिथि 10 सितंबर से 13 सितंबर तक है। स्कूटनी की तिथि 14 सितंबर व नामांकन वापसी की तिथि 15 सितंबर है। फार्म जमाकर्ता पदाधिकारी मनोज ठाकुर, सुभाष ठाकुर रंका मोड़ गढ़वा को बनाया गया है। चुनाव की तिथि 19 सितंबर निर्धारित किया गया है। अध्यक्ष व सचिव पद के चुनाव लड़ने के लिए 500 रूपये निर्धारित किया गया है। मौके पर रमेश ठाकुर, राजेश्वर ठाकुर, राजीव ठाकुर, पर्यवेक्षक प्रो बच्चन ठाकुर मौजूद थे।

### झारखंड में शिक्षा व्यवस्था चौपट हो चुकी है : नीलाशीष बोस

मेदिनीनगर। आईसा झारखंड राज्य परिषद की बैठक होटल अलेक्स इन में किया गया। दो दिवसी य बैठक में राज्य की वर्तमान शिक्षा स्थिति, शिक्षकों की कमी, छात्रों के दशा व दिशा समेत राज्य के वर्तमान परिदृश्य पर विचार विमर्श किया गया। आइसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीलाशीष बोस ने संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में शिक्षा का व्यापारीकरण किया जा रहा है। जिस कारण आम गरीब , मेहनतकश मजदूर के बच्चे उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा से दूर होते जा रहे हैं। इस पर भारत सरकार को विचार करने की जरूरत है। भारत एक गरीब देश के श्रेणी में आता है। जहां पर लोगों को शिक्षा ग्रहण करने में कई प्रकार के आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में शिक्षा का व्यापारीकरण नहीं किया जाना चाहिए। देश के सभी सरकारी विद्यालय एवं महाविद्यालयों में तकनीकीयुक्त शिक्षा बहाल करना चाहिए। ताकि गांव घर के बच्चे अपने नजदीक के विद्यालयों व महाविद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर अपना जीवन यापन में लग सकें। राज्य सचिव त्रिलोकीनाथ ने कहा कि झारखंड में प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। झारखंड के 95 प्रतिशत विद्यालयों में प्रधानाध्यापक व शिक्षकों की कमी है जिस कारण बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा नहीं दी जा रही है। महाविद्यालयों में कक्षाएं नियमित रूप से संचालित नहीं किया जा रहा है।

### मेरी माटी मेरा देश के तहत चैनपुर मंडल के ग्राम कंकारी में कार्यक्रम आयोजित

# मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा देश : सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता



चैनपुर पलामू। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे मेरी माटी मेरा देश के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत चैनपुर मंडल कंकारी ग्राम में रविवार को कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विष्णु दयाल राम उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चैनपुर मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडेय एवं संचालन महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय ने किया। कार्यक्रम के बाद घर-घर जाकर कलश में चुटकी भर मिट्टी एवं चावल एकत्रित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री के आवाह्न पर चल रही मेरी माटी मेरा देश के नियमित हम ग्रामीण स्तर पर जा कर गांव गांव के प्रत्येक घर से चुटकी भर मिट्टी कलश में एकत्रित कर रहे है। यह यात्रा गांव से शुरू हो कर दिल्ली तक जाएगी। यह पावन यात्रा एक भारत श्रेष्ठ भारत के भाव से 140 करोड़ देशवासियों को जोड़ने का कार्य करेगा। देश के गांव गांव से 7500 कलश में यह माटी लेकर या अमृत कलश यात्रा देश की राजधानी दिल्ली पहुंचेगी ।यह यात्रा अपने साथ देश के अलग-अलग हिस्सों से पौधे लेकर भी आएगी । उन्होंने कहा कि कलश में आई माटी और पौधों के साथ राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के समीप अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के साथ आगे बढ़ रही है। हमारी सरकार में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। सांसद ने कहा कि आज गांव की समस्या का गांव में ही समाधान हो रहा है। लोगों को आवास मिल रहा है तथा भाजपा सरकार में निरंतर सड़कों का जाल बिछ रहा है। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रफुल्ल सिंह, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष ज्योति पांडये , जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह ने भी सभा को संबोधित किया । इस अवसर पर सांसद एवं ग्रामीणों के द्वारा पौधारोपण भी किया गया।

## गांवों से मिट्टी लाकर शहीदो के सम्मान में भेंट किया जायेगा : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन पलामू।** मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत ग्राम सिक्की में विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद मनोज ने कलश में मिट्टी भरकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । मौके पर विधायक ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पुरा होने के उपलक्ष्य में एवं वीर शहीदों के सम्मान में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक पंचायत के गांवों से कलश में मिट्टी भरकर प्रखंड मुख्यालय में लाया जायेगा तथा प्रखंड मुख्यालय से जिला को भेज दिया जायेगा । जिला के द्वारा भारत सरकार को वीर शहीदों के सम्मान में भेंट किया जायेगा। कार्यक्रम में पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, पाटन विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, अशोक तिवारी, पिंकी विश्वकर्मा, पुनम देवी, निरंजन पासवान सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पलामू के महायज्ञ को भारत देखेगा : पांडेय

### सनातन की पहली बैठक संपन्न, भगवत कथा में युवा वर्ग को पहुंचने का आह्वान

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेदिनीनगर ।** हाउसिंग कॉलोनी के श्रीमद्भगवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इस महायज्ञ में प्रसिद्ध प्रवचनकर्ता धर्मरत्न देवकी नन्दन ठाकुर जी महाराज का आगमन होगा। इस महायज्ञ की सफलता के लिए रविवार को सनातनी धर्मावलंबियों की बैठक की गई। बैठक में महायज्ञ को सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने की और संचालन प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय लकी ने किया। बैठक का शुभारंभ धर्मनिष्ठ, सनातनी, धर्मरक्षक अर्जुन पाण्डेय (गुरु पाण्डेय) ने लडडू गोपाल की पुजा अर्चना करते हुए भागवत कथा की आरती के साथ किया। उन्होंने कहा कि पलामू के महायज्ञ को पूरा भारत देखेगा। महायज्ञ की भव्यता देखते बनेगी। बैठक में महायज्ञ को सफल बनाने के लिए संकल्प लेते हुए इसे ऐतिहासिक बनाने की बात कही। बैठक में कहा गया की पुरे आयोजन में विधि वयवस्था,साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। इस दौरान संतों की सेवा एवं महिलाओं की भागीदारी पर सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक में दीनानाथ तिवारी, दीपू सिंघानिया, डॉ अरुण शुक्ला, डॉ राजीव नयन, विजयानंद पाठक,दुर्गा जौहरी, मनोज सिंह,लवली गुप्ता,सोनू सिंह नामधारी,अविनाश देव,अविनाश वर्मा,रोहित तिवारी, मंगल सिंह, टिवंकल गुप्ता, सनातन धर्म सभा की केंद्रीय टीम, अजीत तिवारी, राजीव रंजन, विवेका त्रिपाठी, गोल्डी शुक्ला, विवेकानंद त्रिपाठी, प्रवीण मिश्रा, रोहित तिवारी, रजनीकांत मिश्रा, संतोष शुक्ला, आशुतोष पाण्डेय, दीपू सिंघानिया, विभाकर पाण्डेय,मनु प्रसाद तिवारी, कृष्ण कांत चौबे, शैलेश तिवारी, सुनील तिवारी,मीना गुप्ता, दिलीप त्रिपाठी, राजशेखर द्विवेदी, राजमणी त्रिपाठी ,बीएम पाण्डेय ,नवीन तिवारी, छोटन उपाध्याय, सोनू मिश्रा, अनील दूबे, रमेश शुक्ला,विकास दूबे, चंदन तिवारी, आशीष भारद्वाज, राकेश पाण्डेय, संजय मिश्रा, शैलेश तिवारी, ज्ञानेश तिवारी, मनीष तिवारी, विक्रांत त्रिपाठी, दिलीप तिवारी, मुन्ना दूबे, बिकू शुक्ला ,लल्लू पाण्डेय, बृजेश शुक्ला समेत सैकड़ों की संख्या में सनातन धर्मावलम्बी उपस्थित थे ।

## खबर एक नजर में

### हुसैनाबाद में ऐतिहासिक होगा भाजपा का संकल्प यात्रा : कर्नल संजय



**हुसैनाबाद (पलामू)।** भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढंगवार ओपी क्षेत्र अन्तर्गत बेलबीघा पंचायत में बैठक की। बैठक में आगामी 14 सितंबर को हुसैनाबाद के अनुमंडलीय मैदान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी की होने वाली संकल्प यात्रा को सफल बनाने हेतु लोगों को जागरूक किया। बैठक में भाजपा नेता कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि बाबुलाल मरांडी के संकल्प यात्रा को विधानसभा में प्रवेश करने पर एक एक कार्यकर्ता को पूरी ईमानदारी से जी जान से मेहनत कर सफल बनाये। यात्रा आने से लेकर जाने तक ऐतिहासिक व भव्य बनानें के साथ एक ऐसे वातावरण का निर्माण हो जिससे ये जन-जन की यात्रा बन जाये। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में हुसैनाबाद अनुमंडलीय कपूरी मैदान में पहुंचने का आह्वान किया।

### पवन कुमार साहू बने मनातू दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष



**मनातू पलामू।** आगामी दुर्गा पूजा भव्य तरीके से मनाने को लेकर मनातू प्रखंड मेन बाजार दुर्गा पूजा बीरेंद्र यादव के आवास में बैठक आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता रामप्यारे साहू एवं संचालन जन वितरण प्रणाली के दुकानदार संघ के अध्यक्ष शिवकेश्वर गिरी ने किया । बैठक में मनातू प्रखंड सहित विभिन्न गांव के सैकड़ों लोग उपस्थित थे। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा को भव्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया । मौके पर सर्व समिति से पवन साहू को सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा समिति मनातू का अध्यक्ष बनाया गया । कमेटी के उपस्थित लोगों ने दुर्गा पूजा समिति को सुचारू रूप से मंच संचालन करने के लिए सुख मंटू गिरी को चुना गया । कमेटी के सम्मानित पदाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा को आकर्षक और भव्य रूप से मनाया जाएगा ।

## पलामू के क्रांतिकारी पुस्तक का लोकापर्ण

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में पलामू के क्रांतिकारी पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन झारखंड के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी, सांसद बिष्णु दयाल राम, झारखंड के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, नगर निगम के प्रथम मेयर अरूणा शंकर, प्रो एससी मिश्रा, सूचना विभाग के आनंद कुमार एवं पलामू के शहीद क्रांतिकारी के वंशजों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर उपस्थित अतिथियों ने पुस्तक का लोकार्पण किया। पुस्तक के लेखक सह पत्रकार प्रभात मिश्रा सुमन ने सभी अतिथियों को सम्मानित करते हुए कहा कि मेरे मन में एक विचार आया कि पलामू के क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता सेनानियों से देश को अवगत कराया जाय। इन्हीं चिार से ओत प्रोत होते हुए पलामू के छिपे हुए क्रांतिवारी व स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी गाथा को संग्रहण करने का कार्य प्रारंभ किया। अंत में इन सभी क्रांतिकारियों की जीवन गाथा को एक पुस्तक में समाहित कर उसे जनता के बीच समर्पित करने के लिए पुस्तक का लोकार्पण कराया। इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को क्रांतिकारियों की जीवन गाथा से अवगत कराना बहुत ही बड़ा काम है। कारण कि वर्तमान पीढ़ी इतिहास के पन्नों से दूर भाग रहा है।

## जेजेए प्रखंड कमेटी का हुआ विस्तार



**पांडू पलामू।** पांडू प्रखंड के नन्दलाल साव इंटर कालेज में पलामू जिले के पांडू प्रखंड में झारखंड जर्नलिस्ट्स असोसिएसन पत्रकार संगठन का प्रखण्ड कमिटी का गठन किया गया । पांडू एवं ऊंटारी प्रखंड को मिलाकर एक कमेटी बनाई गई। जिला अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव, जिला महासचिव नितेश तिवारी एंव चुनाव प्रभारी दीपक तिवारी के नेतृत्व में गठन का काम संपन्न कराया गया । जहां सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता राजीव रंजन मुख्य रूप से उपस्थित थे। उक्त सम्मानित पदाधिकारी को पांडू, ऊंटारी रोड प्रखंड के जेजेए सदस्यों ने पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। झारखंड जर्नलिस्ट्स असोसिएसन पत्रकार संगठन पांडू, ऊंटरी के प्रखंड अध्यक्ष पद हेतू दो उम्मीदवार अनिल शर्मा तथा लवकुश कुमारसिंह दावेदारी किया जिसमे पांच वोटों से विजयी होकर अनिल शर्मा पांडू एंव ऊंटरी रोड प्रखंड का अध्यक्ष बने तो वहीं निर्विरोध उपाध्यक्ष अमित चौधरी, सचिव तीर्थराज दुबे एंव कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र विश्वकर्मा बने। मौके पर उपस्थित जिला अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि आंचलिक पत्रकार हमारे अंग हैं एक दूसरे से समन्वय बनाकर कार्य करने की जरूरत है। मौके पर मनोज सिंह, राजकुमार सिंह, मो.सफी, सकेंद्र कुमार, साथ - साथ अन्य कई शामिल थे।

### हुसैनाबाद में लेविस होम मार्ट का उदघाटन



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद शहर के छतरपुर रोड स्थित अहमद मार्केट में रविवार को शहर का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों के प्रतिष्ठान का उदघाटन समाजसेवी जेएमएम नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान व गुलशेर अहमद ने फीता काट कर किया। इस मौके पर लेविस होम मार्ट जपला के प्रोपराइटर इलियास अहमद ने कहा कि हुसैनाबाद में यह पहला प्रतिष्ठान है, जिसमे इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रॉनिक्स के आधुनिक सभी समान उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि घर में काम आने वाली सभी इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रॉनिक्स सामान सभी प्रकार के उपलब्ध हैं। मौके पर हाजी मो अब्बास अंसारी, ग्यासुद्दीन अहमद, ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, शम्मू हुसैन, राज अली समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### महाराणा बने कजरी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष



**पड़वा पलामू ।** पड़वा प्रखण्ड क्षेत्र के कजरी में दुर्गा पूजा मानने को ले नवयुवक संघ की बैठक कजरी मध्य विद्यालय परिसर हुई। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह ने किया। बैठक में दुर्गा पूजा धुमधाम से मनाने को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से महाराणा सिंह को अध्यक्ष, धर्मवीर सिंह उर्फ मंटू को उपाध्यक्ष चुना गया. राधामोहन को कोषाध्यक्ष, मुकेश सिंह व अभिषेक सिंह उप कोषाध्यक्ष, ब्रजेश सिंह को सचिव, संजय सिंह को संगठन मंत्री बनाया गया। विनय सिंह, रामनेह सिंह, अजीत सिंह, प्रकाश सिंह, विक्की, अरविंद सिंह, प्रदीप सिंह, सनोज, रीकेश, ओमप्रकाश, परशुराम सिंह, विवेक सिंह, मुकेश सिंह, जयंत सिंह, निखिल सिंह को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

# वादों को हर हाल में करेंगे पूरा : पुष्पा

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन पलामू।** क्षेत्रीय विधायक पुष्पा देवी एवं पुर्व सांसद मनोज कुमार ने पाटन के नवादा ग्राम के पास जीजोई नदी पर पुल का शिलान्यास किया। यह पुल चार करोड़ करीब साठ लाख रुपए की लागत से बनाया जायेगा । मौके पर पलामु जिला युवा भाजपा अध्यक्ष तथा पुल का संवेदक जयोति पाण्डेय ,अशोक तिवारी, सगुना पंचायत के मुखिया मंजु देवी, समाजसेवी सुरेन्द्र सिंह, पाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, पिंकी विश्वकर्मा, मुक्तेश्वर पाण्डेय, उमेश सिंह, आनन्द सिंह, रणजीत सिंह, विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, समाजसेवी मुकेश सिंह, कामता सिंह, गुडु सिंह, राकेश पाण्डेय, राजु सिंह, राजेश्वर सिंह, निरंजन पासवान समेत काफी संख्या में भाजपा नेता तथा आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने किया। मौके पर बिधायक पुष्पा देवी ने कहा कि पुल की मांग वर्षो से किया जा रहा था लेकिन पुर्व के विधायक के द्वारा अनसुनी कर दिया गया था लेकिन हमने चुनाव के दौरान जनता से जो वादा किया था कि चुनाव जीतने बाद पुल का निर्माण का शिलान्यास कर पूरा किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय जनता से किये एक एक वादे को हर हाल में पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि जो कहते हैं वह करके जनता को दिखाते हैं। विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि हेमंत सरकार लुट खसोट की सरकार हैञ यह सरकार भाजपा के विधायक के कामों को पूरा नहीं करना चाहती है। विधायक ने जनता से आह्वान किया कि आने वाले चुनाव में इस हेमंत सरकार को उखाड़ कर फेंकने का काम करना होगा नहीं तो इससे भी बुरा समय आयेगा ।

### हाई मास्ट लाइट लगाने को लेकर किया गया भूमि पूजन



**मनातू पलामू।** चतरा लोकसभा सांसद सुनील सिंह के सौजन्य से मिले हाई मास्ट लाइट को मनातू भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव के द्वारा प्रखंड के थाना स्थित चेक नाका चौक ई मास्ट लाइक लगाने हेतु सांसद प्रतिनिधि बीगू साहू एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भूमि पूजन किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि साहब ने कहा कि नाका चौक पर लाइट लग जाने से यहां के दुकानदारों को काफी सहूलियत होगी । कहा कि कई जगहों को चिन्हित कर चौक चौराहा पर मनातू प्रखंड के विभिन्न चट्टी स्थान पर हाई मार्क्स लाइट लगाया जाएगा ताकि रोड एवं दुकानदारों को लाइट दिया जा सके। मौके पर दर्जनों लोग मौजूद थे।

### नगर निगम ने सफाईकर्मियों के लिये लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

# आगे भी लगाया जायेगा हेल्थ कैंप : उप नगर आयुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर ।** निगम प्रशासन एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सदर मेदिनीनगर द्वारा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत संचालित अर्बन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में सफाई कर्मियों एवं फ्रंटलाइन वर्कर के लिए रविवार को स्वास्थ्य जांच का शिविर आयोजन किया गया। शिविर में समाचार लिखे जाने तक कुल 70 लोगों का रजिस्ट्रेशन पूर्ण हो गया था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सदर मेदिनीनगर से डॉक्टर अमित कुमार मिश्रा,डॉक्टर कविता कुमारी के साथ अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने शिविर में अपनी सेवा दी। शिविर में डॉक्टर द्वारा सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य जांच किया गया। बरसात के मौसम में सर्दी,खांसी, बुखार,मलेरिया,डेंगू आदि अनेक संक्रामक रोग से बचाव हेतु शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर उप नगर आयुक्त परितोष प्रियदर्शी ने कहा कि इस तरह का अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा उनका लक्ष्य मेदनीनगर निगम के सभी सफाई कर्मियों और कर्मचारियों का इस बारिश के मौसम में स्वास्थ्य स्क्रीनिंग कर लेना है ताकि ना सिर्फ समय रहते उनकी बीमारियों की पहचान हो सके बल्कि उनका एक हेल्थ डाटा भी निगम के पास सुरक्षित रखा जा सके। मौके पर सिटी मैनेजर उपेंद्र कुमार, डॉक्टर शैल प्रिया,लड्डू कुमार,मनोज कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# संकल्प यात्रा को सफल बनाने को लेकर जनसंपर्क

### युवाओं के बीच किया फुटबॉल का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



सतबरवा पलामू। आगामी 13 सितंबर को नीलांबर पितांबरपुर में आयोजित संकल्प यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा के नेतृत्व में पांकी विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत सतबरवा प्रखंड के धावाडीह, सेहारा, रेवारातू, घुटुवा, चांपी,बोहिता, लोहार पोखरी समेत कई गांवों का दौरा किया गया और लोगों को संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने को आग्रह किया गया। आशीष सिन्हा ने बताया कि भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का संकल्प यात्रा कार्यक्रम नीलांबर पितांबरपुर के मध्य विद्यालय के प्रांगण में पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता के नेतृत्व में आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में पांकी विधानसभा क्षेत्र के सभी बुथों से कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस दौरान उन्होंने बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के बीच आधा दर्जन के करीब फुटबॉल का भी वितरण किया। उन्होंने बताया कि अभी तक प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों के खिलाड़ियों के बीच 50 से अधिक फुटबॉल का वितरण किया गया है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी भी खेल के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर आगे बढ़ सके। मौके पर जिला परिषद पति अजय उरांव ,राजाराम सिंह, ललन सिंह, तुलेश्वर सिंह ,संजय उरांव, सत्य प्रकाश साहू समेत कई लोग शामिल थे।

स्पीड न्यूज

### नये एसएसपी पहुंचे सिटी कंट्रोल रूम, जायजा लिया



**जमशेदपुर।** वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा सिटी कंट्रोल रूम, साकची पहुंचकर जिले की सुरक्षा तथा यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया । साथ ही उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

### एक वर्ष 2 माह के कार्यकाल से संतुष्ट हूं : प्रभात कुमार

**जमशेदपुर।** वर्तमान सीनियर एसपी प्रभात कुमार ने पत्रकारों से कहा कि एक वर्ष दो माह का कार्यकाल उनके लिए काफी अच्छा रहा। मैं खुद और अपनी टीम के काम से संतुष्ट हूं। इस दौरान यहां पर सभी लोगों से सहयोग मिला। इसके लिए मैं सभी लोगों का आभारी हूं । उन्होंने कहा कि बहुत सारे काम हुए हैं जो काम बच गया है,उन्हें नए एसपी पूरा करेंगे मुझे जितना हो सका उतना शहर वासियो को सुविधा देने का काम किया।

### जिले में आज छह नये लोग पाये गये डेंगू पॉजिटिव

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूमजिले में 10 सितंबर के सैम्पल जांच में 06 लोग डेंगू पॉजिटिव पाए गए। अबतक कुल 4360 सैम्पल की जांच में 622 लोग डेंगू पॉजिटिव पाए गए हैं। वर्तमान में 297 लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा, 09 आईसीयू में, 288 नॉर्मल वार्ड में भर्ती हैं। आज 55 लोगों को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज किया गया।

### जुबिली पार्क गेट के सामने से अवैध दुकानों को हटाया गया

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति एवं टाटा स्टील यूआईएसएल की संयुक्त टीम ने रविवार को जुबली पार्क एक नंबर गेट के सामने अवैध रूप से लगी आधे दर्जन से अधिक फूटपाती दुकानों को वहां से हटा दिया। संयुक्त टीम रविवार की सुबह वहां पहुंची और जुबली पार्क चौक से ग्रेजुएट कॉलेज की ओर जाने इस सड़क पर लगी प्रति दुकानों को हटाना शुरू कर दिया। दुकानदारों का कहना था उन्हें पहले से कोई नोटिस नहीं दिया गया था वहीं टाटा स्टील यूआईएसएल का कहना था कि बगल में महिला कॉलेज है ऐसे में अवैध फुटपाथी दुकानों के आसपास अड्डाबाजी हो रही थी। इसको ध्यान रखते हुए अवैध रूप से चल रही दुकानों को हटाया गया है ताकि किसी तरह की आपराधिक वारदात को रोक जा सके।

### रेडक्रॉस के नये नेत्र शिविर का हुआ उद्घाटन

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया सेवा संस्थान द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली ट्रस्ट, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से समाजसेवी एवं उद्योगपति रेड क्रॉस के पेट्रन दिलीप गोयल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित 691वें नेत्र शिविर के ऑपरेशन सत्र का शुभारंभ फीता काटकर राम मनोहर लोहिया नेत्रालय के अध्यक्ष बालमुकुन्द गोयल, रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह, समाजसेवी चन्द्रमोहन सिंह एवं रेड क्रॉस के वाईस पेट्रन कमल किशोर लड्डा ने संयुक्त रूप से किया। 20 नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण जाने माने नेत्र चिकित्सक डॉ. बी. पी. सिंह, डॉ. भारती शर्मा, डॉ. पूनम सिंह एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा किया गया।

# मिथिला सांस्कृतिक परिषद के शिविर में 127 यूनिट रक्तदान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** रविवार 10 सितंबर को मिथिला सांस्कृतिक परिषद, जमशेदपुर के विद्यापति परिसर, गोलमुरी में बाईसवाँ रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। दिन भर चले शिविर में कुल 127 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

रक्तदान शिविर में उद्घाटनकर्ता एवं मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो, विशिष्ट अतिथि के रूप झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री रामचन्द्र सहिस और एल.बी. एस. एम. के प्राचार्य अशोक झा अविचल और पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय खाँ उपस्थित हुए।



रक्तदान शिविर में महाकवि विद्यापति के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित करते पूर्व सीएम रघुवर दास।



रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते सांसद विद्युतवरण महतो।

कार्यक्रम के शुभारंभ में पंडित बिपिन झा ने स्वस्तिवाचन किया जबकि शंकर नाथ झा ने जय जय भैरवि भगवती वंदना से शुरूआत की। सभी अतिथियों को संस्था के अध्यक्ष शिशिर कुमार झा और महासचिव सुजीत कुमार झा ने पाग, दोपटा देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास जी ने अपने संबोधन में कहा कि रक्त दान मानव समाज सभ्यता और संस्कृति को बनाने में अहम भूमिका निभाती है और रक्तदान का प्रचलन जिस कदर कोल्हान प्रमंडल में है देश के किसी भाग में जमशेदपुर की तरह रक्तदान नहीं होता है। रघुवर दास ने कहा कि मिथिला भाषा-भाषी के लोगों के बीच सामाजिक जागरूकता काफी है जिससे रक्तदान शिविर में रक्त देने वालों की लंबी कतार लगी हुई है। मेरा मिथिला समाज के लोगों से बहुत पुराना रिश्ता रहा है। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने अपने संबोधन में कहा कि रक्त दान अपने आप में महादान है। सांसद विद्युत वरण महतो ने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी मिथिला भाषियों का टाटा से जयनगर के ट्रेन बहुत पुरानी माँग है। हम इस माँग को जल्द से जल्द पूरा करवाने का प्रयास करेंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ0 अशोक झा अविचल ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की भूरि-भूरि प्रसंसा की। मुख्य अतिथि रघुवर दास जी ने कार्यक्रम के संयोजक अनिल झा आदित्यपुर, शिवचंद्र झा बागबेड़ा और श्री मनीष ठाकुर मानगो को शाल और पाग से उनके योगदान के लिये सम्मानित किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट सदस्य के रूप में नंद कुमार सिंह, हंसराज जैन, जीवछ झा, गणेश झा, लक्ष्मण झा, अमलेश झा, मानस मिश्रा, मनोज चौधरी,दीपक झा, शंकर पाठक और सांसद आप्त सचिव संजीव कुमार जी, उमानाथ झा उपस्थित हुए। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में पंकज राय, अमर कुमार झा, रणजीत झा बागबेड़ा, गोपाल, धर्मेश, कैलाश झा, राजेश कुमार झा, सोमनाथ, नवकांत, प्रमोद झा, राजेन्द्र कर्ण, नवीन, जेम्को, पंडित बिपिन, धीरेंद्र झा उर्फ मदन, अशोक मिश्र, दिलीप कुमार झा, बिलास, मिथिलेश, देवेंद्र झा, सुरेश झा, अनंत ठाकुर, संजीव कुमार झा अनिल , शिव, अमित और समस्त कार्यकारिणी की सक्रिय भूमिका से रक्त दान शिविर सफल रहा ।

### दो करोड़ की लागत से बने मछली बाजार का मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया उद्घाटन

# समाज के हर तबके के विकास के लिए काम कर रही हेमंत सरकार : बन्ना गुप्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** धातकीडीह, जमशेदपुर में माननीय मंत्री स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, परिवार कल्याण एवं आपदा प्रबंधन विभाग बन्ना गुप्ता द्वारा 20 स्टॉल वाले खुदरा मछली बाजार का उद्घाटन किया गया। इस बाजार का निर्माण केंद्र प्रायोजित योजना ब्लू रिवॉल्यूशन के अंतर्गत लगभग दो करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी एमिथिलेश कालिंदी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ सुरेंद्र कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी अलका पन्ना उपस्थित थे।



मछली बाजार का उद्घाटन करने पहुंचे मंत्री बन्ना गुप्ता को एक बड़ी मछली उपहार में देते दुकानदार। साथ में डीडीसी मनीष कुमार।

इस मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली सरकार विभिन्न विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी वर्गों के सामाजिक, आर्थिक दिशा में प्रगति को लेकर कई कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा। जिला प्रशासन द्वारा पूरी निष्ठा से कार्य करते हुए खुदरा मछली बाजार को क्रियान्वित अवस्था में लाने पर उन्होंने जिला प्रशासन का धन्यवाद दिया।

मंत्री ने कहा कि यह बाजार लोगों को हाइजीनिक कंडीशन में ताजा मछली उपलब्ध कराएगा। साथ ही कहा कि खुदरा मछली बाजार के स्थल को स्वच्छ रखना सभी आवंटितों की भी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर मछली पालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मत्स्य प्रसार पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार वर्मा तथा स्वप्न, प्रधान चंद, नमिता मोहंती, यादुनाथ सोरेन और रविलाल भुईयां सभी मत्स्य मित्र को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### आनंद मार्ग ने प्लेटलेट्स के लिए 30 यूनिट रक्तदान



**जमशेदपुर।** शहर में डेंगू का कहर जारी है सरकारी एवं निजी अस्पतालों में भर्ती डेंगू मरीज के लिए रेंडम डोनर प्लेटलेट्स (आरडीपी) डिमांड और बढ़ गई है ब्लड बैंक में आरडीपी के डिमांड को देखते हुए आज आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल की ओर से डेंगू पीड़ित के लिए 1 एस डी पी एवं रेंडम डोनर प्लेटलेट्स के लिए 30 यूनिट रक्तदान करवाया गया आरडीपी के लिए जो डेंगू मरीज की आवश्यकता है। इस रक्तदान शिविर में रक्तदान किए उन रक्तदाताओं के बीच प्रशस्ति पत्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया, ब्लड बैंक में उपस्थित लोगों के बीच लगभग 100 पौधों का वितरण किया गया।

## खबर एक नजर में

### रेडक्रॉस के प्रभुनाथ सिंह ने 25वीं बार किया एसडीपी दान







**जमशेदपुर।** रक्तदान ऐसा जूनून है कि अगर कोई इससे जुड़ गया, तो अपने सबसे व्यस्त समय में भी इसके लिए वे समय निकाल पाते हैं। ज्ञातब्य हो कि पिछले 30 दिनों से लगातार जमशेदपुर ब्लड सेन्टर में जरुरतमंदों को एसडीपी (प्लेटलेट्स) उपलब्ध कराने के लिए लगभग हर समय उपलब्ध रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह ऐसे ही रक्तदाताओं में शामिल है, शनिवार की रात एसडीपी मशीन की उपलब्धता को देखते हुए उन्होने तुरंत ही अपना एसडीपी डोनेशन किया। ये उनका 61वां रक्तदान है, जिसमें 25 एसडीपी उन्होने दान किया है। इसी क्रम में रेड क्रॉस कार्यकर्ता और भारतीय रेल कर्मी प्रकाश मिश्र जिन्होने शनिवार को सैंपलिंग करवाया था, उन्होने आज रविवार को चौथी बार एसडीपी दिया, उन्होने नियमित 5 रक्तदान भी किया है। इसी क्रम में आज रविवार के बावजूद अपने संकल्प के अनुसार रेड क्रॉस की टीम एसडीपी एवं रक्तदान के लिए तत्पर रही, टाटा स्टील के नवलेश कुमार ने 10वीं बार एसडीपी का दान किया, उनका 18 नियमित रक्तदान भी है। हितेश पटेल ने रविवार शाम अपना 13वां एसडीपी डोनेशन किया, उन्होने 3 नियमित रक्तदान भी किया है। टाटा स्टील कर्मी अजय कुमार सिंह ने देर शाम सातवीं बार एसडीपी डोनेशन किया, उन्होने 28 नियमित रक्तदान भी किया है। शनिवार को रेड क्रॉस कार्यकर्ता सोमेन्द्र बस्तिया को उनके 25 रक्तदान के लिए जमशेदपुर ब्लड सेन्टर के प्रशासक संजय ने रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेश प्रभारी की उपस्थिति में सम्मानित किया।

### पूर्व सीएम रघुवर दास ने मनीफीट आदर्श नगर क्षेत्र का किया दौरा,सफाई कराने का किया वादा



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के टेल्को क्षेत्र अंतर्गत मनिफिट आदर्श नगर समेत आसपास के क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बदहाल है। पिछले दिनों बारिश होने से नालियां बजबजा रही हैं, जिससे नालियों का गंदा पानी लोगों के घर में आ गया है। वहीं, बदबू एवं जाम नालों के कारण यहां रहने वाले लोग कई परेशानियों का सामना करने को मजबूर हैं। जाम नालियां और फैली गंदगी से लोगों में मच्छरजनित संक्रामक रोगों की चपेट में आने का खतरा बढ़ गया है। लोगों को हो रहे समस्या के मद्देनजर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने रविवार को आदर्श नगर क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान लोगों ने बताया कि पिछले तीन सालों से नाले की सफाई नही होने के कारण नाले गंदगी से पटी हुई है। बारिश के कारण नाले का गंदा पानी लोगों के घरों में आ गया है। जिससे घर में रखे कई सामान खराब हो गए हैं। बारिश का पानी कम होने के बाद मच्छर जनित बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ा हुआ है। लोगों ने बताया कि जिम्मेदार इस समस्या पर गंभीर नहीं हैं और मौन साधे बैठे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने इसपर सम्बंधित अधिकारियों से बात कर इसके निदान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही क्षेत्र में युद्ध स्तर पर साफ-सफाई का कार्य प्रारंभ होगा।

### नये सीनियर एसपी कौशल किशोर ने पदभार संभाला

# गैंगस्टर और नशे के कारोबारियों को चेताया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के नए सीनियर एसपी कौशल किशोर ने रविवार 10 सितंबर को निवर्तमान एसपी प्रभात कुमार से पदभार लिया। इस मौके पर सिटी एसपी के. विजय शंकर, एएसपी, तमाम डीएसपी एवं तमाम थाना प्रभारी उपस्थित थें। इन अधिकारियों ने नए एसपी कौशल किशोर का स्वागत किया।

इसके पूर्व आईपीएस कौशल किशोर जब जमशेदपुर एसपी ऑफिस पहुंचे तो वहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान नयी वर्तमान एसपी प्रभात कुमार भी मौजूद थे। इसके बाद पदभार संभालने की प्रक्रिया पूरी की गयी।

पदभार संभालने के बाद नए सीनियर एसपी कौशल किशोर ने पत्रकारों से कहा कि विधि व्यवस्था बहाल करना और क्राइम कंट्रोल करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच फ्रेंडली रिलेशन होना चाहिए ताकि शहर के लोग बिना पुलिस से डरे थाना आकर अपनी शिकायत कर सकें। सीनियर एसपी कौशल किशोर ने कहा कि किसी भी शहर वासी को पुलिस से डरने की जरूरत नहीं है,अगर थाना में काम सही ढंग से नहीं हो रहा है तो पब्लिक सीधे उन्हें फोन पर इसकी शिकायत कर सकती है। एसएसपी ने कहा कि युवा वर्ग नशे से दूर रहें क्योंकि जल्द ही पुलिस बड़े स्तर पर नशे के खिलाफ अभियान चलाने वाली है। उन्होंने शहर के गैंगस्टरों को चेतावनी करते हुए कहा कि आप सरेंडर कर दें। कौशल किशोर ने कहा कि शहर में पुलिस पेट्रोलिंग को और भी धारदार बनाया जाएगा। गश्ती दल को नियमित रूप से काम करना होगा।



नये एसएसपी कौशल किशोर (बायें) को पदभार सौंपने से पूर्व गुलदस्ता देकर स्वागत करते निवर्तमान एसएसपी प्रभात कुमार।

### अल्पसंख्यक समाज के प्रति आजसू पार्टी के हृदय में विशेष स्थान : सहिस



**जमशेदपुर।** 10 सितम्बर 2023 दिन रविवार को आजसू पार्टी जुगसलाई नगर परिषद समिति के द्वारा एक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन जुगसलाई स्थित पुरानी बस्ती होमा लाइन में संपन्न हुआ। जिसमे पार्टी के नीति सिद्धांतो से प्रभावित होकर जुगसलाई क्षेत्र के सैकड़ों युवा पार्टी का दामन थामा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहीस जी ने सभी का स्वागत करते हुए पार्टी के नीति सिद्धांतो से अवगत कराते हुए कहा कि क्षणिक लाभ का लोभ देकर कुछ चुनींदे दलों ने सामाजिक समरसता को तोड़ते हुए अल्पसंख्यक समाज में दूरी पैदा करने का कार्य कर रहे है लेकिन उन्हें यह नही मालूम आजसू के हृदय में अल्पसंख्यक समाज वास करता है।

### सुवर्णरेखा नंदिनी का नृत्य, गायन, अंकन व काव्य पाठ प्रतियोगिता संपन्न



**जमशेदपुर।** साहित्यिक संस्था सुवर्णरेखा नंदिनी द्वारा अपने वार्षिक सम्मेलन 'मेघ उत्सव' के आयोजन के पहले टेल्को स्थित संगीत समाज में नृत्य, गायन, अंकन प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें शहर के कई स्कूलों के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर भागीदारी निभाई। विदित हो कि सुवर्णरेखा नंदिनी अंतर्राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था है जिसका मुख्यालय ढाका बांग्लादेश है। संस्था के वार्षिक सम्मेलन में जो अक्तूबर महीने में होना है ढाका से भी प्रतिनिधियों की उपस्थिति होगी। संस्था के अध्यक्ष डॉ मीना मुखर्जी ने कहा कि साहित्यिक गतिविधियों को आम-जन से जोड़ने के लिए संस्था कृतसंकल्प है ताकि एक स्वस्थ समाज का गठन किया जा सके। महासचिव डॉ मनोज पाठक ने कहा ऐसी प्रतियोगिताएं नयी पीढ़ियों में साहित्य, संगीत व कला से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है और उनमें सांस्कृतिक व साहित्यिक जड़ों से भी जोड़ती हैं।

### नमो फैन क्लब ने करवाया एंटी लार्वा का छिड़काव



**आदित्यपुर।** नरेंद्र मोदी फैंस क्लब के द्वारा डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए एंटी लार्वा का छिड़काव अभियान का शुभारंभ किया गया ताकि कुछ हद तक डेंगू प्रकोप में कमी आ सके। यह अभियान आगे एक सप्ताह तक निरंतर चलते रहेगा। इस अभियान में मुख्य रूप से क्लब के संरक्षण सतीश, जगदीश नारायण, बिनोद, सरोज, मोहन, अभिलाष, संजीव, अजित, रहीश अन्य मौजूद थें।

# सोन मंडप में बन्ना गुप्ता ने लगाया जनता दरबार

### आगंतुकों की समस्याओं का हुआ त्वरित समाधान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन रविवार को जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के सोन मंडप, सिदगोड़ा में आयोजित किया गया। इस अवसर पर माननीय मंत्री बना गुप्ता ने आम जनता के समस्याओं से संबंधित एक सौ से अधिक मामले पर सुनवाई किया। अनेकों मामले को उन्होंने तत्काल समाधान किया, आम जनता ने अपने मंत्री से मिलकर बेबाक रूप से अपने समस्याओं को साझा किया। इस दौरान मंत्री ने समाधान का प्रयास भी किया, एक पंडित परिवार ने टीएमएच अस्पताल में तीन दिनों से मृत व्यक्ति का शव बिल नही जमा करने के कारण नही सौंपने का मामला आया, जिस पर संज्ञान लेते हुए, मंत्री बन्ना गुप्ता ने अस्पताल प्रबंधन से वार्ता कर शव को अविलंब सुपुर्द कराने का कार्य किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक चौधरी, रामाश्रय प्रसाद पूर्व जिला अध्यक्ष, मनोज झा, संजय तिवारी, प्रभात ठाकुर, रियाजुद्दीन खान, रानी राव, संध्या दास, दुर्गा प्रसाद, सन्नी सिंह, रंजीत झा सहित काफी संख्या में कार्यकर्तागण भी शामिल हुए।



जन सुनवाई कार्यक्रम में एक महिला की समस्या सुनते मंत्री बन्ना गुप्ता।

### हेमकुंड पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी महोत्सव आयोजित



**जमशेदपुर।** गोलमुरी स्थित हेमकुंड पब्लिक स्कूल मे जन्मआष्ट्मी महोत्सव का आयोजन धूम धाम से किया गया। राधा और कृष्ण के वेश मे विद्यार्थियों ने सबका मनमोह लिया। बच्चों के राधा और कृष्ण पर आधारित नृत्य ने कृष्ण और राधा का साक्षात्दर्शन सा बोध कराया। हेमकुंड पब्लिक स्कूल के निदेश और राज्य पर्वेक्षण बोर्ड के सदस्य पारस नाथ मिश्रा ने कार्यक्रम को संबिधित करते हुए कहा की श्री कृष्ण का जीवन हम सब के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उनका त्याग, समर्पण, न्याय प्रिय और संघर्षशीलता बच्चों को अपने जीवन उतारना चाहिए।

# अब्दुल हमीद जैसे वीर हमारे प्रेरणा स्त्रोत : काले

अब्दुल हमीद अमर रहें के नारों से गूंजा कालीमाटी रोड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद के शहादत दिवस पर रविवार को शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था 'नमन' द्वारा कार्यालय में संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में कई गणमान्यों, महिलाओं एवं युवाओं ने हिस्सा लेकर वीर अब्दुल हमीद की कुर्बानी को याद किया और नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि अब्दुल हमीद जैसे वीर हमारे प्रेरणा स्त्रोत हैं। धन्य है वो मां जिसने ऐसे वीर शहीद को जन्म दिया। आजादी से लेकर अब तक शायद ही ऐसी कोई लड़ाई रही हो जब वीर जवानों ने अपनी शहादत से देश का मस्तक ऊंचा न किया हो। भविष्य में हम सभी को खासकर मेरे देश के नौजवानों को जाति-पांति, धर्म-मजहब से ऊपर उठकर देशहित में सोचना चाहिए तभी हमारा देश आगे बढ़ सकता है। महेंद्र पाल सिंह ने कहा कि हमारा देश विविधताओं में एकता के लिए जाना जाता है। इस मौके पर इंद्रजीत सिंह, वरुण कुमार, बी सिंह, राजू मारवाह, लता सिन्हा, ममता सिंह, पुतुल सिंह, मिनी सिंह, डी मनी, लखबी कौर, ममता साहा, सविता देवी, सीता देवी, सीमा गोस्वामी, पूनम गुप्ता एवं अन्य ने उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।



अब्दुल हमीद की शहादत दिवस समारोह को संबोधित करते अमरप्रीत काले।

### निजी खर्च से होगी चांडिल में नाली की सफाई : सविता महतो

**चांडिल।** चांडिल में बजबजा रही गंदी नाली का सफाई कार्य विधायक सविता महतो ने जेसीबी लगाकर अपनी निजी खर्च से शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक ने कहा स्थानीय लोगों एवं सड़क पर यातायात कर रहे लोगों को हो रही परेशानियों को देखते हुए चांडिल बाजार एवं डैम रोड में जहां-जहां नाली का गंदा पानी सड़क पर बहती है, वहां पर अपना निजी खर्चे से सफाई कार्य कराया जाएगा। विधायक ने कहा खासकर मंदिर जाने वाली महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है उसे देखते हुए चांडिल बस स्टैंड से लेकर तांती बांध तक एवं चांडिल चौक बाजार से सनसिटी तक जहां-जहां पर नाली से गंदा पानी सड़क पर बहती है वहां सफाई कराया जाएगा। इस मौके एसडीएम रंजीत, काबलु, पप्पू, ओमप्रकाश, दिनेश, मनोहर , नवीन, बोनु , गुरुचरण , डॉ एच एस शेखर व अन्य मौजूद थें।



### गोपाल मैदान में 15 से लगेगा कंज्यूमर एक्सपो, भूमि पूजन संपन्न



**जमशेदपुर।** मिडिया मार्ट एवं एप्पल साइन ग्राफिक्स द्वारा संयुक्त रूप से आगामी 15 सितम्बर से शुरू होने वाले कंज्युमर एक्सपो का भूमि पूजन गोपाल मैदान, बिष्टुपुर, जमशेदपुर में सम्पन हुआ। आयोजक आमोद मिश्रा एवं सुमित खुराना ने संयुक्त रूप से कहा कि कंज्युमर एक्सपो में अंतराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय के करीब 250 से अधिक स्टॉल लगेंगे, जिनमें ऑटोमोबाइल, फर्नीचर्स, होम एप्लायंसेज, होम डेकॉर, बैंकिंग एंड फाइनेंस, इंटीरियर्स, बिल्डर्स एंड डेवलपर्स, हेंडीक्राफ्ट एंड हैंडलूम, एजुकेशन कंसल्टेंसी, इंडस्ट्रीज, आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटी एंड फैशन प्रोडक्ट्स, हेल्थ एंड फिटनेस, टूरिज्म, टेक्सटाइल्स, एफएमसीजी इत्यादि के स्टॉल लगेंगे और साथ ही इसमें अफगानिस्तान, थाईलैंड, बंग्लादेश, नेपाल के भी स्टॉल शामिल होने की संभावना है। मेले में भाग लेने एवं स्टॉल की बुकिंग हेतु मोबाईल सं॰ 7004041958 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

खबर मन्त्र

रांची. सोमवार. 11 सितंबर 2023

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# वन अर्थ

आज विश्व में भारत का डंका बज रहा है। जी-20 के माध्यम से भारत ने जिस प्रकार पीएम मोदी के नेतृत्व में वैश्विक नीतियों का निर्धारण और राष्ट्रीय हितों का विस्तार किया है उससे पूरे विश्व के कल्याण का स्वर मुखरित हुआ है। अगला जी-20 का कमान ब्राजील को सौपने के पहले जिस प्रकार के निर्णय दिल्ली घोषणा पत्र में हुए उससे देश का सम्मान बढ़ा है। कोरोना के बाद और यूक्रेन युद्ध के क्रम में विश्व का विश्वास जिस प्रकार का कम हुआ है और विकसित देशों में आर्थिक मंदी का दौर आंरभ हो गया है उस दृष्टिकोण से इस सम्मेलन का महत्व बढ़ गया था। अफ्रीकन यूनियन को को जी-20 में शामिल करने का भारत का प्रयास सफल हुआ जिससे यह सम्मेलन दुनिया के इतिहास में सदैव चर्चा में रहेगा। इन देशों को साथ लेकर जहां प्राकृतिक संसाधनों से भरे इन देशों को तकनीक का सहयोग हो सकेगा वहीं विश्व पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में भी बेहतर कार्य को सही ढंग से चलाया जा सकेगा। साथ ही यूरोपीय देशों के सहयोग से जो व्यापारिक मार्ग की सहमति बनी वह आने वाले दिनों में विश्व व्यापार में लागत कम करने की दिशा में मील का पत्थर साबिता होगा साथ ही चीन के एकाधिकार को भी चुनौती देने की स्थिति में होगा। इस सम्मेलन में अतंरराष्ट्रीय स्तर पर जो सहमति बनी उसमें सभी का हित संरक्षित है जिससे किसी भी प्रकार का विरोध का स्वर प्रकट नहीं हुआ। विश्व जैविक ईंधन पेट्रोलियम को लेकर जो समझौता इस सम्मेलन में हुआ वह भारत जैसे पेट्रोलियम आयातक देश के लिये आने वाले समय में वरदान साबित होगा। ईथेनॉल उत्पादन और पेट्रोलियम में 20 प्रतिशत तक ईथेनॉल मिलाने पर बनी सहमति से जहां विश्व पर्यावरण की रक्षा होगी वहीं भारतीय कृषि को ब्राजील और यूएसए की तकनीक मिल सकेगी। वन अर्थ की दिशा में यह एक ठोस कदम है।

# मानवाधिकार और पाक

पाक में 1947 में अल्पसंख्यक की आबादी हिन्दूओं सहित 23 फीसदी थी, आज 3 फीसदी से भी कम है। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के बुरे हालात पर दुनिया को सच्चाई से अवगत कराने की कोशिश भारत लगातार कर रहा है। कश्मीर में आतंकवाद का प्रायोजक पाकिस्तान ही है। पिछले चालीस साल से पाकिस्तान कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देकर भारत के खिलाफ छद्म युद्ध लड़ रहा है। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ( यूएनएचआरसी) में पाकिस्तान का कश्मीर मुद्दा उठाना भारत के खिलाफ दुष्प्रचार है। आतंकवाद के पनाहगार और पोषक पाकिस्तान अगर किसी को आतंकवाद पर लेक्चर दे, तो यह हस्यास्पद ही है। पूरा विश्व जानता है कि पाकिस्तान राजकीय नीति के तौर पर खुल कर आतंकवादियों का समर्थन करता रहा है। हक्कानी, टीटीपी, जैश, लश्कर, झंगावी, हिज्बुल जैसे 32 से अधिक आतंकी गुट पाकिस्तान में सक्रिय हैं और इन्हें पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई का संरक्षण प्राप्त है। ग्लोबल टेररिस्ट ओसामा बिन लादेन पाक के सैन्य एरिया से मिला था। संयुक्त राष्ट्र व अमेरिका द्वारा ग्लोबल टेररिस्ट घोषित कई आतंकी आज भी पाक में रह रहे हैं। आतंकवाद को फंडिंग के चलते पाक को परिस स्थित वैश्विक संस्था एफएटीएफ (फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स) ने ग्रे लिस्ट में डाल रखा है। आतंकवाद को समर्थन देने के चलते ही पाकिस्तान पूरी दुनिया में अलग-थलग है। मानवाधिकार संरक्षण मामले में भी पाक का रिकार्ड फिसड्डी है। अल्पसंख्यकों पर जुल्म और धर्मांतरण पाक में आम बात है। पाकिस्तान सिख, हिंदू, ईसाई और अहमदिया सहित अपने अल्पसंख्यकों के अधिकारों का संरक्षण करने में नाकाम रहा है। निश्चित तौर पर पाकिस्तान की ऐसी हरकतों का विश्व व्यापी विरोध होना चाहिए।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव सही कदम बहस, गैर जरूरी

एक राष्ट्र-एक चुनाव फिलहाल 'शिगूफा' से कम नहीं। प्रश्न क्या 'एक राष्ट्र एक चुनाव नीति' को लागू करना जरूरी है, उससे पहले यह यक्ष प्रश्न उत्पन्न होता है कि क्या सरकार वास्तव में इस संबंध में गंभीर है? यदि वास्तव में कोई संशोधन बिल लाना ही चाहती होती तो, सरकार उक्त उद्देश्य को इस विशेष सत्र बुलाने की घोषणा में समावेश कर लेती। जैसा कि पूर्व में जब-जब विशेष सत्र बुलाए गए हैं, तो उनके उद्देश्य घोषित किए गए थे। तदनुसार संसद में उन विषयों पर कार्यवाही भी हुई। चूंकि वर्तमान में कोई उद्देश्य (एजेंडा) घोषित किए बिना बुलाए इस विशेष सत्र में सरकार इस संबंध में कोई विधेयक लाएगी, इसकी संभावना इसलिए भी नगण्य सी लगती है, जब सरकार ने इस संबंध में एक कमेटी बना ही दी है, तब उसकी रिपोर्ट/सिफारिश आने तक तो इंतजार करना ही होगा। यह रिपोर्ट 15 दिन के अंदर आ जाए, ऐसा संभव लगता नहीं है। क्योंकि इस कमेटी का कार्यकाल का समय निश्चित नहीं किया गया है। दूसरा संसदीय मंत्री का यह कथन कि कमेटी की रिपोर्ट आएगी। फिर चर्चा होगी। परन्तु उन्होंने भी यह नहीं कहा कि इसी 'विशेष सत्र' में ही चर्चा होगी। इसलिए मीडिया या विपक्ष का इस संबंध में हंगामा खड़ा करना उचित नहीं है। वैसे भी यूनिफार्म सिविल कोड को लेकर सरकार ने विस्तृत जनचर्चा कराई व मीडिया ने खूब सुर्खियां भी बटोरी। परन्तु आज वह 'कोड' संसद में किस कोने पर है? कहने की आवश्यकता नहीं है।

'हर शख्स बुद्धिमान है, जब तक वह बोलता नहीं', इस सिद्धांत के धुर विरोधी राहुल गांधी के इस संबंध में दिए गए बयान की बात कर लेते हैं। देश की विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस जो 'इंडिया' को लीड करती हुई दिख रही है, के सर्वोच्च प्रभावशाली नेता राहुल गांधी का यह कथन की 'वन नेशन वन इलेक्शन' 'संघवाद पर चोट है' न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि यह उनकी समझ पर भी 'प्रश्न वाचक चिह्न' लगाता है, जैसा की उनकी भारत यात्रा के पूर्व कई अवसरों पर लगाया जाता रहा है। प्रश्न यह है कि क्या केंद्रीय सरकार 'वन नेशन वन इलेक्शन' के द्वारा कोई नई चीज ला रही है, नई बात कह रही है? बिल्कुल भी नहीं। राहुल गांधी आलोचना में कभी इतने अंधे हो जाते हैं कि जब वे इस मुद्दे पर आलोचना करते हुए यह कह जाते हैं की




\- राजीव खंडेलवाल

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विरोध करते हुए कहा कि मोदी सरकार चाहती है कि लोकतांत्रिक भारत धीरे-धीरे तानाशाही में तब्दील हो जाए। एक राष्ट्र, एक चुनाव पर समिति बनाने की ये नौटंकी भारत के संघीय ढांचे को खत्म करने का एक हथकंडा है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश के लिए क्या जरूरी है।

यह 'संघवाद पर आघात' है, तो वे यह भूल जाते हैं कि वर्ष 1952 से लेकर 1967 तक हुए चुनाव 'वन नेशन वन इलेक्शन' के तहत ही हुए थे। तब समस्त समय कांग्रेस की सरकार ही थी। क्या तब भी वह संघवाद पर आघात था? 'हंसुआ के ब्याह में खुरपी के गीत गाने वाले' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विरोध करते हुए कहा कि मोदी सरकार चाहती है कि लोकतांत्रिक भारत धीरे-धीरे तानाशाही में तब्दील हो जाए। एक राष्ट्र, एक चुनाव पर समिति बनाने की ये नौटंकी भारत के संघीय ढांचे को खत्म करने का एक हथकंडा है। 'हमारे घर आओगे क्या लाओगे, तुम्हारे घर आएंगे क्या खिलाओगे' के आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश के लिए क्या जरूरी है, वन नेशन वन इलेक्शन या वन नेशन वन एजुकेशन (अमीर हो या गरीब, सबको एक जैसी अच्छी शिक्षा), वन नेशन वन इलाज (अमीर हो या गरीब, सबको एक जैसा अच्छा इलाज), आम आदमी को वन नेशन वन इलेक्शन से क्या मिलेगा।

यह कोई नई नीति नहीं, पूर्व प्रचलित प्रणाली ही है। मैं पहले ही कह चुका हूं कि 'वन नेशन वन इलेक्शन' कोई 'नया सिद्धांत' 'नीति' या 'प्रणाली' नहीं है। बल्कि वर्ष 1952 से लेकर वर्ष 1967 तक वर्तमान (समय-समय पर संशोधन) जनप्रतिनिधित्व कानून के अंतर्गत ही इस देश में इसी नीति के तहत सफलतापूर्वक चुनाव होते रहे हैं। इसलिए इस नीति के ह्यगुणह्न (मेरिट) पर न तो कोई आपत्ति की जा सकती है और नहीं कोई विवाद हो सकता है। इस नीति को पुनः धरातल पर उतारने से न केवल समय की बचत होगी, बल्कि भारी धन अपव्यय होने से भी बचेगा। क्योंकि जब स्थानीय निकायों से लेकर विधानसभा, लोकसभा के चुनाव होते हैं, तब दो-ढाई महीने पूर्व से चुनाव की तारीख की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू कर दी जाती है और सरकार को नीतिगत निर्णय लेने से चुनाव आयोग द्वारा रोक दिया जाता है। वैसे समय-समय पर विभिन्न राजनेता गण इसकी वकालत करते रहे हैं। चुनाव आयोग ने वर्ष 82-83 में एक साथ चुनाव कराने के संबंध में सुझाव दिए थे। दिसम्बर 2015 में संसद की स्थायी समिति ने अपनी 79वीं रिपोर्ट में 1999 की बीपी जीवन रेड्डी की अध्यक्षता वाले ला कमीशन की 170 वीं रिपोर्ट के आधार पर दो चरणों में चुनाव करवाने की सिफारिश की थी? वर्ष 2017 में नीति आयोग ने भी एक साथ चुनाव का विश्लेषण क्या, क्यों और कैसे नाम से वर्किंग पेपर में किया था। वर्ष 2018 में जस्टिस बीएस चौहान की अध्यक्षता में गठित विधि आयोग ने भी संबंध में एक रिपोर्ट दी थी, जिसमें राजनीतिक दलों से विचार-विमर्श के साथ पांच संवैधानिक संशोधन करने की जरूरत बतलाई थी।

सरकार ने कमेटी की घोषणा जिस समय की है, उसकी 'टाइमिंग' को लेकर जरूर विपक्ष को बोलने का मौका दे दिया है। प्रश्न फिर वही कि वास्तव में क्या सरकार इस मुद्दे पर संजीदा है? क्योंकि यदि वास्तव में इसको धरातल पर उतारना है, तो कानून में संशोधन करने के पहले केंद्रीय सरकार का यह महत्वपूर्ण दायित्व बनता है कि वह 'हंडिया चढ़ा कर नोन ढूंढने न निकले' बल्कि पहले समस्त राज्य सरकारों से इस संबंध में बात कर 'सहमति बनाने का प्रयास अवश्य करे' और यदि सहमति बन जाती है, तब फिर कानून में कोई संशोधन करने की आवश्यकता ही उत्पन्न नहीं होगी। जैसा कि कहा जाता है कि 'वक्र चंद्रमहि ग्रसहुं न राहु'। इसी वर्ष जुलाई 2023 में संसद में किरोड़ी लाल मीणा द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल का एक साथ चुनाव कराने के संबंध में यह जवाब था कि राजनीतिक दलों की आम सहमति के साथ देश का 'संघीय ढांचा' होने के कारण राज्यों के साथ सहमति बनाए जाने की आवश्यकता है।

## खास बात

### जागृत भारत के वक्ता : स्वामी विवेकानंद

**(11 सितंबर, विश्व धर्म सभा, शिकागो में स्वामी विवेकानंद के व्याख्यान के 130 वर्ष पूरा होने पर विशेष )**

**विजय केसरी**

भारतवर्ष के लिए 9 -10 सितंबर का दोनों दिन सदा सदा के लिए स्वर्ण हस्ताक्षर से दर्ज हो चुका है। जी-20 की बैठक की सफलता, सर्वसम्मति से 73 रेजोल्यूशन पारित कर इतिहास रच दिया, जी 20 में शामिल सभी देशों का पूर्ण समर्थन ने भारत को विश्व गुरु बनने के और करीब ला दिया है। इतिहास साक्षी है कि 11 सितंबर को शिकागो में विश्व धर्म सभा में स्वामी विवेकानंद ने जो भाषण दिया था, जी 20 की बैठक की सफलता से सच होता दिख रहा है। स्वामी विवेकानंद के विचार सदैव देशवासियों के मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे । आज से 130 वर्ष पूर्व शिकागो में आयोजित विश्व धर्म सभा में स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति, रीति रिवाज, रहन सहन, समृद्ध भाषा और पौराणिक ग्रंथों की महत्ता पर प्रकाश डाला था । स्वामी विवेकानंद से पूर्व किसी भी वक्ता ने अपने धर्म और धर्म ग्रंथों की इतनी विद्वता पूर्ण व्याख्यान नहीं दिया था । मंच पर मौजूद कोई भी धार्मिक गुरु ने यह नहीं सोचा था कि भारत से आया यह युवा संन्यासी इस तरह अपनी बातों को रखेगा । दर्शक दीर्घा में बैठे विभिन्न देशों से आए श्रोता गण को भी विश्वास नहीं हो रहा था कि भारत का यह युवा सन्यासी इतनी गहराई और विद्वता पूर्ण तरीके से अपनी बातों को रखेगा । । जिस कालखंड में स्वामी विवेकानंद ने विश्व धर्म सभा में अपनी बातों को रखा था, भारत ब्रिटिश हुकूमत के अधीन था । भारत एक गुलाम देश के रूप में जाना जाता था।

भारत को गरीबों का एक देश, अनपढ़ों का देश, सपेरों का एक देश के नाम से पश्चिम वाले पुकारा करते थे । स्वामी विवेकानंद की विद्वता पूर्ण प्रस्तुति ने भारत वासियों को अब तक देखने की दृष्टि को ही बदल कर रख दिया था । स्वामी विवेकानंद का शिकागो में दिया गया यह व्याख्यान एक नए भारत व स्वतंत्र भारत का शंखनाद था।

# ज्ञानयज्ञ

## धर्म-प्रवाह



**श्री रामशर्मा आचार्य**

**ज्ञान** ही मनुष्य को अन्य जीवधारियों से भिन्न तथा उत्कृष्ट बना देता है अन्यथा मनुष्य भी अन्य प्राणियों की भाँति एक साधारण जंतु ही है। ज्ञान के आधार पर ही वह अपनी मानसिक तथा शारीरिक क्षमताओं एवं योग्यताओं का विकास कर उन्नति करता है और सृष्टि में परमात्मा के बाद अपना विशिष्ट स्थान बनाता है। मानवीय प्रतिभा का विकास ज्ञान द्वारा ही होता है। उसके विवेक में आध्यात्मिक प्रकाश का कारण ज्ञान ही होता है और ज्ञान के आधार पर ही मनुष्य आत्मा-परमात्मा, सत्य-असत्य, प्रकृति और कर पाता है। पुरुष को पहचानकर उनसे संबंध स्थापित

ज्ञान की महिमा अपार है। जो ज्ञानार्जन के लिए उत्सुक होता है उस पर परमात्मा की महती कृपा ही समझनी चाहिए। ज्ञान की जिज्ञासा इस बात की सूचना है कि मनुष्य का भवबंधन से त्राण पाने का संयोग आ गया है। जिन्होंने भी संसार के दुःखों से त्राण पाया है उन्होंने एकमात्र सद्ज्ञान का ही अवलंबन लिया है।

संसार के दुःखों से परित्राण पाने के लिए मनुष्य को सदैव ही ज्ञान की आवश्यकता रही है। इसलिए मनुष्य को सभी यज्ञों में श्रेष्ठ ज्ञानयज्ञ का ही यजन एवं विस्तार करते रहना चाहिए। फिर उसके लिए शिक्षा, स्वाध्याय अथवा सत्संग जिसकी भी आवश्यकता हो, उसे पूरा करने में प्रमाद अथवा आलस्य नहीं करना चाहिए।

**महात्मा गांधी** जी के आदर्श और भारत के कुशल नेतृत्व पर चलने को तैयार दुनिया।

आज राजघाट पर बापू को श्रद्धांजलि देने के लिए जी-20 के प्रतिनिधियों की एकता से यही प्रतीत होता है।

**– संजय सेठ, सांसद**

## रोचक ट्वीट

**झारखण्ड** आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले महान क्रांतिकारी नेता और माटी पुत्र, झामुमो की शान, मेरे प्रिय दादा स्व दुर्गा सोरेन जी की जयंती पर शत-शत नमन।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**नई दिल्ली** लीडर्स डिक्लेरेशन को अपना कर इतिहास रचा गया है। सर्वसम्मति और उत्साह से एकजुट होकर, जी20 के सभी सदस्यों सदस्यों के समर्थन और सहयोग के लिए उनके प्रति आभार।

**– नरेन्द्र मोदी**

## कॉर्टून वर्ल्ड




साभार कॉर्टून मूवमेंट डॉटकॉम

## लेटर टू एडिटर

### यूएसए में हिंदी

**'हिंदी'** प्रवासी भारतीयों की अस्मिता है। अमेरिका के हर शहर के वातावरण को हिंदीमय बनाने के लिए अमेरिका के साहित्यकार विश्वविद्यालयों में जाकर युवा पीढ़ी से संवाद स्थापित करते हैं और हिंदी की महत्ता और इसकी समृद्धता के बारे में बताते हैं। अमेरिका में भारतीय हिंदी को बढ़ाने के लिये जी जान से जुटे हैं। देश में भी ऐसे प्रयास हो।

**– अभिजित, गढ़वा**

### आत्मनिर्भर भारत

**अब** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलौनों के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया है। इस दिशा में यदि हम आगे बढ़ते हैं तो करोड़ों लोगों का रोजगार तो मिलेगा ही बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा बचेगी। भारत में खिलौना निर्माण का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। मोहन-जोदड़ो और हड़प्पा के उत्खनन में अनेक प्रकार के खिलौने मिले हैं।

**– विवेक, हजारीबाग**

# क्या हम ओएमआर सीट में अपना नाम हिंदी में भर सकते हैं?



**सत्यनारायण गुप्ता**

**कालजयी** हिन्दी व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई ने कहा था, हिन्दी दिवस के दिन हिन्दी बोलने वाले, हिन्दी बोलने वालों से ,हिन्दी बोलने को कहते हैं । प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है उसके बाद हिंदी सप्ताह और हिंदी पखवाड़ा मनाने का दौर शुरू हो जाता है। हिंदी विश्व में चौथी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है।

विश्व भर में लगभग 100 करोड लोग हिंदी बोलते या समझते हैं। यह भाषा नेपाल ,बांग्लादेश ,अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी , न्यूजीलैंड ,संयुक्त अरब अमीरात, युगांडा ,गयाना, सूरीनाम, त्रिनिदाद ,मॉरीशस, दक्षिण अफ्रीका , फि जी और पाकिस्तान सहित कई देशों में बोली जाती है।

14 सितंबर 1949 को हिंदी राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया तथा पहला हिंदी दिवस 1953 में मनाया गया। संविधान की धारा 343 (1) के अनुसार हिंदी और लिपि देवनागरी भारतीय संघ की राजभाषा है ।14 सितंबर को हिंदी के महान साहित्यकार राजेंद्र सिंह का जन्मदिन भी है इसलिए इस दिन को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है ।जहां तक विश्व हिंदी दिवस का संबंध है तो यह 10 जनवरी को मनाया जाता है।

हिन्दी 1000 साल पुरानी भाषा है । हिंदी आधुनिक इंडो आर्य भाषाओं के दायरे में आती है। हिंदी के पुराने

## हिंदी दिवस

संस्करण हिंदुस्तानी, हिंदवी और खड़ी बोली थी जो दसवीं शताब्दी ईस्वी में बोली जाती थी। हिंदी का नाम फारसी शब्द हिंद से लि या गया है जिसका अर्थ है सिंधु नदी की भूमि ।फारसी बोलने वाले तुर्क जिन्होंने गंगा के मैदान में पंजाब पर आक्रमण किया, 11वीं सदी की शुरूआत में सिंधु नदी के किनारे बोली जाने वाली भाषा को हिंदी नाम दिया था।

1917 में महात्मा गांधी ने भरूच में गुजरात शिक्षा सम्मेलन में प्रस्तुत एक भाषण में हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जोर देकर कहा था कि हिंदी भाषा को राजभाषा के रूप में इस्तेमाल किया जाना चाहिए और अर्थव्यवस्था धर्म एवं राजनीति के लिए संचार के रूप में भी इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

कुछ हिन्दी भाषी राज्यों को छोड़कर केंद्र और अधिकांश राज्यों की राजकाज की भाषा अंग्रेजी है, न्यायपालिका की भाषा अंग्रेजी है और स्तरीय शिक्षण संस्थाओं में पढ़ाई का माध्यम भी अंग्रेजी है। विद्यार्थियों को स्तरीय पाठ्य सामग्री अंग्रेजी में ही उपलब्ध हैं। हिंदी दिवस के दिन हिंदी की महानता पर हम चाहे कितना ही भाषण दे लें,यह एक कड़वी सच्चाई है कि डिजिटलाइजेशन के इस युग में कई जगहों पर तो हिंदी विकल्प के रूप में भी मौजूद नहीं है। क्या ओ एम आर सीट में देव नागरी लिपि में आप अपना नाम भर सकते हैं? वैसे हम हिंदी प्रेमी इन बातों से खुश हो सकते हैं कि दुनिया की सबसे प्रसिद्ध ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी हर साल भारतीय शब्दों को जगह दे रही है ।ऑक्सफोर्ड ने आत्मनिर्भरता ,चड्डी ,बापू ,सूर्य नमस्कार ,आधार ,नारी शक्ति और अच्छा जैसे शब्दों को अपने शब्दकोश में शामिल किया है। विश्व की सैकड़ो विश्वविद्यालय में हिंदी पढ़ाई जाती है और दुनिया में करोड़ों लोग हिंदी बोलते हैं अमेरिका में लगभग 150 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों में हिंदी का पठन-पाठन हो रहा है ।जी 20 सम्मेलन में भाग लेने आई अमेरिकी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मार्गरेट मैक्लियोड को धारा प्रवाह हिंदी बोलते सुनना कितना सुखद था।

2023 में हिंदी दिवस के पूर्व संध्या पर भारत बनाम इंडिया की बहस बिल्कुल सही समय पर शुरू हुआ है। यह तय हो जायेगा कि हिंदी के साथ है और कौन नहीं।

# प्रेसीडेंट ऑफ भारत' से भी 'इन्हें' दिक्कत है

**विकास सक्सेना**

आम चुनाव के लिए अभी से पक्ष और विपक्ष की बिसात बिछ चुकी है। लगातार दो लोकसभा चुनाव में करारी हार से बौखलाई कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने मिलकर एक नया गठबंधन तैयार किया है। इसका नाम आईएनडीआईए ' इंडिया' रखा है। सनातन भारतीय संस्कृति से उनकी घृणा कोई नई नहीं है, लेकिन अब तो कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के नेता 'प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया' के स्थान पर 'प्रेसीडेंट ऑफ भारत' लिखे जाने पर आपत्ति जता रहे हैं। इससे नई बहस शुरू हो गई है।

विपक्ष के नेताओं और तमाम बुद्धिजीवियों का मानना है कि हिन्दू समाज के मतदाताओं के जातीय पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर मतदान करने की वजह से भाजपा ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावो और कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की है। इसीलिए हाथरस कांड को आज तक याद दिलाया जाता है ताकि भाजपा को दलित विरोधी साबित किया जा सके।

मोदी हटाओ के सूत्र वाक्य से एकजुट हुए विपक्षी दलों को लग रहा है कि हिन्दू वोटों में बंटवारा किए बिना भाजपा को हरा पाना संभव नहीं है। इसीलिए विपक्षी दलों के तमाम नेता लगातार इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं जिससे हिन्दू समाज में जातीय विद्वेष बढ़ जाए। बिहार के शिक्षामंत्री चंद्रशेखर और

## सामयिक

समाजवादी पार्टी के महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामचरित मानस की चौपाई का उदाहरण देते हुए इसके खिलाफ जमकर अनर्गल बयानबाजी की। हालांकि तमाम मानस मर्मज्ञ विद्वानों ने अवधी भाषा में लिखी इस चौपाई का अर्थ स्पष्ट किया लेकिन वे उसे स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। इनके उकसावे का नतीजा यह निकला कि जिस रामचरित मानस का हिन्दू समाज के लगभग प्रत्येक परिवार में पूरी श्रद्धा के साथ पाठ किया जाता है उसे कुछ लोगों ने फाड़ा और जलाया। स्वामी प्रसाद मौर्य तो हिन्दू समाज के खिलाफ जहर घोलते-घोलते इतना आगे चले गए कि उन्होंने हिन्दू धर्म को ही धोखा बता दिया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने तो सनातन हिन्दू धर्म की तुलना कोरोना, मलेरिया और डेंगू बुखार से करते हुए यहां तक कह दिया कि इसका विरोध नहीं करना चाहिए बल्कि इसका उन्मूलन यानी खत्म करना होगा।

धर्मनिरपेक्षता के नाम पर सनातन धर्म, संस्कृति, साहित्य और उसके प्रतीकों के विरोध में अनर्गल बयानबाजी करते आए इन नेताओं ने 'सिर तन से जुदा जैसे नारों' से बेखौफ होकर हिन्दू समाज में बंटवारा करने के लिए लंबा जाल बुना है। मगर वह अपने ही जाल में उलझ रहे हैं। मोदी के हर फैसले का विरोध करने की जिद में वे सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक तक के सबूत मांगकर सेना के पराक्रम को नकारने का प्रयास करते हुए यहां तक कह देते हैं कि 300 आतंकी मारे गए या 300 दरख्त गिरे।

इसी तरह रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जब लड़ाकू विमान राफेल की आपूर्ति प्राप्त करने के लिए फ्रांस पहुंचकर भारतीय परम्परा के अनुसार पूजा अर्चना की तब भी इन नेताओं ने उनकी आलोचना की ।हमारी संसद के नए भवन के निर्माण की सेंट्रल बिस्टा परियोजना का विरोध किया जाता है। बीते मई महीने में इसके उद्घाटन के लिए भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन- -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### आजसू ने कुएं में डाला ब्लीचिंग पाउडर



**रजरप्पा।** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के निर्देशानुसार रामगढ़ प्रखंड के बारलोंग पंचायत के विभिन्न कुओं पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो डीएम, बारलोंग मुखिया रेखा देवी, कुंदरु कलां मुखिया सह आजसू पार्टी जिला कोषाध्यक्ष किशुन राम मुंडा, पंचायत समिति सदस्य निशा देवी, आजसू पार्टी के जिला उपाध्यक्ष संतोष महतो, बुद्धिजीवी मंच सचिव चिंतामनी महतो ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर अजय महतो, ललिता देवी, सीता देवी, जगदेव महतो आदि मौजूद थे।

### कुजू में जलमीनार से पाइप की चोरी



**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के नयामोड़–गिद्दी हीरक सड़क मार्ग के किनारे ओरला जंगल में निर्मित जलमीनार से चोरों ने बीती रात्रि में पेयाजलापूर्ति के लिए लगे कीमती पाईप की चोरी कर ली। जलमीनार के पानी भंडारण पाईप की चोरी होने को लेकर नीलेश कुमार कंस्ट्रक्शन कंपनी के कार्यरत कर्मी जितेंद्र मुंडा व सौरभ कुमार ने कुजू ओपी में आवेदन दिया है। आवेदन में लिखा है कि रविवार सुबह सात बजे जितेंद्र मुंडा जब गांवों में जलापूर्ति के लिए वल्व खोलने गया तो देखा कि जलमीनार में पानी चढ़ाने के लिए लगाया गया रेजिंग का 150 एमएम का आठ मीटर व वॉशआऊट का 9 मीटर पाइप को गायब है। कंपनी के अनुसार चोरी गए पाइप की कीमत करीब दो लाख रुपए बताया जा रहा है। पाइप चोरी होने से ओरला, झरना टोला, डटमा, सिमराटांड़ समेत निकटवर्ती गांवो में पेयजलापूर्ति सेवा ठप पड़ गई।

### युवा जदयू की चार कमेटी गठित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** युवा जनता दल युनाईटेड रामगढ़ जिलाध्यक्ष भूषण उरांव ने जिला के रामगढ, गोला, चितरपुर और दुलमी प्रखंड कमेटियों का गठन किया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष भूषण उरांव ने रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष योगेश कुमार, सचिव जितेन्द्र कुमार, गोला प्रखंड अध्यक्ष राजपति स्वर्णकार, सचिव देवानंद महतो, चितरपुर प्रखंड अध्यक्ष सचिदानंद कुमार सचिव आशीष कुमार सोनी, दुलमी प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण कुमार, सचिव विकास कुमार को मनोनित किया है। साथ ही सभी प्रखंड पदाधिकारियों को संगठन के नीति और सिद्धांतो के आधार पर लोगो को जोडने और जनता में पार्टी के उद्देश्यों को ले जाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही प्रखंड कमेटी का विस्तार करने की बात कही है। मौके पर दर्जनों लोग मौजूद थे।

### कराटे ग्रेडिंग प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे डू फेडरेशन ऑफ इंडिया झारखंड भुरकुंडा शाखा के तत्वावधान में रविवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में एक दिवसीय कराटे ग्रेडिंग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में सेंसाई कंचन दास ने कराटेकारो को काता, कुमिते, फाइट, बेसिक, जुडो सहित अन्य तकनीक की जानकारी दी। इस अवसर पर कंचन दास ने बताया कि कराटे खाली हाथ आत्मरक्षा का सबसे बेहतर गुर है। शिविर में सृष्टि कुजूर, आस्था सिंह, मयंक कुमार, मिहिर पासवान, स्मृति मुंडा, जालवी, आलिया खान, चित्रलेखा, सिमरण टोप्पो, यामिनी कुजूर, रेयांश राज, मो नववीन, मानसी, मो अनिश, अजिज, विकास सहित दर्जनों कराटेकार शामिल थे।

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच समाजसेवी संस्था ने प्रत्येक रविवार की भांति इस बार भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन पतल बेचने वाले महिला पुरुष और बच्चों के बीच जन सहयोग से भोजन के रूप में पाव भाजी का वितरण किया। मौके पर अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि सबों के सहयोग से पिछले 8 वर्षो से गरीबों को भोजन कराया जाता रहा जो आगे भी जरूर रहेगा। भोजन वितरण में उमाशंकर जायसवाल, प्रो रामानुज सिंह, रिंकू वर्णवाल, रंजीत यादव, डॉ जयश्री मेहता, रंजीत यादव, राकेश शर्मा, लालू उरांव, विरेन्द्र पाण्डेय, जयप्रकाश पांडेय, दिलीप गंझू, लखन राम, सुकरा करमाली सहित अन्य लोग शामिल थे।

### वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**कुजू।** अज्ञात वाहन की चपेट में आकर छोटानागपुर पेट्रोल पंप ट्रांसपोर्ट नगर के पास शनिवार की बीती रात एक युवक की मौत हो गयी। घटना की सूचना पेट्रोल पंप कर्मियों द्वारा कुजू पुलिस को दिया गया। पुलिस घटन स्थल पहुंचकर युवक के क्षत–विक्षत शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। बताया जाता है कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक का शरीर पूरी तरह क्षत–विक्षत हो गया। समाचार लिखे जाने तक शव का शिनाख्त नहीं हो पाया था।

### विद्युत शक्ति केंद्र ऊर्जा मेला आज

कुजू। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कुजू द्वारा विद्युत शक्ति उपकेंद्र बीआरएल रांची रोड में सोमवार को ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया है। यह जानकारी सहायक विद्युत अभियंता बीरेंद्र उरांव ने दी। उन्होंने बताया कि पूर्वाह्न 11 से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित ऊर्जा मेला में विद्युत संबंधित सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### ओशो फ्रेगरेंस सत्संग का आयोजन

**रामगढ़।** थाना चौक स्थित गणक मैरेज हॉल में 10 सितंबर को ओशो फ्रेगरेंस सत्संग व लाइव वीडियो का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वामी शैलेंद्र सरस्वती एवं मां अमृत प्रिया ने लाइव उपस्थित होकर ध्यान साधना और प्रश्नोत्तरी करवाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आचार्य प्रभाकरजी एवं मां ध्यान रश्मि जी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान आचार्य प्रभाकरजी ने उपस्थित साधकों को साधना से होने वाले लाभ के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। वहीं, मां ध्यान रश्मि ने साधकों को साधना के संबंध में बताया। साथ ही समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद का आहवान किया।

# दारु में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### 50 टीमें ले रही भाग

**टूर्नामेंट का मकसद ग्रामीण प्रतिभा को निखारना : मनीष जायसवाल**



**दारु।** हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित हजारीबाग के सबसे लोकप्रिय नमो फुटबॉल टूर्नामेंट- 2023 के द्वितीय चरण का शानदार आगाज रविवार को दारू प्रखंड के जतराटांड़ मैदान हरली में हुआ। इस टूर्नामेंट में वर्तमान वर्ष दारु प्रखंड क्षेत्र की कुल 50 टीमों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। उद्घाटन सदर विधायक मनीष जायसवाल ने खिलाड़ियों संग मैदान में फुटबॉल खेलकर कराया। जायसवाल काा भाजपा कार्यकर्ताओं, क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों और स्थानीय लोगों ने ढोल- ताशे के गड़गड़ाहट के साथ जमकर आतिशबाजी और पुष्प-वर्षा करते हुए फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर अभूतपूर्व स्वागत किया। टूर्नामेंट के उद्घाटन से पूर्व स्थानीय दर्जनों फुटबॉल टीमों के खिलाड़ियों द्वारा रंग-बिरंगे नमो जर्सी के साथ हाथ में देश की आन- बान और शान तिरंगा झंडा और मशाल लेकर मैदान में मार्च पास्ट किया गया। यह नयनाभिराम दृश्य देख उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए। सभी खिलाड़ियों, अतिथियों और दर्शकों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान भी गाया। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी टीमों के खिलाड़ियों और दर्शकों से पूरा मैदान गुलजार हो उठा। विधायक मनीष जायसवाल ने उपस्थित खिलाड़ियों और दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन का मकसद ग्रामीण प्रतिभा को निखर कर भविष्य में बेहतर मंच प्रदान करना और क्षेत्र के युवाओं को मुख्य धारा से जोड़े रखते हुए और सामाजिक विसंगतियों से बचाना है। मैच में निर्णायक की भूमिका में अशोक और उनकी टीम लगी है वहीं उद्घोषक के रूप में कैलाश विश्वकर्मा और राहुल प्रसाद ने सराहनीय भूमिका निभाया। मौके पर विशेषरूप से दारु भाजपा प्रखंड अध्यक्ष बसंत नारायन, विधायक प्रतिनिधि बालदेव बाबू, खेलकूद युवा कार्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि बंटी तिवारी, जयप्रकाश, मंडल महामंत्री इंद्रदेव कुशवाहा, उपाध्यक्ष रामनारायण कुशवाहा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष देवदत प्रसाद, किशुन प्रसाद, विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# खेल से सामाजिक भावनाओं को मिलता है बल : विधायक

**करियासन और ढौठवा में फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन में शामिल हुए मनीष जायसवाल, खिलाड़ियों और आयोजकों का किया उत्साहवर्द्धन**



**कटकमसांडी।** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कटकमसांडी के टोला करियासन में केकेएफसी क्लब की ओर से आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन के मौके पर रविवार को सदर विधायक मनीष जायसवाल पहुंचे। उन्होंने खिलाड़ियों सहित खेल आयोजकों और दर्शकों का उत्साहवर्धन किया। कटकमसांडी के करीवासन पहुंचने पर ढोल बाजे के साथ विधायक का गर्मजोशी के साथ बुके देकर व माल्यार्पण कर पंचायतवासियों ने भव्य स्वागत किया। श्री जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में फुटबॉल के प्रति जुनून देख मन गदगद हो जाता है, जिन लोगों में खेल की भावना समाहित हो, वह कभी भी समाज विरोधी नहीं हो सकता। खेल से सामाजिक भावनाओं को बल मिलता है। उनमें भाईचारगी की भावना प्रबल होती है। इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच राजू 11 बनाम चतरा के बीच खेला गया। राजू 11 की टीम ने चतरा टीम को पेनाल्टी शूटआउट में एक गोल से पराजित कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। विजेता टीम ,राजू 11 को आयोजन समिति की ओर से 25100 हजार 100 रुपये का चेक तथा ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं उपविजेता टीम चतरा को 15000 हजार के चेक और एवं शिल्ड देकर सम्मानित किया गया। यह टूर्नामेंट नव युवा क्लब ढौठवा के द्वारा आयोजन किया गया था।इस टूर्नामेंट में फाइनल मुकाबला मलकपुर बनाम डांटो के बिच खेला गया जिस में डांटो की टीम विजय हासिल किया।मौके पर , कटकमसांडी जिप सदस्य प्रतिनिधि रौशन भुइयां,कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा,भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव, विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, चंद्र यादव, विकाश यादव , चंद्र यादव,मुकेश यादव, भोला यादव, ढौठवा मुखिया जय प्रकाश केशरी , आराभूषई मुखिया आदित्य दांगी ,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सोहर राणा,राजकुमार यादव,विजय दांगी सहित कई उपस्थित थे।

### यूनियन के लिए मजदूरों का हित सर्वोपरि : मनोज



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कस यूनियन की बैठक रविवार को सेन्ट्रल सौन्दा हाथीदारी क्षेत्रिय कार्यालय में हुई। बैठक में यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष आरपी सिंह चन्देल और केन्द्रीय सचिव मनोज कुमार गुप्ता उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम सीटू एवं एआआईसीडब्लू के पूर्व उपाध्यक्ष एमके चन्दा के आकस्मिक निधन और प्राकृतिक विपदा में मारे गये लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया गया। मनोज गुप्ता ने कहा कि हमारी यूनियन के लिए मजदूरों का हित सर्वोपरि है। इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता। मजदूरों की समस्याओं का समाधान हमारी यूनियन का मुख्य उद्देश्य है। मौके पर आजाद भुईयां, सुरेश महतो, मिथुन भुईयां, बबलू कुमार पांडेय, आकाश कुमार, प्रदीप कुमार, झनकु बेदिया सहित अन्य लोग शामिल थे।

## अरुण साहू ने खिलाड़ियों को दिया फुटबॉल व जर्सी



**बरही।** झारखंड में प्रतिभा की कमी नही है,जरूरत है उसमें सही मार्गदर्शन की। इस बात को लेकर खिलाड़ियों के विकास के लिए तिलेश्वर साहू सेना अध्यक्ष अरुण साहू लगातार उनसे मिलकर उनका सर्वांगीण विकास को लेकर प्रयास कर रहे है। इस दौरान खिलाड़ियों को यथासंभव अपने तरफ से फुटबॉल, जर्सी उपलब्ध करवा रहे है। इस दौरान टीएसएस अध्यक्ष अरुण साहू ने अपने आवास पर खिलाड़ियों को बुलाकर जर्सी व फुटबॉल का वितरण किया।उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के विकास को लेकर वह लगातार प्रयासरत हैं। परन्तु जनप्रतिनिधियों में कोई स्पष्ट दृष्टिकोण नहीं है। बरही में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन उभरते खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए जनप्रतिनिधियों की ओर से उनके भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए किसी ठोस नीति का न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। वह अपने स्तर से लगातार प्रयास कर रहे है और आगे भी करते रहेंगे।

मौके पर बरही प्रखंड उपाध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास, पदमा प्रखंड के सक्रिय युवा कार्यकर्ता करण ओझा, मनोज कुमार, यमुना कुमार, रौशन मेहता, राकेश मेहता सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### कबड्डी में कस्तूरबा विद्यालय बना विजेता

**बरही।** खेलो झारखंड के तहत प्रखंड मैदान बरही में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के 10 विद्यालय ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ बीईईओ रामसेवक दांगी, बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी सहित विभिन्न विद्यालय के शिक्षकों ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर इसका विधिवत शुभारंभ किया गया। जिसमें अंडर 19 में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बरसोत विजेता बनी। इसके अलावा अंडर 17 बालिका वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर, बालक वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय केवाल, अंडर 14 बालिका वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय करियातपुर व बालक वर्ग में बरहीडीह विजेता बना। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामसेवक दांगी ने बताया कि विजेता टीम अब जिले की प्रतियोगिता में भाग लेगी। मौके पर बीपीएम अरुण शर्मा, अकाउंटेंट संजय राणा, डॉ सुनील यादव, बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, रविकांत ओम, अयोध्या प्रजापति, कस्तूरबा से सुषमा कुमारी, पंकज कुमार सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

### उच्च विद्यालय तिउज के दीवारों पर लिखी हैं भद्दी-भद्दी बातें

**दारू (हजारीबाग)।** दारू प्रखंड क्षेत्र के पुनाई पंचायत के उच्च विद्यालय तीउज विद्यालय में करीब 750 सौ छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण करते हैं । विद्यालय अवधि के बाद यहां पर कुछ असामाजिक तत्व के युवा आकर नशा पान करते हैं और साथ ही यहां के दीवारों पर भद्दी भद्दी बाते लिख देते हैं ।इस विद्यालय के दीवार पर कई तरह की अभद्र भाषा लिखी हुई हैं और सबसे बड़ी बात है कि यह लिखा हुअ पिछ्ले कई दिनों से इसी तरह लिखा हुआ है पर विद्यालय प्रबंधन की नजर ईश्वर नहीं पड़ी और ना ही से मिटाने का प्रयास किया गया ।इस विद्यालय की छात्राएं जब इधर से गुजरती हैं तो दिवार पर लेखनी देखकर शर्मशार हो जाती हैं ।इस विद्यालय के प्रधानाध्यापक के अनुउपस्थिति में बाकी शिक्षकों से बात करने पर उन्होंने बताया कि हां यह तो गलत लिखा हुआ है लेकिन अब तक इसे क्यो मिटाया नहीं गया है इसके बारे में प्रधानाध्यापक से बात करेंगे । दीवार पर पर काफी बड़े-बड़े अक्षरों से कमेंट लिखें हुए हैं । दारू प्रखंड केअन्य विद्यालयों में भी यही हाल है स्कूल की अवधि खत्म होने के बाद विद्यालय परिसर में नशा करने वालों का जमावड़ा लगता है । यहां दारू,सिगरेट गान्जा आदि का सेवन , करके दारू की बोतलों को भी वही फोड़ देते हैं ,साथ ही दीवारों पर गन्दी गन्दी कमेंट लिख देते हैं। एक सभ्य समाज में इस तरह की हरकत करना बिल्कुल गलत है साथी शिक्षकों को भी यह चाहिए कि इस तरह की दीवारों पर लिखा है तो उसे अबिलम्ब मिटा दें पर कई महीनो से लिखी हुई है पर किसी ने भी अब तक इसे नहीं मिटाया है।

# टीबी के मरीजों को चिह्नित कर करायें इलाज : मुखिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में आकांक्षी कार्यक्रम के तहत जन प्रतिनिधियों व ग्रामीणों की बैठक**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रीवर साईड भुरकुंडा स्तिथ बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में प्रखंड स्तरीय आकांक्षी कार्यक्रम के तहत जन प्रतिनिधियों व ग्रामीणों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया सत्यवंती देवी ने किया। बैठक में नीति आयोग का कार्य देख रहे पिरामल फाउंडेशन के सीनियर प्रोग्राम लीड प्रवीण कुमार, प्रोग्राम लीडर मिथुन भंडारी, कल्याणी प्रकाश राऊत ने स्वास्थ्य विभाग के इंडिकेटर के तहत प्रसव पूर्व पूर्ण जांच, संस्थागत प्रसव, बच्चे का वजन 2500 ग्राम से कम ना हो, टीवी के मरीजों को चिन्हित कर उचित ईलाज एवं हाइपरटेंशन एवं शुगर की मरीज का निरंतर संपर्क का सलाह दी।सत्यवंती देवी ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से नवजात शिशुओ एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य एवं संस्थागत प्रशव को बढ़ावा देने हेतु प्रोत्साहित करना है। टीकाकरण एवं पोषण आहार के माध्यम से कुपोषण से बच्चों एवं एनीमिया से महिलाओं को बचाना है। अधिक से अधिक सरकारी अस्पतालों में प्रसव सुनिश्चित करने हेतु गर्भवती महिलाओं का निबंधन आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा कराया जाना है। जिससे जन्म के समय मृत्यु दर को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय छोड़ने वाले बच्चों पर रोक लगाने के लिए परिजनों से मिलकर समस्याओं का निराकरण करना है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, उप मुखिया प्रशांत कुमार, जल सहिया छुवि देवी, प्रधानाध्यापक रवीश कुमार, शकुंतला देवी, दयामुनी मुर्मू, अनीता देवी, रेणुका देवी, नीतू सिन्हा, वीणा देवी, विनय कुमार, अध्यक्ष शेरोफिना एक्का, रंजू सिंह, मंजू देवी, तिलोतमा तिवारी, एलिजाबेथ डोडराय, किरण सिंह, प्रेमी सलोमी तिर्की, आतोषी मुखर्जी, शकुंतला देवी, मीरा देवी, संजीदा खातून, सीमा कुमारी, रुपाली कुमारी, मो इम्तियाज हुसैन, स्मृता देवी, उर्मिला देवी, सुजाता देवी, कौशल्या देवी, विप्लव कुमार, रविकांत सिंह, भगवान दास करमाली आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### विधायक ने किया ट्रांसफार्मर का उद्‌घाटन



**बरही।** प्रखंड अंतर्गत भंडारों पंचायत के बहेराबाद यादव टोला में विधायक उमाशंकर अकेला ने 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया।मौके पर विधायक श्री अकेला ने कहा कि ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों को अब अंधेरे में रात बितानी नहीं पड़ेगी। उन्होंने ग्रामीणों को भी बिजली का सही उपयोग करने की बात कही। उन्होंने बताया कि बिजली हमारे जीवन की मूल आवश्यकता बन चुकी है। इसके बिना जीना बहुत कठिन है। पहले के जमाने में लोग अंधेरे में रहते थे लेकिन आज बिजली की वजह से हमको अंधेरे में भी उजाला देखने का मौका मिलता है। मौके पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव, रामचंद्र यादव, सीताराम यादव, सिकंदर यादव, पिंटू सिंह, तुलसी दास, बहादुर पासवान, शमशेर आलम, सुनील पांडे, चंद्रिका सिंह, गणेश यादव, गोपी यादव, तुलसी देवी, सुशीला देवी, रीना देवी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### पांडु पंचायत में खुला सिलाई प्रशिक्षण केंद्र

**केरेडारी।** कीर्तन जन जागरण एवं एनटीपीसी सहयोग के द्वारा केरेडारी प्रखंड के पंचायत पाण्डु पंचायत में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन मुखिया सकीबा खातून एवं समाजसेवी 5 वार्ड कमिश्नर इनायत अंसारी एवं महिलाओं के द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। कीर्तन जन जागरण के प्रमुख कीर्तन कुमार ने बताया कि इस संस्था का उद्देश्य है जो भी महिलाएँ व बच्चियाँ कोई भी प्रशिक्षण के लिए बाहर जाती हैं अब उन्हें नहीं जाना पड़ेगा। वे अपने गाँव अपने घर और अपने पंचायत में ही प्रशिक्षण लेंगी। बताया कि प्रशिक्षण के बाद सबको सर्टिफिकेट दे कर अपने ही पंचायत में रोजगार दिया जाएगा। सिलाई शिक्षिका गजाला परवीन रशीदा बातूल हुस्न फातिमा चाहत परवीन मुस्कान परवीन जसीमन जन्नती खातून रेशमा खातून आफरीन प्रवीण रेहाना खातून रानी खातून नैना प्रवीण रबीना खातून रेहाना खातून तमन्ना प्रवीण गजाला परवीन नजीबून खातून यास्मीन खातून नाजिया प्रवीण शानिया प्रवीण नसरीन प्रवीण सजीना खातून नजमीं खातून रोशन प्रवीण समीदा खातून नूरजहां खातून सहना खातून शाहिना खातून फरजाना खातून शाहाना खातून अफसाना खातून सबीना खातून रुखसार प्रवीण सानिया खातून सलमा खातून रोशनी खातून आदि मौजूद थे।

### टेलीकॉम कंपनी ने दी ट्राई नियमों की जानकारी

**विष्णुगढ़ ।** प्रखंड के नरकी पंचायत के रांगामाटी में महिला जनशक्ति संगठन, बोकारो द्वारा ट्राई नियमो को बताया गया। नियमों से सम्बंधित जागरूकता कार्यक्रम रांगामाटी स्कूल में आयोजित की गई। विद्यालय के शिक्षक स्वयं सहायता समूह के महिलाओ ने जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। कुलदीप राम प्रधानाध्यापक रंगामाटी के अलावे रविंद्र कुमार, महिला जनशक्ति संगठन के सुमन कुमारी , ट्रेनर सह सीईओ जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी उपस्थित थे। महिला पुरुषों को भारत सरकार के टेलीकॉम कंपनी के उपभोक्ताओं के लिए चलाए जा रहे हितकारी योजनाओं और सुरक्षा के नियमों और योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई ।

### एसटी-एससी के अध्यक्ष बने विजय मशीह



**हजारीबाग।** शहर के पतरातू पैलेस में रविवार को अनुसूचित जाति, जनजाति सरकारी सेवक कर्मियों ने बैठक कर एसटी–एससी संगठन बनाया। शिक्षक विजय मशीह ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि कदम ऐसा रखें की निशान बने, काम ऐसा करें की सामाज में पहचान बने। वहीं राजेश्वर कुमार सहित कई वक्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने का निर्णय लिया। मौके पर कार्यवाहक संचालन समिति का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष विजय मशीह, सचिव रामविलास पासवान, उपाध्यक्ष राजेश्वर कुमार व कालीचरण राम, संयुक्त सचिव विनोद दास मनोज व कुमार दास, कोषाध्यक्ष रौशन एलन मरांडी, संगठन मंत्री संजय चंद्रा, अंकेक्षक महेंद्र राम, मीडिया प्रभारी आरिफ व यमुना राम, सोशल मीडिया प्रभारी संजय रजक एवं संरक्षक राजू राम एवं डॉ. भागवत राम को चुना गया। अध्यक्ष ने बताया कि संगठन का विस्तार किया जायेगा। प्रत्येक महीना नियमित रूप से बैठक होगी।

### प्राथमिक शिक्षक संघ ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**हजारीबाग।** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई के अध्यक्ष मोहम्मद अतीकुज्जमा ने वर्षों से सेवारत प्राथमिक शिक्षकों की त्वरित पदोन्नति के लिए उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला शिक्षा स्थापना समिति को आवेदन देकर प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय के शिक्षकों के आपसी वरीयता के लिए वरीयता सूची–2 तथा वरीयता सूची–4 के प्रकाशन सुनिश्चित करवाने के लिए अनुरोध किया है। ज्ञात हो कि निदेशक ( प्राथमिक शिक्षा) स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के पत्रांक 714 (विधि) 29/8/2023 द्वारा उच्च न्यायालय रांची के द्वारा 26/7/2023 को पारित न्यायादेश के आलोक में प्राथमिक शिक्षकों की वरीयता सूची ग्रेड–दो को ग्रेड–चार के लिए तथा वरीयता सूची–चार को ग्रेड–सात के लिए किया जाना अपेक्षित है।

### ब्रह्म विद्या विहंगम योग ने निकाली शोभायात्रा

**बड़कागांव।** ब्रह्म विद्या विहंगम योग के आध्यात्मिक सूर्य सत गुरुदेव जी महाराज के आदेश अनुसार पूरा विश्व में शोभायात्रा निकाला गया है। यह स्वर स्वर्वेद यात्रा 25 देश में निकल गया। इसी आलोक में बड़कागांव प्रखंड स्तरीय यात्रा निकाला गया। 17 एवं 18 सितंबर को बनारस में महामंदिर धाम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस विश्व आयुर्वेद यात्रा में हजारीबाग जिला के संयोजक पंकज मिश्रा,जिला पत्रिका प्रभारी भोला प्रसाद दांगी,केरेडारी प्रखंड उपाध्यक्ष माधुरी देवी,प्रखंड संयोजक जीवन माली,बड़कागांव प्रखंड संयोजक जगलाल साहू,किन्नू साहू,कालेश्वर प्रसाद,मोहन साहू,भुवनेश्वर राणा, नवल किशोर सिंह,रामकुमार राणा, महेंद्र प्रसाद सहित भारी संख्या में सत्य गुरु सदस्य शामिल थे।

### अलौंजा कला घरथूरवा में लगा पर्यावरण मेला



**इचाक।** अलौंजा कला के धरथूरवा जंगल में वन एवं पर्यावरण मेला का उद्घाटन इचाक प्रखंड के प्रमुख पार्वती देवी, जीप सदस्य रेणु देवी, बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र का युवा नेता गौतम कुमार, ब्रहामण समाज के प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक ,उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार मेहता, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत मेहता, भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, पंचायत के मुखिया सकेन्द्र प्रसाद मेहता, पंचायत समिति महेंद्र पंडित की मौजूदगी में हुआ। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौतम कुमार ने कहा कि जंगल की कटाई को लोग हल्के में ले रहे। इंसान को जीने के लिए जितना आवश्यक भोजन है उतना ही जरूरी वनों की रक्षा करना है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति प्रत्येक वर्ष जंगल की रक्षा करते हुए पेड़ लगाने की पहल जरूर करना चाहिए। प्रमुख पार्वती देवी ने कि हमलोग को वन बचाने पर गंभीर होना चाहिए। उपप्रमुख सतेंद्र मेहता ने कहा कि खुशी की बात है की घरथूरवा जंगल में पर्यावरण बचाव जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष रंजीत मेहता ने कहा कि वन बचाएं की मुहिम टाटीझरिया से शुरू हुआ था,अब यह पूरे राज्यस्तर पर फैल रहा। सकेन्द्र प्रसाद मेहता ने कहा कि अपने नाम के प्रत्येक वर्ष एक पौधा जरूर लगाएं। इस अवसर पर सहयोग करने वालो में रंजीत यादव,आदर्श युवा संगठन के प्रखंड अध्यक्ष सिद्धू सिंह राजपुत, बली सिंह ,सोरभ कुमार रवि ,सुरज मेहता ,खुशनरायण मेहता ,बलराम महतो ,बंसत मेहता ,फुलेश्वर मेहता ,गौतम पांडे ,उपेन्द्र मेहता ,रंजन मेहता ओम प्रकाश मेहता ,किशोरी महतो ,अयोध्या मेहता,बिनोद मेहता समेत कई लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### ऑटो पलटने से युवक घायल, रिम्स रेफर

**गुमला।** थाना क्षेत्र के सोसो मोड़ के समीप ऑटो पलटने से टोटो के रवि कुमार (30) गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया। डॉक्टर की देखरेख में घायल का उपचार करते हुए उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया। घटना में युवक का कमर टूट गयँ है। जानकारी देते हुए घायल के परिजन ने बताया कि वह मेन रोड स्थित गुमला टेक्सटाइल में काम कर घर वापस ऑटो में सवार होकर जा रहा था।

### धार्मिक स्थलों पर चला सफाई अभियान




**गुमला।** श्री सर्वेश्वरी समूह के उन्नीस सूत्री कार्यक्रम के तहत समूह की गुमला शाखा महिला संगठन ने सामाजिक सद्भावना एवं स्वच्छता अभियान को लेकर शहरी क्षेत्र के मंदिरों, मस्जिदों, चर्च और गुरुद्वारा में सफाई कार्य के लिए प्रयुक्त झाड़ू एवं अघोरेश्वर संदेश भी बांटा। मौके पर महिला संगठन के नीता हरीतिमा, हेमलता यादव, गायत्री महापात्र, मीरा विश्वकर्मा, मधु सिन्हा, पद्मिनी मिश्रा, अनीशा गुप्ता, नीलम केसरी, कांता गुप्ता, क्षमा गुप्ता, मांडवी रानी, अनिता गुप्ता, माया गुप्ता आदि उपस्थित थी।

### शिक्षा बिन मनुष्य पशु के समान: किरण



**सिसई।** आलम एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल रहमत नगर सिसई का रविवार को जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, मुखिया सुगिया देवी, सदर सलमान अली, थाना प्रभारी आदित्य चौधरी व रजा अंसारी ने उद्घाटन कियाा। जिप अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन पशु के समान है। इसलिए सभी परिवार अपने बच्चों को शिक्षित जरूर करें। मुखिया ने कहा कि शिक्षा मनुष्य के जीवन का हिस्सा है। सदर ने कहा कि आज मुस्लिम कॉम में शिक्षा का काफी अभाव है इसलिए शिक्षा ग्रहण करना अतिआवश्यक है।

### प्रतियोगिता को लेकर लगा शिविर



**लोहरदगा।** जिला समाहरणालय मैदान में एकदिवसीय ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। आगामी प्रतियोगिता खेलो झारखंड की तैयारी को लेकर ताइक्वांडो संघ के मुख्य प्रशिक्षक पारस साहू ने शिविर में आये विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों को फाइटिंग टेक्निक की जानकारी दी। कैंप में जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव अजय महतो, प्रशिक्षक देवाल उरांव, सपना कुमारी, मिताली कुमारी, रितिका उरांव और साधना सिन्हा ने प्रशिक्षण दिया। शिविर में सीएम एक्सीलेंस +2 नदिया हिंदू उवि, सीएम एक्सीलेंस कस्तूरबा +2 वि, चुन्नी लाल +2 वि और मवि पावरगंज के विद्यार्थी भी थे।

### करमा पूर्व संध्या समिति के अध्यक्ष बने बिशुन



**भंडरा।** प्रखंड बस्ती स्थित डाक बंगला भवन में रविवार को पूर्व जिला परिषद सदस्य शामील उरांव की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय करमा पूर्व संध्या को लेकर बैठक की गयी। बैठक में करमा पूर्व संध्या अगामी 21 सितम्बर को प्रखंड के जय सरना लूर कुड़िया मुरली पोखरा बिटपी भंडरा में प्रखंड स्तरीय करमा पूर्व संध्या मनाने का निर्णय लिया गया। शामिल उरांव ने बताया कि करमा पूर्व संध्या में विभिन्न गांव के नित्य समूह खोड़हा आदिवासी के पारंपारिक भेश-भाषा एवं रिति-रिर्वज के साथ भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के 50 गांवों के खोड़हा समूह भाग लेंगे सभी खोड़हा को एक-एक ढोल पुरस्कार के रूप में दिया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक बिशुनपुर चमरा लिंडा होंगे तथा विशिष्ट अतिथि शिवराम कच्छप जिप सदस्य, पंसस, मुखिया एवं पहन पुजार होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति का अध्यक्ष बिशुन उरांव, उपाध्यक्ष राजकुमार उरांव, गुलशन उरांव, मंगरा उरांव सचिव- फूल देव उरांव, सह सचिव बीजू उरांव, कोषाध्यक्ष- मनमोहन उरांव, सह कोषाध्यक्ष- सूरज उरांव, मीडिया प्रभारी, विनोद उरांव को बनाया गया है।

### भाजपा ने दिया वीरों को सम्मान : लखन



**कैरो।** भाजपा कैरो मंडल अध्यक्ष लखन उरांव की अध्यक्षता में रविवार को देवी मंडप प्रांगण में भाजपाइयों की बैठक हुई। बैठक के पश्चात मेरा माटी मेरा देश के प्रखंड मुख्यालय में हर घर से माटी संग्रह किया गया। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में माटी संग्रह करने के लिए पंचायत प्रभारी नियुक्त किये गये जिसमें, पंचायत कैरो से विशेश्वर प्रसाद दिन, नाजिर आलम खान, हनहट राजेंद्र महतो, श्रवण मुंडा, नरौली से बजरंग उरांव, राम बुझावन गुप्ता, गजनी से विशेश्वर प्रसाद दिन कैलाश महतो, गुड़ी से राजेंद्र महतो कैलाश महतो को प्रभारी बनाया गया। मौके पर लखन उरांव ने कहा, आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव जन नेतृत्व की पहल के रूप में मनाया जा रहा है। सरकार ने इसी उत्सव की निरंतरता में ह्य मेरी माटी मेरा देश अभियानह्न का शुभारम्भ किया है। भारत के 77वें स्वतंत्रता दिवस पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम का समापन हुआ। पीएम मोदी ने मेरी माटी-मेरा देश अभियान का सुझाव दिया है।

# नये एसपी हारीश बिन जमां ने संभाला पदभार

## कहा- अपराध नियंत्रण पहली प्राथमिकता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिले के नये पुलिस कप्तान हारीश बिन जमां ने शनिवार की शाम पुलिस अधीक्षक लोहरदगा के रूप में पदभार ग्रहण किया। मौके पर उन्होंने निवर्तमान एसपी आर रामकुमार से पदभार ग्रहण किया। नये एसपी का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। नये एसपी हारीश बीन जमां ने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही पुलिस और आम लोगों के बीच समन्वय बनाकर कार्य करने पर उनका जोर होगा। कहा कि लोहरदगा जिले में अपनी शुरुआत कर रहा हूं। वरीय और कनिष्ठ अधिकारियों के साथ तालमेल और अनुभव के साथ बेहतर कार्य करूंगा। गुमला जिले का निवासी हूं और रांची से पढ़ाई किया। दोनों जिले के बीच लोहरदगा में पोस्टिंग मिली है। सबके सहयोग से काम करूंगा।

# छात्रावास में छात्रों के लिए मेस की व्यवस्था करेगा छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज

- छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज गुमला की बैठक
- 24 सितंबर को करमा पर्व मनाने का निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**




बैठक में शामिल तेली समाज के पदाधिकारी।

**गुमला।** छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज जिला गुमला की बैठक समाज के कार्यालय तेली छात्रावास में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्याम सुंदर साहू ने कहा कि समाज आगे बढ़ रही है। समाज के उत्थान को लेकर चिंतन करने की जरूरत है। समाज के छात्रों के विकास पर काम होगा। जिसके लिए छात्रावास में भी व्यवस्था होगी।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि तेली समाज करमा पर्व धूमधाम से मनाता है। इस वर्ष भी तेली समाज 24 को करमा महोत्सव बृहद रूप से मनायेगा। करमा हमारी संस्कृति एवं सभ्यता की पहचान है। बैठक में प्रखंड अध्यक्षों को निर्देश दिया कि महोत्सव को लेकर गांव-गांव में जागरूकता फैलायें और जातीय सर्वेक्षण का कार्य को 15 दिन के अंदर पूरा कर जिला समिति को सर्व प्रतिवेदन निश्चित तौर पर जमा करेंगे।

**बैठक के प्रमुख निर्णय**

छात्रावास में अध्ययन अध्यापन करने वाले सभी छात्रों को ज्ञानवर्धक सलाह दिया गया एवं छात्रों के लिए बिजली पानी जैसे मूलभूत सुविधा देने के लिए व्यवस्था करने की बात कही। छात्रों के भोजन के लिए जल्द ही मेश की व्यवस्था करने की चर्चा हुई। प्रत्येक वर्ष की भांति छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज जिला गुमला गरीब अनाथ एवं असहाय बालिकाओं के सामूहिक विवाह तथा शिक्षा के सहायता हेतु इस वर्ष भी नहीं लाटरी ड्रा का आयोजन करेगी। तेली छात्रावास तक जाने वाले रास्ता के लिए जिला कार्यकारिणी समिति ने उपायुक्त गुमला को आवेदन दिया है। छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज के शिष्टमंडल को उपायुक्त ने जल्द ही पथ निर्माण पर आश्वासन दिया गया। बैठक में महासचिव शिवचरण साहू, उपाध्यक्ष लीलांबर साहू, कार्यालय मंत्री शैलेंद्र साहू, महिला अध्यक्ष प्रमिला देवी, महिला संरक्षक बसंती साहू, सुनीता साहू, मेनका साहू बहुरआ ओ, दयाल साहू, अनिल साहू, मुनेश्वर साहू एवं छात्रावास के छात्र उपस्थित थे।

## प्रस्तावित कुडुख उच्च विद्यालय में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह

# शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन अंधकारमय : जिग्गा सुसारण होरो

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम में शामिल विधायक, पूर्व विधायक व अन्य।

**सिसई।** प्रखंड के शिवनाथपुर स्थित प्रस्तावित कुडुख उच्च विद्यालय में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाध्यापक सुकरु उरांव ने दीप प्रज्वलित कर एवं स्वागत भाषण के साथ किया।

समारोह में उपस्थित विधायक जिग्गा सुसारण होरो ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की आज के दौर में शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन अंधकारमय है। हर बच्चे बचियॉ शिक्षा जरूर ग्रहण करे और परिवार का मुखिया से आग्रह है कि सभी कोई अपने अपने बच्चो को शिक्षा जरूर दिलाए और नशा पान से दूर रखे।

क्षेत्र का जो भी समस्या होगा उसको निदान करने करने का भरसक प्रयास किया जायेगा। मौके पर मौजूद लोहरदगा विधानसभा के पूर्व विधायक सुखदेव भगत, सिसई उतरी जिला परिषद सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, बीससूत्री सदस्य अमर टोप्पो, रवि उरांव, प्रकाश उरांव, दशरथ भगत, भोजा टाना भगत, बिरसा पहान, गंदुर उरांव, अफरोज अंसारी, ललित साहु, गौरी शंकर भगत, रामा उरांव, राजेन्द्र उरांव, बंधन उरांव, रंजीत उरांव,संकर लोहरा, सोमा टाना भगत, विराज उरांव, अनिता उरांव, प्रतिमा उरांव, अनुष्का किंडो, शिक्षक शिक्षिकाओं एंव भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# चुनाव हारे हैं मैदान नहीं, हमने इंडिया गठबंधन की नींव हिला दी : सुदेश महतो

**खबर मन्त्र संवाददाता**




कार्यक्रम में मौजूद सुदेश महतो।

**लोहरदगा।** आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो रविवार को लोहरदगा पहुंचे जहां वो आजसू पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन के साथ कुशवाहा समाज द्वारा आयोजित लव कुश जयंती समारोह में भाग लिये। लोहरदगा पहुंचने पर लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। पुराने नगर भवन में आयोजित लव कुश जयंती का उद्घाटन सुदेश महतो ने दीप जलाकर किया। सामाजिक सम्मेलन के माध्यम से सुदेश कुमार महतो ने आजसू पार्टी और इंडिया गठबंधन के आदर्श के प्रति समाज के लोगों को आत्मसात करने और भागीदारी निभाने की अपील की है। वहीं सुदेश महतो आजसू के जिला स्तरीय ग्राम प्रभारी सह कार्यकर्ता सम्मेलन में भी शामिल हुए और आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं को आने वाले चुनाव को लेकर दिशा निर्देश दिया।

**खास बातें :** उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव होने की संभावना है ऐसे में हम सभी कार्यकर्ताओं को एनडीए गठबंधन के नीति सिद्धांत को लेकर केंद्र सरकार की विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचना है और भ्रष्टाचारी हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना है। वहीं सुदेश कुमार महतो ने डुमरी उपचुनाव को लेकर कहा कि जनता का भरपूर साथ मिला लेकिन एनडीए गठबंधन आंकड़ों में पीछे रह गई, लेकिन जिस तरह से वर्तमान सरकार में सत्ताधारी दल के नेता और कार्यकर्ता उत्पाद मचा रहे हैं, राइफल चमक रहे हैं, विरोधी दलों के साथ बर्बरता पूर्वक व्यवहार कर रहे हैं यह सब जनता देख रही है। सत्ता के नशे में चूर झामुमो के कार्यकर्ता आज तांडव मचा रहे हैं। आने वाले लोकसभा विधानसभा चुनाव में जनता इसका जवाब देगी। हमारी सक्रियता और बढ़ेगी और आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी।

### बाइक और स्कूटी की टक्कर में दो युवक घायल

**गुमला।** थाना क्षेत्र के बांसडीह के समीप तेज रफ्तार बाइक सवार स्कूटी सवार को धक्का मारते हुए घटनास्थल से फरार हो गया। वहीं स्कूटी सवार दो युवक करमटोली के निशांत लकड़ा व राजू साहू गिरकर घायल हो गये। जिसे स्थानीय युवकों ने सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया। घायलों ने बताया कि दोनों दोस्त स्कूटी से बांसडीह की ओर घूमने गये थे। जहां वापसी में बांसडीह के समीप पीछे से आ रहे बाइक सवार धक्का मार घटनास्थल से फरार हो गया।

### बाइक चोरी की थाने में शिकायत

**घाघरा।** प्रखंड के हहरि निवासी विनोद उरांव ने रविवार को बाइक चोरी होने का घाघरा थाना में लिखित आवेदन दिया। आवेदन में बिनोद उरांव ने बताया कि शनिवार को उसका भाई मनीष राम उरांव पल्सर बाइक (जेएच 07जे 3502) को लेकर हरि मोड़ स्थित मित्र संजेश उरांव के घर गया था। जहां संजेश के घर के आंगन में बाइक छोड़ संजेश की बाइक से गम्हरिया गया। जब शाम 6:00 बजे हहरि मोड़ जब दोस्त के घर पहुंचा तो देखा कि बाइक नहीं है। शाम में गांव के आसपास सहित कई जगहों पर खोजबीन की। वहीं रविवार की सुबह भी खोजबीन की। जिसके बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। तो थक-हार कर लिखित आवेदन घाघरा थाना को दिया।

# मेरा माटी, मेरा देश : भाजपा ने सदर प्रखंड के चार गांवों से जुटायी मिट्टी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत रविवार को भाजपा सदर प्रखंड कमिटी ने 04 गांवों की मिट्टी कलश में संग्रह किया। प्रखंड के भटखिजरी शक्ति केंद्र पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरज दसौंधी के अध्यक्षता में एवं मंडल प्रभारी सुरज मोहन साहू एवं मंडल कार्यकताओं की उपस्थिति मे बैठक भी आहुत कर मंडल के सभी 38 गाँवो मे मिट्टी संग्रहण को लेकर बैठक मे प्रभारी भी बनाये गये हैं। लोहरदगा ग्रामीण मंडल के भटखीजरी, बाघा, बसरी व भक्सो समेत 04 गांवों से मिट्टी कलश में संग्रहित की गयी। मौके पर मेरा माटी, मेरा देश कार्यक्रम के निमित मिट्टी संग्रहण कार्यक्रम मे उपस्थित प्रखंड प्रभारी सुरजमोहन साहू ने कहा कि देश के अमर वीर शहीदों के याद मे गांवों से आगामी 17 सितंबर तक कलश मे मिट्टी संग्रहण कर जिला एवं प्रदेश भेजी जायेगी। फिर प्रदेश भाजपा एक बृहद कार्यक्रम कर इसे दिल्ली भेजेगी।

# श्री बड़ा दुर्गा मंदिर पूजा समिति के अध्यक्ष बने निर्मल व रमेश सचिव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने का लिया गया निर्णय



निर्मल गोयल और रमेश कुमार।

**गुमला।** श्री बड़ा दुर्गा मंदिर पूजा समिति की आम बैठक समिति के अध्यक्ष निर्मल गोयल की अध्यक्षता में हुई। बैठक के प्रारंभ में पूजा समिति के कोषाध्यक्ष द्वारिका मिश्र सुमन द्वारा गत वर्ष के आय-व्यय का व्यौरा प्रस्तुत किया गया। जिसे उपस्थित लोगों द्वारा ध्वनिमत से अनुमोदित किया गया। बैठक में शारदीय नवरात्र एवं दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाये जाने का निर्णय लेते हुए नये सत्र के लिए निम्नरुपेण पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष निर्मल गोयल, उपाध्यक्ष भूपन साहू एवं ओम प्रकाश साहू, सचिव रमेश कुमार चीनी, सह सचिव अवधेश गोप एवं रुपेश भगत, कोषाध्यक्ष मिथुन कुमार, सह कोषाध्यक्ष द्वारिका मिश्र सुमन को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य राम निवास प्रसाद, किशोर रजक, अशोक शर्मा, सुधीर पाठक, अमित सिंह, ओमप्रकाश साह बने।

### जज्बा से जरूर मिलती है जीत : सुखदेव भगत



**लोहरदगा।** जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में विगत एक माह पूर्व कार्तिक उरांव जिला स्तरीय फुटबॉल लीग का आयोजन किया गया था, जिसमें 20 सदस्यीय जिला टीम का चयन हुआ। इस टीम को गढ़वा जिला में आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेना है। जिला फुटबॉल संघ के द्वारा प्लस टू नदिया हिंदू हाई स्कूल के मिनी स्टेडियम में जिला फुटबॉल टीम में चयनित हुए खिलाड़ियों की घोषणा करने हेतु एक सादे समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल थे। कार्यक्रम में आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी का स्वागत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि जिला स्तरीय 20 सदस्यों टीम की घोषणा करते हुए सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप लोग गढ़वा जिला में इंटर डिस्ट्रिक्ट मैच खेलने जा रहे हैं आप लोग अनुशासन में रहकर बेहतर खेल कर लोहरदगा का नाम रोशन करें। प्रशासनिक स्तर पर हरसंभव सहायता करने की बात कहें। पूर्व विधायक सह जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष सुखदेव भगत खिलाड़ियों से कहा की जीतने की जज्बा लेकर जाएंगे और पूरी प्रतिबद्धता के साथ खेलेंगे तो जीत अवश्य होगी। जिले के छुपी हुई प्रतिभा को आगे लाने के लिए जिला फुटबाल संघ सतत प्रयास कर रही है।

# सीताराम शर्मा की पत्नी के निधन पर भाजपाइयों ने जताया शोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** केंद्रीय महावीर मंडल के आजीवन संरक्षक रहे तथा भाजपा सहित अनेक संगठनों से समाजसेवा करने वाले स्व सीताराम शर्मा (बाबा जी) की धर्मपत्नी राधा शर्मा का रांची में रविवार सुबह निधन हो गया। इस दुःख के घड़ी में भाजपाइयों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। भाजपा राष्ट्रीय जनजाति मोर्चा अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद समीर उरांव, लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह, पूर्व विधायक रमेश उरांव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, पूर्व माटीकला बोर्ड अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद, मदन मोहन पाठक, राकेश प्रसाद, राजकिशोर महतो, राजमोहन राम, एसटी मोर्चा प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव, प्रदेश मंत्री भाजयुमो अजातशत्रु, बजरंग उरांव, लक्ष्मीनारायण भगत, हर्ष नाथ महतो समेला भगत, नीरज कुमार नलिन, नवीन कुमार टिंकू, बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा भी थे।

### शहर में बढ़ रही चोरी पर शीघ्र लगे अंकुश

**गुमला।** शहरी क्षेत्र में इन दिनों चोरी की वारदात आम हो गयी है। जिसे लेकर शहरवासी चिंतित हैं। चैंबर के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने पुलिस प्रशासन से चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है। कहा है कि सीसीटीवी से शहर के लैस होने के बावजूद चोर अपने मंसूबे में सफल हो रहे हैं। उनमें पुलिस प्रशासन का भय नहीं है। यही कारण है कि अब रिहायसी इलाकों में भी लोग खुद को सुरक्षित महसुस नहीं कर रहे है और घर छोड़कर बाहर जाने से परहेज कर रहे हैं।

# संसाधनों की कमी से बच्चों को नहीं मिलता अच्छा प्लेटफार्म : रविंद्र भगत



- अंडर 15 जनजातीय ग्रामीण ओलंपिक प्रतिभा चयन का शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** बिशुनपुर प्रखंड के एसएस हाई स्कूल स्टेडियम मैदान में अंडर-15 जनजातीय ग्रामीण ओलंपिक प्रतिभा चयन का शुभारंभ किया गया। जिसके मुख्य अतिथि पटना में पदस्थापित सीआरपीएफ के डीआइजी रविंद्र भगत थे। उन्होंने बच्चों को कहा कि जनजातीय ग्रामीण ओलंपिक यहां के बच्चों के लिए एक प्लेटफार्म है। इसके माध्यम से गांव में छुपी हुई प्रतिभा को एक मंच देने का काम जनजाति ग्रामीण ओलंपिक के माध्यम से किया जा रहा है। बिशुनपुर जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

# सितंबर में सभी प्रखंडों में सहिया और सामुदायिक स्वास्थ्य प्रशिक्षक संघ के गठन का लिया गया निर्णय

- सामुदायिक स्वास्थ्य प्रशिक्षक संघ की बैठक
- बैठक में जिला समिति पुनर्गठन का लिया निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल सदस्य।

**गुमला।** जिला मुख्यालय स्थित जशपुर रोड के तेलगा खड़िया स्टेडियम में गुमला जिला सामुदायिक स्वास्थ्य प्रशिक्षक संघ का बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीटीटी श्रीमती उमा देवी ने किया। बैठक में जिला के सभी ग्रामीण बीटीटी, परिवार नियोजन बीटीटी और आरकेएसके बीटीटी शामिल हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीटीटी श्रीमती उमा देवी ने कहा कि संघ को फिर से सक्रिय करना है इसलिए सभी प्रखंडों की सहिया, सहिया साथी और बीटीटी को एक साथ मिलकर कदम से कदम मिलाकर चलना होगा।

श्रीमती उमा देवी ने संघ की मजबूती के लिए व्यक्तिगत लाभ को त्याग कर सामुहिक लाभ के लिए सबो को हाथ से हाथ जोड़कर शपथ दिलाई। संघ के वरिष्ठ सदस्या आरकेएसके बीटीटी श्रीमती जसिंता तोपनो ने कहा कि गुमला जिला का संगठन बहुत ही मजबूत संगठन था। इसका उदाहरण है कि हमलोग राज्य के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलें और आज सभी बीटीटी एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। आने वाला समय हमारी एकता फिर से दिखेगी।

**खास बातें :** संघ की वरिष्ठ सदस्या आरकेएसके बीटीटी श्रीमती उर्मिला देवी ने कहा कि संघ में अनुशासन बहुत ही जरूरी है। अनुशासन से ही संघ मजबूत होगा। सभी को संघ के लिए समय और धन त्याग करना होगा तभी जाकर हम मजबूत होंगे और तभी विभाग हमें गंभीरता से लेंगी। संघ की वरिष्ठ सदस्या ग्रामीण बीटीटी श्रीमती बबीता देवी ने कहा कि पुरानी बातों को याद करने से दुःख ही हाथ लगेगा। इसलिए पुरानी बातों को भुलकर एक बार नए उत्साह के साथ मिलकर संघ को मजबूती प्रदान करना है। संघ की अगली बैठक 8 अक्टूबर को इसी स्थान पर करने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अगली बैठक में दो-दो सहिया साथी को भी शामिल किया जाए।

# कार्यालय के संचालन को भवन प्रबंधन टीम का गठन आवश्यक : नीलकंठ मुंडा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में मौजूद भाजपाई।

**लोहरदगा।** जिला भारतीय जनता पार्टी वक्सी डीपा स्थित जिला कार्यालय मे 10 सितंबर रविवार को जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के अध्यक्षता मे एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सह खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका एवं जिला उपाध्यक्ष के उपस्थिति में जिला कार्यालय प्रवंधन को लेकर आवश्यक बैठक आहुत की गयी। बैठक मे पुर्व मंत्री झारखंड सरकार सह खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि संगठन को चलाने हेतू कार्यालय का होना आवश्यक है,और लोहरदगा जिला मे पार्टी केंद्र नेतृत्व के द्वारा कार्यालय की व्यवस्था की गई यह लोहरदगा जिला भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए बहुत बड़ी बात है, अब इसे सुचारु रूप से संचालन हेतु भवन प्रबंधन टीम का गठन होना आवश्यक है।

**कार्यक्रम की मुख्य बातें :** बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका ने जिला कार्यालय पुस्तकालय, बगीचा, सुरक्षा, सीसीटीवी, कॉन्फ्रेंस हाल साउंड मिक्ठर इत्यादि विषयों के अद्यतन हालत व रख रखाव पर चर्चा की वही आईटी सेल को नियमित रूप से सीसीटीवी मे रिकार्ड चेक करने का निर्देश प्रदेश कोषाध्यक्ष ने दिया। जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने प्रदेश पदाधिकारियों से स्टाफ रूम, विद्युत विल, बाउंड्री वाल, कार्यालय के सामने मिट्टी भराव इत्यादि कार्यालय के कुछ आवश्यक कमियों को प्रदेश पदाधिकारी के समक्ष रखते हुए उसे पुर्ण करने की बात कही। मौके पर कार्यालय प्रवंधन बैठक मे उपरोक्त लोगों के अलावा जिला उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो, नीरज कुमार नलिन, नवीन कुमार टिंकु, सुरज मोहन साहू, सामेला भगत, महामंत्री बालकृष्णा सिंह, कार्यालय मंत्री सुरेश बैठा, कार्यालय प्रभारी अशोक साहू इत्यादि बैठक मे उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज़

## शहीद शक्ति सिंह के घर से मिट्टी संग्रहित



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी ने सिमरिया विधान सभा के मयूरहंड मंडल के अंबातरी गांव में शहीद शक्ति सिंह के घर से मिट्टी संग्रह कार्यक्रम किया। इस मौके पर सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। एकत्रित की गई मिट्टी दिल्ली भेजी जायेगी व से मिट्टियों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। शक्ति सिंह सेना मे कार्यरत थे। 17 अगस्त 2016 में जम्मू-कश्मीर के बारामूला में वीरगति को प्राप्त हुए थे। इस मौके पर सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने कहा मेरी माटी मेरा देश अभियान की शुरूआत भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा की गई है। इस मिट्टी का उपयोग दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बनी अमृत वाटिका को विकसित करने के लिए किया जाएगा। इसके अलावा दिल्ली में एक शीलाफलकम स्थापित की जाएगी। इस पर देश के शहीदों का नाम अंकित होगा। हमारी स्वतंत्रता के लिए हमारे कई वीर शहीदों ने अपनी जान की कुबार्नी दी है। जिनमें से कुछ स्वतंत्रा सेनानी तो ऐसे हैं, जिनके बारे में देश के नागरिकों को मालूम नहीं है। वह की लड़ाई में कुर्बान हो गए और उनकी कुबार्नी के बारे में कोई नहीं जानता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से ऐसे सभी स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में लोगों को बताया जाएगा। मौके पर जिला किसान मोर्चा मंत्री टुन्नी सिंह, विधायक प्रतिनिधि निरंजन सिंह, रशिक सिंह, अनिल सिंह, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा महासमिति का हुआ गठन, ईश्वर दयाल पांडेय बने अध्यक्ष



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** सिसई दुर्गा मंडप परिसर मे हर वर्ष की तरह इस बार भी दुर्गा पूजा मनाये जाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पुर्व मुखिया छेदी पांडेय तथा संचालन सुमन भारतीय ने किया। आयोजित बैठक में हर वर्ष की भांति इस बार भी धूमधाम से पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। दस दिवसीय दुर्गा पूजा शांति व सौहार्दपूर्ण मनाये जाने तथा इसकी सफलता को लेकर कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से ईश्वर दयाल पांडेय को अध्यक्ष, सुमन भारतीय को महामंत्री, धनंजय पांडेय को कोषाध्यक्ष बनाया गया। जबकि सचिव संजीव कुमार पांडेय व संयोजक उदय पांडेय को तथा उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, दिगेश्वर रजक, सूरज भुईयां को बनाया गया। मिडीया प्रभारी मुकेश आनंद, पूजा प्रभारी संतोष पांडेय, भूषण पांडेय व दयानंद को, मंडप सजावट प्रभारी प्रवीण कुमार पांडेय, राजीव रंजन, आलोक कुमार, विक्की कुमार को बनाया गया। वहीं दुर्गा पूजा महासमिति में मुख्य संरक्षक स्थानीय विधायक किशुन कुमार दास व स्थानीय मुखिया निलेश ज्ञासेन रहेंगे। अध्यक्ष ईश्वर दयाल पांडेय ने कहा कि बंगाल के पंडित द्वारा भव्य महाआरती और भक्ति जागरण समेत कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन होगा, जो आकर्षण का मुख्य केन्द्र बनेगा और पूजा में भव्यता लाएगा। मौके पर परमेश्वर रजक, शैलेश भारतीय, विशेश्वर रजक, कृष्णकांत पांडेय, द्वारिका पांडेय, शिक्षक कुणाल कुमार, प्रवेश पांडेय, सुशील विद्यार्थी, विजय पांडेय, विश्वनाथ विद्यार्थी, रौशन पांडेय, महावीर भुईयां, चंद्रशेखर रजक,भीम रजक, मनोज , मनीष, अविनाश,राहुल,सुदर्शन समेत कई मौजूद थे।

## राशि गबन को लेकर प्रमुख ने डीडीसी को आवेदन दे जांच की मांग की



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत 14वीं एवं 15वीं वित्त आयोग की राशि मुखिया के द्वारा गमन कर दिया गया है। जिसकी जांच को लेकर प्रखंड प्रमुख अनीता यादव ने उप विकास, निर्देशक पंचायती राज विभाग रांची,प्रखंड विकास पदाधिकारी विभाग गिद्धौर को लिखित आवेदन देकर जांच करने की मांग किया है। एवं प्रखंड के संयुक्त अधिकारियों के प्रति कानून कारवाई करने की लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में प्रमुख ने लिखा है।कि मार्च 2023 में सोलर जलमिनर की मर्मती करने को लेकर राशि का निकासी किया गया। परंतु अब तक एक भी सोलर जलमिनर प्रखंड में नहीं बनवाया गया। जिसके लिए अगस्त में प्रमुख ने अधिकारियों को जांच के लिए आवेदन दिया। इसके उपरांत सितंबर माह में सभी मुखिया वेंडर एवं सम्मिलित अधिकारियों ने सोलर जलमिनर की मर्मती करवाने में जुड़े। प्रमुख का कहना है कि धरातल पर पंचायत समिति सदस्य के योजनाओं का बिना कार्य कारनी रजिस्टर में पारित किए बिना ही कार्य किया गया है।और राशि का गमण किया गया है। जो धरातल पर नहीं है। बताते चलें कि बरियातू पंचायत में पूर्व विधायक मत से चबूतरा निर्माण कराया गया था।

देश का भविष्य युवाओं के हाथ में, सीएम हेमंत को प्रताड़ित किया तो ईंट से ईंट बजा देंगे

# समय रहते नहीं चेते तो जीना होगा गुलामी की जिंदगी : मंत्री मिथिलेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डेन में रविवार को झामुमो युवा मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर तथा स्व. दुर्गा सोरेन एवं वीर शहीद अब्दुल हमीद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज जिस जोश एवं उत्साह के साथ कार्यकर्ता पहुंचे हैं इससे उन्हें गर्व है। मंत्री ने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथ में है। यदि युवा समय रहते नहीं चेते तो गुलामी की जिंदगी जीनी पड़ेगी। सभी को वार्ड पार्षद से लेकर सांसद तक अपना सेवक चुनना होगा, तभी आपको अपना हक एवं अधिकार मिलेगा। मंत्री ने कहा कि विकट परिस्थितियों में भी जब राज्य का काफी तेजी से विकास होने लगा, तब केंद्र ने हर हथकंडा अपना कर राज्य सरकार को अस्थिर एवं प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। यदि हमारे युवा मुख्यमंत्री को प्रताड़ित किया जाएगा तो हम ईंट से ईंट बजा देंगे। उन्होंने कहा कि वह राजनीति व्यापार के लिए नहीं करते हैं , बल्कि जन सेवा के लिए करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा देश विविधता में एकता का देश है। कुछ लोग हमें जाति, धर्म उच्च, नीच में बांटकर कटुता पैदा कर सत्ता में काबिज रहना चाहते हैं। हम ऐसे मुट्ठी भर चंद लोगों की साजिश को कभी कामयाब



कार्यक्रम का उद्घाटन करते मंत्री



उपस्थित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता

नहीं होने देंगे। आज हम सभी संकल्प लें कि किसी भी हाल में मुट्ठी भर लोगों को हम लोकतंत्र एवं संविधान से खिलवाड़ करने में कामयाब नहीं होने देंगे। केंद्र में बैठी सरकार को जनता से कोई लेना-देना नहीं है। पूरे देश का 40% रॉयल्टी झारखंड से जाता है। झारखंड देश का सबसे अमीर राज्य है, फिर भी यहां के लोग काफी गरीब हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वे गढ़वा को कोई खैरात नहीं दे रहे हैं, बल्कि जनता ने उन्हें जो जिम्मेवारी दी है वे उसे निभा रहे हैं। यदि किसी भी जनप्रतिनिधि में कार्य करने की इच्छा शक्ति हो तो उसे दुनिया की कोई भी ताकत नहीं रोक सकती है। राजनीति एवं लोकतंत्र में जाति व धर्म का कोई स्थान नहीं है। मंत्री ने कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि आप सभी अपने-अपने पंचायत में जाकर लोगों को सरकार की उपलब्धियां को बताएं। साथ ही केंद्र किस तरह से उनकी चुनी हुई सरकार को बदनाम कर रही है यह भी जानकारी लोगों को दें। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि हेमंत सरकार ने 1932 के खतियान का स्थानीय नीति लागू किया भाजपा ने उसे राज्यपाल से वापस कर दिया। सरकार ने नियोजन नीति बनाई, 26 हजार से अधिक शिक्षकों की बहाली निकली इसे भी भाजपा ने कोर्ट से रद्द कर दिया। भाजपा सिर्फ राज्य के विकास की पहिया को रोकने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि जनता ने जब से उन्हें सेवा का मौका दिया है तब से वे क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करने में लगे हुए हैं। मौके पर झामुमो युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय सिंह छोटू आदि लोगों ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, अनिता दत्त, जिप उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, भवनाथपुर जिप सदस्य रंजनी शर्मा, नवीन तिवारी, आशुतोष पांडेय, शरीफ अंसारी, प्रियम सिंह, करीब अंसारी, फुजैल अहमद सहित काफी संख्या में गढ़वा एवं डंडा प्रखंड के झामुमो युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ससुर ने दामाद पर अपने ही बहू व पोते को भगा ले जाने का लगाया आरोप, भेजा गया जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** पुलिस थाना कांड संख्या 182/23 भादवि की धारा 366/504/506 के प्राथमिकी अभियुक्त 35 वर्षीय शेख सफीक पिता स्व. शेख हामिद उर्फ हामिद खान निवासी बनासो थाना विष्णुगढ जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि जयनगर बाजार रोड निवासी अनवर खान पिता स्व.सुलतान खान ने अपने ही दामाद पर अपनी बहु को बहला फुसला कर पोते के साथ भगा



ले जाने का आरोप लगाते हुए 5 सिंतबर को यह मामला दर्ज कराया था, दिए गए आवेदन में श्री खान ने कहा था कि शेख सफीक जो मेरा दामाद है, वह मेरी बहु को बहला फुसला कर भगा ले गया है, साथ में मेरे पोते को भगा ले गया है। दामाद के द्वारा बार-बार फोन पर धमकी दी जा रही है कि वह मेरे पोते को किसी और को दे देगा।

इस दौरान थाना प्रभारी उमानाथ सिंह द्वारा आरोपी के धर पकड का प्रयास तेज कर दिया गया और मिली सूचना के आधार पर उक्त युवक को विष्णुगढ से गिरफ्तार कर कोडरमा जेल भेज दिया।

## पुलिस अधीक्षक के पद पर अनुदीप सिंह ने किया पदभार ग्रहण



**कोडरमा।** जिले के नए पुलिस अधीक्षक के रूप में झारखंड कैडर के आईपीएस अनुदीप सिंह ने रविवार को पदभार ग्रहण कर लिया है। एसपी कुमार गौरव से कोडरमा के 24वें एसपी के रूप में अनुदीप सिंह ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के बाद एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि पुलिस तत्परता और ईमानदारी से कार्य करेगी। व्यवसाय करने वाले लोग निर्भीक होकर अपना कार्य करें, किसी भी तरह की कोई समस्या हो तो सीधे हमसे संपर्क कर अपनी समस्या रख सकते हैं। बता दें कि आईपीएस अनुदीप सिंह सीनियर डीएसपी एसआइरबी खूंटी में तैनात थे, एसपी के रूप में उनकी पहली पदस्थापना कोडरमा में हुई है।

## दुर्गा पूजा समिति की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नावाडीह 1 में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर रविवार को टुकलाल यादव की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक का संचालन सेवानिवृत शिक्षक रामकृष्ण वर्मा ने किया। बैठक में पुरानी कमिटी को भंग करते हुए पुनः सर्वसम्मति से पांचवी बार अध्यक्ष बसंत साव को बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष उमेश्वर वर्मा, सचिव मुंशी महतो, कोषाध्यक्ष महेश प्रसाद, उप कोषाध्यक्ष सदानंद गुप्ता को बनाया गया। वहीं आंकेंक्षक के रूप में हरिहर साव व संरक्षक रामेश्वर राणा, कार्तिक साव, ओम प्रकाश गुप्ता को रखा गया। वहीं पूजा प्रभारी महावीर प्रसाद वर्मा को बनाया गया है। बैठक में सुरेश साव, अनुपम हलधर, सिकेंद्र साव, नेहरू साव, हीरालाल यादव, मिथलेश साव, पंकज वर्मा, पंकज राणा, अशोक साव, गणेश साव, संजय रंजन, पवन राणा, कौशल गुप्ता, अमित कुमार अमित, पन्नालाल रज्जक, सुनील वर्मा, शंकर वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, झारखंडी वर्मा, उमेश साव, बिनोद राणा, रंजीत राणा, राजेंद्र साव, प्रदीप साव, रामधनी साव समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## ड्रीम एलेवन में युवक ने जीता 45 लाख, क्षेत्र में चर्चा



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत कंद्रपडीह निवासी सोबरन साव के पुत्र प्रेम कुमार ने ड्रीम एलेवन गेम में बंगलादेश बनाम श्रीलंका मैच को लेकर गेम खेला और द्वितीय स्थान प्राप्त कर 45 लाख की राशि जीत लिया है। इसे लेकर इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस जीत के बाद मध्य वर्ग के परिवार का युवक लखपति बन गया। वहीं प्रेम ने बताया कि वह रातो रात लखपति बन जाएगा, वह कभी सोचा नहीं था मगर किस्मत पर भरोसा था फिलहाल व अपने गांव में रहकर छोटी सी दुकान चलाता है।

## सिद्धार्थ ने नीट 2023 में सफलता हासिल कर गांव का नाम किया रौशन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम कादोडीह निवासी सिद्धार्थ कुमार पिता मनोज कुमार ने नीट 2023 में सफलता प्राप्त किया। सिद्धार्थ कुमार ने ऑल इंडिया रैंक 4781 एवं झारखंड राज्य में 13वां रैंक प्राप्त किया है। सिद्धार्थ कुमार का चयन एमबीबीएस पढ़ाई के लिए रांची स्थित रिम्स कॉलेज में हुआ है। सिद्धार्थ के पिता मनोज कुमार एसडीओ हैं तथा माता गृहिणी है। सिद्धार्थ के दादा बद्री राम सेवानिवृत्ति राजस्व कर्मचारी हैं। उन्होंने बताया कि सिद्धार्थ बचपन से ही होनहार था। उन्होंने माध्यमिक तक की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय कोडरमा से तथा इंटरमीडिएट की पढ़ाई कोटा राजस्थान से प्राप्त की। उनकी इस सफलता पर पूरे गांव में उल्लास एवं खुशी का माहौल है। उनकी सफलता पर कार्तिक प्रसाद वर्मा, अर्जुन महतो, राजेश सिंह, डुगन महतो, त्रिवेणी राम, सुशील राम, अशोक राम, राजेश पासवान, जितेंद्र सिंह, शंकर पासवान, बलदेव महतो, तुलसी महतो, शशि पासवान, सचिन पासवान, गोविंद महतो, मनोहर वर्मा, कैलाश राणा, पोखराज साव, रामदेव रविदास एवं सैकड़ों ग्रामीणों ने शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## डॉ. अभिषेक ने बाबूलाल मरांडी से औपचारिक मुलाकात की

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक, डॉ. अभिषेक कुमार रामाधीन ने पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के आवास पर औपचारिक मुलाकात किया। इस मौके पर डॉक्टर अभिषेक ने श्री मरांडी के नेतृत्व में झारखंड में लग रहे मेडिकल कैंप की सराहना की और चिकित्सा प्रकोष्ठ को मजबूत करने का संकल्प जताया। डॉ. अभिषेक और श्री मरांडी ने स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार



के लिए मिलकर कठिनाइयों का समाधान खोजने का आलंब बनाया है। इस मौके पर डॉक्टर अभिषेक ने प्रदेश अध्यक्ष श्री मरांडी का स्वागत किया और पुष्पगुछ दिया। भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर डॉक्टर अभिषेक सिंह रामधनी ने बालूलाल मरांडी को बधाई दी। कहा कि बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से राज्य में भाजपा बेहतर करेगी। इस महत्वपूर्ण मिलन ने झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए एक साथिकता का परिचय किया और राज्य के चिकित्सा प्रकोष्ठ को स्थायी रूप से मजबूती देने का संकल्प जताया है। इस. दौरान बाबूलाल मरांडी द्वारा संगठन के विस्तारीकरण व मजबूत बनाए जाने की दिशा में डॉक्टर अभिषेक सिंह रामधनी से काफी देर तक बातचीत की। डॉक्टर अभिषेक सिंह रामधनी ने कहा कि भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को बनाए जाने के बाद संगठन में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। कार्यकताओं में नया जोश व उमंग है। आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में उसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेगा।

एक नजर में

## चिनियां में भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनाक्रोश सभा का आयोजन



कार्यक्रम में सत्येन्द्रनाथ तिवारी का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** रविवार को चिनियां प्रखंड मुख्यालय स्थित देवी धाम के मैदान में भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनाक्रोश सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम, जवाहर पासवान, प्रभात भुईया सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इसके पूर्व भाजपा कार्यकताओं ने पूर्व विधायक का भव्य स्वागत किया। मौके पर पूर्व विधायक श्री तिवारी ने कहा कि चिनियां की सभा में मौजूद लोगों में से कोई भी व्यक्ति अगर वर्तमान विधायक के पैतृक गांव का नाम बता देगा, तो उसे वह सात लाख रूपए नगद से पुरस्कृत करेंगे। उन्होंने कहा कि गढ़वा विधानसभा की स्थिति बद से बदत्तर हो गई है। बिना रिश्वतखोरी का एक भी काम नहीं हो रहा है। प्रखंडों में वेंडर के माध्यम से रिश्वतखोरी का गोरखधंधा चलाया जा रहा है। गरीबों का जमीन को ऑनलाइन नहीं किया जा रहा है। जल, जंगल और जमीन के नाम पर सता में आई झामुमो की सरकार अब गरीबों का जमीन हड़पने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि मंत्री अगर बगैर पुलिस प्रोटेक्शन के गांव की ओर जाएंगे, तो ग्रामीण उन्हें गांव में घुसने तक नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि बाहरी व्यक्ति कभी भी गढ़वा का विकास नही कर सकता है। उन्होंने सभी से 15 सिंतबर को गढ़वा में आयोजित बाबूलाल मरांडी के कार्यक्रम में शिरकत करने की अपील की। कार्यक्रम को ब्रजमोहन, जिला प्रभारी अमित कुमार सिंह, प्रभात भुईया, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने भी संबोधित किया।

## कार्यकताओं को संकल्प यात्रा कार्यक्रम से जोड़ने का निर्णय



उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** भाजपा मंडल कार्य समिति सहित वरिष्ट भाजपाइयों की बैठक टाउनशिप स्थित विधायक के आवास पर की गई। बैठक में आगामी 16 सितंबर को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा के तहत श्री बंशीधर नगर में आगमन निमित स्वागत कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम में अधिक से अधिक कार्यकताओं को संकल्प यात्रा कार्यक्रम से जोड़ने का निर्णय लिया गया। वही भाजपा के राष्ट्रीय कार्यक्रम मेरी मिट्टी मेरा देश के तहत प्रखंड के सभी नौ पंचायत में घर-घर से मिट्टी संग्रहण कर जिला कमेटी को समर्पित करने पर भी चर्चा की गई। बैठक में संकल्प यात्रा को तैयारी को लेकर विस्तार पूर्वक विचार विमर्श कर पंचायतवार प्रभारी एवं संयोजक नियुक्त किया गया। मौके पर विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि वर्तमान हेमंत सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आज पूरा झारखंड का अवाम त्रस्त है। श्रधेय अटल बिहारी वाजपेयी ने यहां के आदिवासी मूलवासियों के न्याय, समता और समानता के उद्देश्य से झारखंड राज्य की स्थापना की थी, परंतु आज हेमंत सरकार चाहती ही नहीं की यहां के लोगों को प्राथमिकता मिले क्योंकि सत्ता में बने रहना ही उनका उद्देश्य है। चाहे इसके बदले पूरा झारखंड ही क्यों न लूट जाए। जब तक डबल इंजन की सरकार नहीं तब तक भवनाथपुर सहित झारखंड के लोगों का सपना पूरा नही होगा। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव, लक्ष्मण राम, उमेन्द्र यादव, मनोज पहाड़िया, अनिल चौबे, संजय यादव, मनोज सिंह, भानु गुप्ता, विपिन चौबे, ब्रजेश चौबे आदि लोग उपस्थित थे।

## खुशी और गम दोनों के बीच एसपी शम्भू सिंह का हुआ विदाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन कर निवर्तमान सीनियर डीएसपी शम्भू सिंह को आईपीएस में हुई पदोन्नति के पश्चात भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर टंडवा इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने एसपी शम्भू सिंह की कार्यकाल की सराहना करते हुवे कहा कि मार्गदर्शन और उनकी सेवाकाल के दौरान टंडवा क्षेत्र का आपराधिक शांति के साथ- साथ तमाम छोटी-बड़ी घटना व विवादों को दूर करने में सहूलियत प्रदान हुई है। इस प्रकार से मंचासीन सभी पुलिस पदाधिकारीगण व जनप्रतिनिधियों ने शम्भू सिंह की सेवाकाल का सराहना करते हुवे उज्वल भविष्य की कामना किया। एवं विदाई होने से एक तरफ भावुकता एवं दूसरी तरफ टंडवा में पहली बार डीएसपी से एसपी में पदोन्नति होने पर खुशी का माहौल भी कायम था। ततपश्चात एसपी शम्भू सिंह ने टंडवा वासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुवे कहा कि टंडवा में डीएसपी के पद पर पदस्थापित होने से पूर्व टंडवा में आपराधिक मामलों व स्थापित एनटीपीसी पावर प्लांट एवं कोल परियोजनाओं में उतपन्न समस्याओं को दूर करना चुनौती जैसी भावना उत्पन्न हो रही थी, लेकिन यहां आते ही टंडवा वासियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ- साथ टंडवा एवं पिपरवार पुलिस की सहयोग व साथ के पश्चात सारी समस्याएं दूर करने में सफलता मिली। जिसका श्रेय टंडवा वासियों को जाता है। जिसमें टंडवा पत्रकारों की भूमिका अहम है। आयोजित कार्यक्रम की सफल सन्चालन वरिष्ठ पत्रकार विनय सिन्हा ने किया। इस मौके पर टंडवा इंस्पेक्टर विजय सिंह, सिमरिया इंस्पेक्टर केपी चौधरी, पिपरवार इंस्पेक्टर गोविंद कुमार एवं रंजीत रौशन एवं जनप्रतिनिधि में बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव धनगड्डा मुखिया अरबिंद सिंह अमानत हुसैन समेत कई जनप्रतिनिधिगण एवं पुलिस पदाधिकारी मुख्य रूप से शामिल थें।

स्पीड न्यूज

## खेलो झारखंड प्रतियोगिता आज

**बालूमाथ।** बालूमाथ में सोमवार को बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ राजकीय कृत उच्च प्लस टू उच्च विद्यालय में खेलो झारखंड कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी शामिल होंगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्य रूबी बानो ने बताया की खेलो झारखण्ड के तहत विद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिसमें चयनित प्रतिभागी या टीम प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेगी। प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अव्वल आने पर जिला स्तर के लिए प्रतिभागियों को भेजा जाएगा।

## सांप काटने से महिला हुई अचेत, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के जाला ग्राम में रविवार को सांप काटने से एक महिला अचेत हो गयी। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार सुनीता देवी 46 वर्ष पति लखन यादव ग्राम जाला सेरेगड़ा थाना बालूमाथ निवासी जंगल मे घास काटने गई थी। जहां एक विषैला सांप ने डंस लिया जिससे महिला अचेत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## दुर्गा पूजा समिति की बैठक 13 को

**बालूमाथ।** बालूमाथ सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की बैठक आगामी 13 सितंबर को दुर्गा मंडप परिसर में आयोजित की गई है इस बैठक में दुर्गा पूजा समिति के सभी सदस्य पदाधिकारी एवं अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने की अपील की गई है। उपरोक्त जानकारी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रवि सिंह ने दी।

## अमृत महोत्सव के तहत किया गया मिट्टी संग्रह

**बालूमाथ।** बालूमाथ मंडल के सेरेगड़ा पांडे टोला एवं गणेशपुर पंचायत के मंदिर टोला में से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत एक मुट्ठी चावल व मिट्टी संग्रह किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीलम देवी उपस्थित हुवे। भारत के स्वतंत्रता एकता, नीलम देवी ने कहा कि अखंडता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले नायकों के लिए यह वाटिका आजादी का अमृत महोत्सव के तहत देश एवं अपने कर्तव्य के लिए जान देने वाले शहीदों का स्मारक बनाया जाएगा। इसका समापन दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होगा। जहां देश भर की पंचायत से लाई गई मिट्टी से अमृत वाटिका बनाई जाएगी। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्या प्रियंका कुमारी, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, मंडल महामंत्री विजय यादव, चंद्रमोहन यादव, महेश यादव, संदीप यादव, जयनंदन पांडे, मुकेश राणा, कुलदीप राणा, बालकेश यादव राजेंद्र यादव, लोचन यादव, महेंद्र पांडे, रंजीत यादव, बिनोद यादव, पवन सिंह, जलेश्वर यादव, कृष्णा साव, नरेश सिंह, किशोरी साव, बनारसी साव, सुरेश साव, रजनीकांत गुप्ता, पंकज सिंह, इंद्र देव पांडे, संदीप कुमार गुप्ता, उज्वल गुप्ता, सौरभ गुप्ता, आनंद सिंह, अभय सिंह समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# लोकहित अधिकार पार्टी के जिलाध्यक्ष आदित्य साहू का निधन, शोक

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लोकहित अधिकार पार्टी के जिला जिलाध्यक्ष व राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के वरिष्ठ नेता व पूर्व शिक्षक आदित्य प्रसाद साहू का बीती रात महावीर मेडिका अस्पताल में देहांत हो गया । बीते एक सप्ताह से अचानक बीमार हो जाने के कारण इलाज के क्रम में इनका देहांत हो गया। अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। इनके देहात से शिक्षक परिवार व तेली साहू समाज राजनीतिक दल में शोक व्याप्त है। ऐसे शिक्षक का असमय निधन से लोगों ने दुख प्रकट किया है। बताते चले कि आदित्य प्रसाद साहू का जीवन संघर्षों से भरा रहा। लेकिन उनमें जो सबसे अच्छी बात रही कि उन्होंने कभी हालात को खुद पर स्थायी तौर पर हावी होने नहीं दिया। इस तपस्या के बाद वे ऐसे निखर के निकले कि सादगी, सरलता और विनम्रता में शिक्षक पद पर रहकर कई छात्राओं का भविष्य अंधकार से उजाले की ओर कर चुके थे। वही लोकहित अधिकार पार्टी के जिला जिलाध्यक्ष के पद पर रहते हुए कई सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे थे। बताते चले की आदित्य प्रसाद साहू अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं जिसमें उनकी धर्मपत्नी रेणु देवी, व पुत्री जुगनू कुमारी, पारुल कुमारी, पल्लवी कुमारी एवं एक पुत्र अनुराग कुमार है। बड़ी पुत्री पल्लवी कुमारी का शादी हो चुका है तथा अन्य सभी पुत्र एवं पुत्री का पढ़ाई अभी चल रहा है। देखा जाए तो उनके परिवार के कई सदस्य शिक्षक हैं जो अपने पिता के दिखाए रास्ते पर चलकर कई बच्चों का भविष्य सुधार रहे हैं। वही आदित्य प्रसाद साहू बहुत ही मृदभाषी व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। साथ ही आदित्य प्रसाद साहू हमेशा गरीब असहाय लोगों की मदद करते रहते थे। सैकड़ो लोगों ने आदित्य प्रसाद साहू के निधन के मौके पर दुःख प्रकट किया है। तथा इनके अंतिम संस्कार पर तेली समाज के जिला अध्यक्ष रामप्यारे प्रसाद, नारायण प्रसाद, केदार प्रसाद, दीपक प्रसाद, पवन गुप्ता,राजधानी प्रसाद यादव, बुलेट शोरूम के ओनर सुखपाल नामधारी, सौंडिक समाज के कार्यकर्ता नागेंद्र प्रसाद, सचिता प्रसाद, बनवारी साहू महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी, सचिव अंजू गुप्ता तथा महाविद्यालय के सभी कर्मचारी एवं शिक्षक गण मौजूद थे। इसके साथ ही सैकड़ो की संख्या पर लोग शामिल हुए थे।



आदित्य प्रसाद साहू (फाइल फोटो)

# सामूहिक दुष्कर्म के तीन आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गारू।** गारू थाना ने सामुहिक बलात्कार के तीन आरोपी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी राजीव कुमार भगत ने बताया कि गुरूवार को कबरी हाट बाजार से पति-पत्नी नशे की हालत में अपने गांव बारीबांध जा रहे थे। इसी बात का फायदा उठाकर अभियुक्त शिवलाल सिंह पिता- शिवराज सिंह एवं निरूदध बालक निवासी डाड़ीछापर, अनुप सिंह पिता- बलराम सिंह निवासी हेन्देहास, अरबिन्द सिंह पिता- पांडु सिंह निवासी डाड़ीछापर ने नशे में धुत महिला को जबरन झाड़ी में ले जाकर बारी बारी से बलात्कार कर घटना को अंजाम दिया। शुक्रवार को महिला के द्वारा गारू थाना में बलात्कार होने की लिखित शिकायत की गई थी। पुलिस कप्तान लातेहार के निर्देश पर गारू थाना के द्वारा टीम गठित कर तीनों अभियुक्तों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर भादवि की धारा 341/342/323/376 डी/34 के तहत जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों ने मामले में संलिप्तता होने की बात स्वीकार किया। छापामारी अभियान में गारू थाना के अवर निरीक्षक शाहिद अंसारी, एएसआई तारापद महतो समेत पुलिस के जवान शामिल थे।



गिरफ्तार आरोपी व जानकारी देती पुलिस।

# बरवाडीह-छिपादोहर मुख्य मार्ग के पास नाली निर्माण की मांग

- सड़क तालाब में तब्दील होने से डेंगू-मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारियों का है खतरा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह -छिपादोहर मुख्य मार्ग बीते पांच सालों से पूरी तरह जर्जर अवस्था में हैं। इससे इस सड़क पर प्रतिदिन दुर्घटनाएं होना आम बात हो गई हैं। यह मार्ग बरवाडीह से छिपादोहर और गारू होते हुए जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल बारेसाढ़, महुआडांड़, सरयू और नेतरहाट के साथ- साथ लातेहार जिला मुख्यालय को भी जोड़ती हैं। प्रतिदिन हजारों लोगों का इस मार्ग से आवागमन लगा रहता है। लोग जान जोखिम में डालकर इस मार्ग पर आवागमन करते है। ग्रामीण वर्षो से इस प्रमुख सड़क के निर्माण की मांग स्थानीय सांसद और विधायक से करते आ रहे हैं। इधर शनिवार को जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी ने बरवाडीह के अहिरपुरवा में एक कार्यक्रम में जाने के दौरान सड़क की बदहाल स्थिति को देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने खबर मंत्र को बताया कि अहरीपुरवा के पास सड़क की स्थिति तालाब जैसी हो गई हैं। जहां स्थानीय लोगों की माने तो बरसात के मौसम में यहां पूरे महीने पानी भरा रहता हैं। इससे आसपास के इलाकों में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। वहीं लोगों में डेंगू मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारियों का खतरा पनप रहा हैं। उन्होंने पूरे मामले की जानकारी स्थानीय बीडीओ राकेश सहाय और पंचायत समिति सदस्य को देते हुए प्राथमिकता के आधार पर अहीरपुरवा के पास मुख्य मार्ग के अगल- बगल नाली निर्माण कराने की मांग की हैं। अफजल अंसारी ने बताया कि इस मुख्य सड़क का निर्माण होना बहुत जरूरी है, पर जब तक इस सड़क का निर्माण नहीं होता है, तब तक अहिरपुरवा के पास नाली के निर्माण हो जाने से एक ओर जहां लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। वहीं दूसरी ओर मच्छरों के काटने से उत्पन्न होने वाली गंभीर बीमारियों से लोगों को निजात मिलेगी।



मुख्य मार्ग में पानी का जमाव होने से परेशानी।

# स्वर्ण जयंती मनाना ईश्वर का एक बड़ा वरदान है : बिशप मस्केरेन्हास



कार्यक्रम में मौजूद लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** रविवार को गोठगांव चर्च में पारिस के 50 साल पूरे होने पर स्वर्ण जयंती जुबली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्वर्ण जयंती जुबली समारोह में भाग लेने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में धर्मप्रांत के प्रेरितिक प्रशासक बिशप थेवोदोर मस्केरेन्हास एवं विधायक रामचंद्र सिंह भी पहुँचे। इस अवसर पर धर्मप्रांत के प्रेरितिक प्रशासक बिशप थेवोदोर मस्केरेन्हास द्वारा पवित्र मिस्सा पूजा संपन्न कराया गया। उन्होंने कहा कि 50 साल पहले इस पारिस की स्थापना हुई थी। पल्ली बना और परिवार बनकर आज हम सभी एक नए 50 वे साल में प्रवेश कर रहे हैं। आज हम ईश्वर को धन्यवाद दे रहे हैं। गोठगांव पल्ली के विश्वासियों को मिस्सा के लिए दूर-दूर जाना पड़ता था। मिस्सा के लिए लोग दूर-दूर से आया करते थे। आज हम मेहनत करके आगे बढ़े और किस तरह से हमारे माता-पिता, भाई-बहन, दादा-दादी, नाना-नानी ने कष्ट सहकर हमारे जीवन में विश्वास का बीज बोया। आज हमें यह ठान लेना चाहिए कि हम एक दूसरे का मदद करते हुए प्रभु के रास्ते पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित करें। हमे एक दूसरे को प्रेम करना है। एक दूसरे की सेवा करना है। विशेष करके जिनको मदद की जरूरत है। उन्हे मदद करना है। आप लोगों के बीच में से ही पुरोहित व धर्म बहने मिलते हैं। यह हमारे लिए प्रभु का एक वरदान है। विधायक रामचंद्र सिंह ने पारिस के 50 वर्ष पुरे होने पर सभी को शुभकामनाए देते हुए कहा कि इसी तरह से आपलोग पारिस को संचालित करने का कार्य करें तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक, राजनीतिक सभी में लोगों की मदद इसी तरह से करते रहे। इस जयंती जुबली के अवसर पर पल्ली के महिला-पुरुष, युवक-युवतियों के द्वारा काफी आकर्षक संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।मौके पर पल्ली पुरोहित फा. मौरीस टोप्पो, फा. इमिल एक्का, फा. फ्रांसिस मुक्तलाल, फा. बारथोलोमी टोप्पो, फा. सुशील लकड़ा, फा. सिलबेरियुस केरकेट्टा, फा. सिबरूस बारवा, फा. संतोष एक्का आदि पल्ली पुरोहित एवं सिस्टर तथा काफी संख्या मे ईसाई धर्मावलंबी उपस्थित थे।

## आदिवासी समन्वय समिति की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के सिंजो पंचायत स्थित धुमकुड़िया भवन औराटांड़ में दिन रविवार को आदिवासी समन्वय समिति का प्रखंड स्तरीय बैठक रामसहाय उरांव की अध्यक्षता में किया गया। वहीं बैठक में आदिवासी समन्वय समिति के जिला अध्यक्ष सेलेस्टीन कुजूर, सचिव बिरसा मुंडा वरिष्ठ सदस्य विकास उरांव और मीडिया प्रभारी लाल मोहन सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर बिरसा मुंडा ने आदिवासी समन्वय समिति के मुख्य उद्देश्य के बारे में विस्तार पूर्वक बताया साथ ही इस जिला मेसो क्षेत्र में आदिवासियों के मूल अधिकार में हो रहे अतिक्रमण पर कैसे रोक लगाया जाए,और आए दिन यहां के आदिवासियों के ऊपर शोषण अत्याचार पर विराम कैसे लगाया जाए। वहीं बैठक में उपस्थित जिप सदस्य विनोद उरांव ने संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासियों को एक मंच में आना होगा तभी हम अपने हक अधिकार ले पाएंगे। वहीं जिप सदस्य बलवंत सिंह ने कहा आदिवासियों के अधिकार को छीना जा रहा है आज हम सभी के पूर्वजों ने जल, जंगल, जमीन को बचाने के लिए अपने जान की बाजी लगा दी लेकिन आज हम उसी पूर्वजों के बनाऐ हुए खेत खलियानों को बचाने में भी असमर्थ हैं इसलिए हम सभी लोगों को एक साथ कानूनी आधार पर लड़ने की जरूरत है। वहीं जिला स्तरीय समिति में प्रखंड से 21 सदस्य को शामिल किया गया। मौके पर धनेश्वर सिंह, शिव सिंह, प्रदीप सिंह, संदीप उरांव, श्याम सुंदर उरांव, नागेंद्र प्रधान, बैजनाथ उरांव, विकास उरांव, समेत कई लोग उपस्थित थे।

# नावाडीह में फुटबॉल के फाइनल मुकाबले में खंबिखास की टीम ने ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

- खेल जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है : विजय बहादुर सिंह
- अमडीहा में फुटबॉल टूर्नामेंट का युवा नेता ने फीता काटकर किया शुभारंभ



विजेता टीम को ट्रॉफी देते विजय बहादुर सिंह।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के अमडीहा ग्राम अंतर्गत बाजारटांड़ के खेल मैदान में रविवार को फुटबॉल टूनामेंट का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि यूथ कांग्रेस के प्रदेश संयोजक विजय बहादुर सिंह, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर और विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह उर्फ पिंटू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं फुटबॉल को कीक मारकर किया। उद्घाटन का पहला मैच उचवा बाहर बनाम सोकर टीम के बीच खेला गया। जहां खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए युवा नेता विजय बहादुर सिंह ने युवाओं को खेल को कैरियर के रूप में अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता का भी वृद्धि होता है। खेल जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। जिप सदस्य संतोषी शेखर ने भी कहा कि टूनामेंट के आयोजन होने से ग्रामीण क्षेत्र की खिलाड़ियों को प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान होगा। वहीं दूसरी चुंगरू पंचायत के नावाडीह ग्राम में चल रहे फुटबॉल टूनामेंट का फाइनल मैच शनिवार को नावाडीह बनाम खंबी खास के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों द्वारा बेहतर प्रदर्शन किया गया। अंततः पेनल्टी शूट में खम्बीखास की टीम ने नावाडीह की टीम को शिकस्त दी। जहां मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद युवा नेता विजय बहादुर सिंह ने दोनों टीमों को पुरुस्कार भेंटकर सम्मानित किया। मौके पर मुखिया बलदेव परहिया, प्रेम सिंह, वरिष्ट नेता अनिल सिंह, रविंद्र राम, शिवानंद तिवारी, मुखिया बिपिन बिहारी सिंह और नरेश सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## फास्ट फूड सेंटर का विधायक ने किया उद्घाटन

**महुआंडाड़।** प्रखंड स्थित मुख्य पथ पर बिरसा मुंडा चौक के आगे रोल, चाइनिज एंड मोर फास्ट फूड सेन्टर का उद्घाटन मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा फीता काट कर किया गया। इस मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान,कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तेखार अहमद, रामनरेश ठाकुर, कोमल किंडो, किशोर तिर्की, नुरूल अंसारी, सुभाष प्रसाद, समेत अन्य लोग मौजूद थे। फास्ट फूड सेन्टर के ओनर सालिम अंसारी ने बताया कि हमारे यहां वेज, नॉनवेज दोनों प्रकार के पकवान दिए जाएंगे। जिसमें नूडल्स, राइस, सुप, स्टाटर, रोल, समेत अन्य तरह के दर्जनों आइटम ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। साथ ही ग्राहकों को ओडर पर सप्लाई भी दिया जाएगा। सेंटर में पकवान को लेकर काफी ध्यान रखा गया है,सभी तरह के फास्ट फूड बनाने वाले कारीगर भी बाहर से ही मंगाया गया है। ग्राहकों को अच्छा से अच्छा स्वाद के साथ फास्ट फूड समेत अन्य सभी आइटम्स देने को लेकर प्रयास करेंगे।



उद्घाटन करते विधायक।

## दो पशु तस्कर गिरफ्तार, 11 पशु किये गये बरामद

**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने रविवार की सुबह करीब चार बजे गश्ती के दौरान माको मोड़ से पशु तस्कर को गिरफ्तार किया है व ग्यारह पशु बरामद हुए है। ड्राईवर व खलासी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में पुनि सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार से पुछे जाने पर बताया कि गुप्त सुचना मिली थी कि सतबरवा से पिकअप वैन से पशु तस्करों द्वारा तस्कर किया जा रहा है और इसे रांची की ओर ले जाया जा रहा है तत्पश्चात श्री कुमार द्वारा पुअनि देवानंद कुमार को निर्देश दिया जिसके बाद पुअनि देवानंद गश्ती करने लगे इस दौरान माको के समीप एक पिकअप वैन पर संदेह होने पर रूकवाकर पुछताछ करने लगे व कागजात की मांग की लेकिन कोई भी कागज प्रस्तुत नहीं की जिसके बाद ड्राईवर तबरेज खलीफा पिता कलाम खलीफा थाना लोहरदगा व खलासी एमडी एनुल अंसारी पिता स्व. अलाउद्दीन अंसारी ग्राम नामुदाग मनिका को गिरफ्तार कर लिया गया है और 11 पशु व पिकअप वैन को जब्त कर लिया गया है।



बरामद पशु।

# सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में चतुर्थ जिला योगासन खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**लातेहार।** जिला योगासन खेल संघ के द्वारा लातेहार सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में चतुर्थ जिला योगासन खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। लातेहार जिला योगासन खेल संघ के सचिव प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित की गई है। मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी संरक्षक बलिराम सिंह अध्यक्ष संजय कुमार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी सचिव प्रशांत कुमार कार्यक्रम प्रबंधक सुषमा कुमारी तिग्गा कार्यक्रम डायरेक्टर चैताली मुखर्जी रांची जिला सचिव संतोषी कुमारी नेतरहाट विद्यालय के शिक्षक बसंत तिर्की द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप जलाकर किया गया। यह प्रतियोगिता सब जूनियर ग्रुप, जूनियर ग्रुप, सीनियर ग्रुप में बालक और बालिका वर्गों में आयोजित है। कार्यक्रम का संचालन योगासन खेल संघ झारखंड के 10 सदस्यों के निर्णायक मंडली द्वारा कराया जा रहा है। निर्णायक मंडली में आर्य प्रहलाद भगत, डॉ. सुरजीत घोषाल, शंकर राणा, पूजा सिंह सोनाली सरकार, दयानंद कुमार चंद्र कुमार शामिल है। विभिन्न स्कूलों से लगभग 250 बच्चे इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में शामिल हुए हैं। यहां से चयनित छात्र राज्य स्तर पर अपने प्रतिभा का जौहर दिखाएंगे। 8-9 अक्टूबर को जमशेदपुर में यह प्रतियोगिता आयोजित होनी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से लाल बिहारी सिंह, अक्षय कुमार सिंह, मानसी कुमारी, रमेश प्रजापति, आकाश कुमार की महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## भंडारे के साथ श्रीमद भागवत कथा का हुआ समापन



समापन समारोह में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के प्राचीन पहाड़ी मंदिर परिसर में पिछले तीन सितंबर से चल रहे श्रीमद् भागवत कथा का समापन रविवार की सुबह हवन पूजन और भंडारे के साथ हुआ। इस दौरान आयोजन स्थल में बना पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ था। जहां सैकड़ो की संख्या में मौजूद महिला- पुरुष श्रद्धालुओं के बीच वृंदावन के फूलों की होली कथा वाचक पंडित अनुराग कृष्ण शास्त्री के द्वारा खेली गई। इस दौरान शनिवार रात के 12:00 बजे शुरू हुई फूलों की होली में भक्ति गीतों के बीच पूरी रात लोग झूमते नाचते नजर आए। जहां पंडित अनुराग कृष्ण शास्त्री के द्वारा एक से बढ़कर एक सनातन धर्म से जुड़े भक्ति गीतों को संगीत के माध्यम से रखने का काम किया गया। जिसे सुन मौजूद सभी सैकड़ो श्रद्धालु अपने पैरों को थिरकने से नहीं रोक पाए और राधे-राधे करते सुबह के 3:00 बजे तक नाचते झूमते नजर आए। इस आयोजन में कन्हैया पाण्डेय, विकास कुमार पासवान औ? उनकी पूरी टीम ने जमकर कर भक्ति गीत में रस भरने का काम किया। मौके पर जीप सदस्य संतोषी शेखर, वीरेंद्र जयसवाल, कन्हाई प्रसाद, प्रेम सिंह पिंटू, विजय बहादुर सिंह, रेखा पाठक, सुनील कुमार सिंह, विकास कुमार सिंह, पारस जायसवाल, मनोज सिंह चेरो, हरीश सिंह, अमित सिंह, आयोजन समिति के निरंजन सिंह, राकेश सिंह, बुधराम, लव पासवान, विवेक पासवान, राजा पासवान, सुरेश मिश्रा, अरविंद पांडेय, खुशबू कुमारी, अनिल कुमार द्विवेदी और सुधा दुबे समेत काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आगाज

## विधायक रामचंद्र सिंह ने फीता काटकर एवं फुटबॉल में किक मारकर किया शुभारंभ

- इससे छुपी हुई प्रतिभा निखर कर सामने आती है, आगे भी हो ऐसा आयोजन : रामचंद्र सिंह



फीता काटकर उद्घाटन करते विधायक।

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** स्थानीय खेल स्टेडियम महुआडांड में शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबाल टूर्नामेंट का रंगारंग आगाज हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह ने फीता काटकर, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल में किक मारकर शुभारंभ किया। उद्घाटन मैच आवासीय विद्यालय महुआडांड बनाम माईटी टीम महुआडांड के बीच खेला गया। जिसमें माईटी की टीम 1-0 से विजयी रही। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि महुआडांड प्रखण्ड के लोगों में खेल प्रतिभा छिपी हुई है, लेकिन पिछ्ले काफी समय से इस क्षेत्र में इस तरह की खेल प्रतियोगिता का आयोजन नही किया जा रहा है। इसे देखते हुए स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं खेल प्रेमियों के सहयोग से शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। जो कि सराहनीय पहल है। इस तरह का आयोजन लोगो के बीच छुपी प्रतिभा निखारने का एक माध्यम है। आपलोग इसका लाभ उठाये। आप इससे अपना कैरियर बनाने के साथ साथ राज्य एवं देश का मान सम्मान भी बढ़ा सकते हैं। इसी तरह के खेल के माध्यम से इस क्षेत्र से दो-दो लोग आईपीएस तक का सफर पुरा किये हैं। सो ऐसा आयोजन आगे भी करते रहें। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीपीओ राजेश कुजूर, सर्किल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इफ्तेखार अहमद, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, उपप्रमुख अभय मिंज, अजीत पाल कुजूर, फादर दिलिप तिर्की, रिडोल्फ खलखो, रामनरेश ठाकुर, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर सोहेल, सुभाष प्रसाद, रानू खान, नुरूल अंसारी, यहिया अंसारी, जेवियर खलखो, किशोर तिर्की, मुखिया रेणु तिग्गा, उषा खलखो, रोशनी कुजूर, सुषमा कुजूर, कमला किण्डो, पंसस सुभाष कुजूर, उमाकांत प्रसाद, अयोध्या राम आदि मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबाल टूर्नामेंट के अध्यक्ष सह प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमीर सोहेल, उपाध्यक्ष नितिन टोप्पो, कोषाध्यक्ष पप्पू खान, सचिव सद्दाम खान, जावेद अख्तर, राजेश ठाकुर, शहीद अख्तर, नवीन प्रकाश तिर्की, राजा खान, अफरोज खान, खुशदिल खान, अनुरवि खाखा, इरफान, परवेज, निशांत, अजय कुमार शर्मा, राजन खान आदि का योगदान सराहनीय रहा।

स्पीड न्यूज

## सेक्टर-12 में तीन मंजिले क्वार्टर की सीढ़ी धराशायी

**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-12 ई क्वार्टर नंबर 1021 से 1024 की सीढ़ी प्रातः लगभग 4 बजे भरभरा कर तेज आवाज के साथ जमींदोज हो गई। एक बीएसएल एवं 5 नन बीएसएल के परिवार के 21 सदस्यों को सीआईएसफ व फायर ब्रिगेड के जवानों द्वारा रेस्क्यू करके उतारा गया। पूर्व में भी ऐसी घटनाएं सेक्टर 12 में घट चुकी हैं। बताया जाता है कि उक्त मकान के संबंध में भी शिकायत की गई थी परन्तु कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। मौके पर बोकारो विधायक बिरंची नरायन व अन्य पहुंचे और समुचित कदम उठाने का आश्वासन दिया।

## तिसरा क्षेत्र में खुलेआम जारी है अवैध कोयले का व्यापार

**झरिया।** धनबाद उपायुक्त की अध्यक्षता में में गठित टास्क फोर्स के गठन के बावजूद धनबाद के तिसरा थाना अंतर्गत गोलमारा , अलकडीहा बस्ती , माड़ीगोदाम , चंदकुईया में धडल्ले से अवैध कोयले की तस्करी जारी है। अलकडीहा, चांदकुइया, गोलमारा बस्ती, मकूंदा माड़ीगोदाम में चोरी का कोयला जमा कर रात के अंधेरे में गाड़ी में लोड कर कोयला को गोविंदपुर के भट्ठो में भेजा जा रहा है कोयला लगा गाड़ी में लगभग 30 से 40 टन कोयला ट्रक से खपाने का धंधा जोरों से चल रहा है । सड़क किनारे कोयला तस्करों के गुर्गों द्वारा साइकिल और मोटरसाइकिल से कोयला ले जाने वालों को अपने डिपो में गिराने के लिए बाध्य किया जाता है और रात के अंधेरे में कोयला माफिया का आतंक रहता है , तीसरा थाना के नजदीक ही अवैध कोयला को जमा कर रात के अंधेरे में कोयला को बाहर भेजा जाता है लेकिन लेकिन प्रशासन मौन है।

## बरोरा थाना परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन

**कतरास।** दधीचि रक्त अधिकोष के संस्थापक एवं बाघमारा के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक दिवंगत डॉ सौरव की याद में पुलिस जन सहयोग समिति बरोरा के द्वारा रविवार के दिन थाना परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर जिसमें सर्वप्रथम बरोरा थाना प्रभारी नंदू पाल ने रक्तदान किया। मौके पर उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को ब्लड डोनेट करना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित दर्जनों लोगो ने ब्लड डोनेट किया। मौके पर थाना प्रभारी नंदू पाल, पुजसस के सचिव मिथलेश कुमार, जे के झा, गौतम मण्डल, डॉ मुकेश कुमार राय, बिनोद महतो, देवानंद साव, विनय पांडेय, विट्ठल सिंह, संजय मुखिया, संजय चौहान, राजेश मिश्रा, निर्मल यादव, मंगल हेम्ब्रम, गोल्डी सिंह, शशि यादव, सुभाष वर्णवाल, देवानंद राजभर, संतोष चौहान, अविनाश सागर आदि मौजूद थे।

## मनईटांड़ में 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम शुरू

**धनबाद।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत धनबाद विधायक राज सिन्हा नें धनबाद विधानसभा अंतर्गत भाजपा धनबाद सदर मण्डल, बरटांड मण्डल एवं मनईटांड मण्डल में घर-घर जाकर अमृत कलश में मिट्टी एकत्रित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों घरों की मिट्टी आज अमृत कलश में एकत्रित की गई। मनईटांड मण्डल में आयोजित इस कार्यक्रम में धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे।मौके पर निर्मल प्रधान, राजकुमार मण्डल, मौसम सिंह, अरुण सिंह, अमलेश सिंह, मानस प्रसून, सत्येंद्र मिश्रा, प्रीतपाल सिंह आजमानी, अनिल सिन्हा, तारक नाथ दास, प्रियंका रंजन, दीप सोनी, राजीव कुमार, राजा राम दत्ता, संजय झा, विशाल सिन्हा, ब्रह्मचारी त्रिवेदी, संतोष सिंह, मुकेश सिंह, रमेश राही, मनोज मालाकार, अमित सिंह, सरोज शुक्ला, टुन्ना सिंह, रिंकू सिन्हा एवं दर्जनों भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# 400 टन अवैध कोयले के साथ तीन ट्रक जब्त

### धनबाद एसडीएम ने की कार्रवाई, केस दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** गोविन्दपुर थाना क्षेत्र के देवली में चल रहे अवैध कोयला डिपो पर एसडीएम ने छापेमारी करते हुए करीब 400 टन कोयला और तीन ट्रक जिसपर कोयला लदे थे, उन्हे जब्त किया है। गोविंदपुर अंचल अधिकारी और स्थानीय थाना को कार्रवाई करने को निर्देश दिए हैं। मौके पर गोविंदपुर अंचल अधिकारी राम जी वर्मा एवं गोविंदपुर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार दलबल के साथ मौजूद है और अग्रतर कार्रवाई की तैयारी में जुट गए हैं। अवैद्य डिपो में 2 ट्रक आंध्र प्रदेश के एवम एक झारखंड के है। जिसमे ट्रक संख्या जेएछ 10 ए डब्लु 9866, ए पु 07टी जी 2133 एवम ए पी 04 टी डब्लु 3679पर अवैध कोयला लोड थे। एसडीएम द्वारा कार्रवाई के बाद डिपो के अंदर कम कर रहे हैं सभी मजदूर पीछे की चार दिवारी फांग कर भाग गए मौके पर टोकरी और बेलचा काफी मात्रा में पाए गए हैं। मौके पर मौजूद अंचल अधिकारी रामजी वर्मा ने बताया कि कोयले के अवैध डिपो संचालित हो रहे थे जांच कर संचालक सहीत अन्य के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। जब्त कोयले को बीसीसीएल को जिम्मेंनामा देने हेतू सुचना दे दी गई है। जबकि थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि राजीव सिंह द्वारा अवैध डीपो का संचालन किया जा रहा था, पहले भी कार्रवाई की जा चुकी है। राजीव सिंह, मुकेश सिंह एवं मुंशी सनावुल अंसारी उर्फ निसार आलम सहीत ट्रक चालक और मालिक के खिलाफ प्राथमिकी होगी।

### जिला प्रशासन की दबिश से अवैध कोयला कारोबारियों में हड़कंप

बीसीसीएल के अधिकारियों को अंचल अधिकारी ने जिम्मेनामा और कोयले की मात्रा की नापी हेतु संपर्क किया है करीब 2 बजे नापी हेतु सर्वेयर पहुंचे और नापी की प्रक्रिया शुरू की। वहीं जिम्मेनामा के लिए बीसीसीएल के जीएम सेक्रेट्री माया शंकर पांडेय को सुचना दे दी गई है। धनबाद कोयलांचल में कोयले का अवैध कारोबार करने वालों पर एक बार फिर से जिला प्रशासन ने दबिश दी है। गोविन्दपुर थाना क्षेत्र के अम्बोना मोड़ के निकट लंबे समय से मुकेश सिंह और राजीव सिंह द्वारा अवैध कोयला का कारोबार किया जा रहा था। छापेमारी के बाद क्षेत्र में कोयले के अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गई है। उक्त डीपो में दता इंटरप्राइजेज और जय बजरंग बली इंटरप्राइजेज के नाम पर जीएसटी बिल खपाने की बात सामने आ रही है। पूर्व में भी इसके अलग अलग कोयला कारोबार के ठिकानों पर छापेमारी की गई थी और प्राथमिकी भी दर्ज है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों का निपटारा

**बोकारो।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के दिशा निर्देशन एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण रांची के मार्गदर्शन में प्रधान जिला न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार कुमारी रंजना अस्थाना की अध्यक्षता में न्याय सदन व्यवहार न्यायालय बोकारो तथा व्यवहार न्यायालय परिसर तेनुघाट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत की शुरूआत कुमारी रंजना अस्थाना उपायुक्त सह उपाध्यक्ष जि वि से प्रा बोकारो कुलदीप चौधरी एसपी सह सदस्य जि वि से प्रा प्रियदर्शी आलोक प्रीसाइडिंग पदाधिकारी लेबर कोर्ट अनुज कुमार वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय आलोक कुमार दुबे ने संयुक्त रूप से की। न्यायालय में लंबित सुलह योग्य आपराधिक मामले अन्यान्य विविध मामलों सहित अन्य सिविल वाद रखे गये।

## डीडीसी ने किया पुस्तकालय का निरीक्षण

**बोकारो।** चास स्थित जिला परिषद भवन में निर्माणाधीन डिस्ट्रिक्ट लाइब्रेरी का डीडीसी श्रीमती कीर्ति श्री ने जायजा लिया। उन्होंने क्रमवार बुक स्टोर लाइब्रेरियन कक्ष स्टडी हाल डिस्कसन रूम आदि के रंग रोगन वायरिंग फर्नीचर आदि के कार्यों का अवलोकन करते हुए संबंधित एजेंसियों को समय पर कार्य पूर्ण करने को कहा। छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक माहौल देने प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए निर्माण हो रहा है।

## लगातार हो रही बारिश से बगदा में कच्चा मकान ध्वस्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** लगातार तीन दिनों से रूक रूककर हो रहे तेज बारिश से कसमार प्रखंड के बगदा गांव में रूपाली मिश्रा, पति विश्वजीत मिश्रा का कच्चा मकान ध्वस्त हो गया । ध्वस्त मकान की चपेट में आने से इतु रानी मिश्रा व रूपाली मिश्रा बाल-बाल बच गई। रूपाली मिश्रा को दौड़कर भागने की क्रम में बाएं पैर में तथा रूपाली की सास इतु रानी मिश्रा की कमर में चोट लगी है। मकान के अंदर रखे सामान इंडक्शन चूल्हा पलंग बर्तन टेबल कुर्सी समेत कई अन्य सामान सहित लगभग 70 हजार रुपए की क्षति हो गई। इधर रूपाली मिश्रा पति विश्वजीत मिश्रा के कच्चा मकान ध्वस्त की जानकारी कसमार बीडीओ विजय कुमार को दी गई है। वहीं पीड़िता रूपाली मिश्रा का कहना है कि घर नहीं रहने के कारण काफी दिक्कत हो रही है। रूपाली ने कसमार प्रशासन से अंबेडकर आवास देने की मांग तेज कर दी है। आवास को लेकर प्रखंड मुख्यालय की पहले भी कई बार चक्कर लगा चुकी है। अगर रूपाली को आवास मिला होता तो आज ऐसा नहीं हुआ होता।

## भूली में योग सह सम्मान समारोह आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**भूली।** क्रीड़ा भारती एवं नव संकल्प मंच के संयुक्त तत्वाधान में आज भूली बी ब्लॉक विवाह भवन में योग सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी उदय प्रताप सिंह, समाजसेवी दिलीप सिंह. सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । इस योग कार्यक्रम में बच्चे बच्चियों ने योगासन का बेहतरीन प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को नियमित योग के फायदे से अवगत कराया । योग कला का शानदार प्रदर्शन करनेवाले बच्चे बच्चियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर उदय प्रताप सिंह ने कहा कि योग शरीर को स्वस्थ रखने का एक अच्छा माध्यम है । नियमित योग क्रिया से कई बीमारियां स्वतः ही ठीक हो जाती हैं । दिलीप सिंह ने कहा आज लोगों के बदलते लाईफ स्टाइल की वजह से उनमे बीमारियां हावी हो रही हैं । हमें योग के प्रति जागरूक होना चाहिए, क्योंकि योग से भयंकर बीमारियों से छुटकारा मिलता है। वैसे तो भाग दौड़ भरी जिंदगी में किसी के पास व्यायाम करने का समय नहीं है। अगर हम प्रतिदिन एक या दो योग की क्रियाएं करे तो कई घटों के व्यायाम की पूर्ति की जा सकती है। क्रीड़ा भारती एवं नव संकल्प मंच के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस योग सह सम्मान समारोह में शामिल सभी लोगों का स्वागत और अभिनंदन जिन्होंने इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को योग के प्रति जागरूक करने का काम कर रहे हैं । योग प्रमुख समेंदर जी, संरक्षक सरजू सिंह, कौशल सिंह, अमित सिंह,पंकज सिंह जितेंद्र सिंह, कुमार, गंगा राम, मनश जी,संतोष सिंह,प्रीति सिन्हा,सुमन देवी, अमित सिंह, उदय मालाकार, सांकेर, प्रियंका, रीमा सिंह उपस्थित हुए।

## धनबाद : महिला सम्मेलन में किन्नर श्वेता सम्मानित

### ●नारी चेतना शक्ति ने किया कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद के राजकमल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर अशोकनगर में आयोजित नारी चेतना शक्ति द्वारा आयोजित महिला सम्मेलन कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाओं ने उपस्थिति दर्ज कराई और कार्यक्रम को सफल बनाया। महिलाओं को जागरूक करने और उन्हें उनका हक दिलाने के लिए विशेष कर जागरूकता फैलाया गया महिलाओं ने इस कार्यक्रम में यह भी कहा कि महिलाओं का कार्यक्रम जिस तरह से आज भव्य रूप से यहां पर हो रही है इस तरह अपने-अपने गांव और कस्बों में भी करें और महिलाओं को उसका सम्मान दिलाने का प्रयास करें । इस मौके पर विनीता अग्रवाल धनबाद के मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल की पत्नी मौजूद थी। साथ ही झारखंड प्रदेश किन्नर समाज के अध्यक्ष छम छम देवी किन्नर के पोती चेला व झारखंड चुनाव आयोग द्वारा चुनी गई आइकॉन श्वेता किन्नर को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। उन्हें कार्यक्रम के दौरान सम्मानित भी किया गया इस मौके पर श्वेता किन्नर ने कहा कि कहा कि आज मुझे काफी खुशी मिल रही है मैं आप लोगों को अपने दिल से धन्यवाद और आशीर्वाद देते हूं उन्होंने यह भी कहा कि आप लोग 11 और 12 सितंबर को हमारे आवास जामाडोबा में आयोजित अखंड कीर्तन में जरूर शामिल हो। इस मौके पर नंदा सिंह महिला सामनवाय प्रांत प्रमुख, आशा लकड़ा भाजपा राष्ट्रीय मंत्री सह रांची की पूर्व मेयर, रागिनी सिंह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, सकुंतला मिश्रा क्षेत्रिय प्रमुख कीड़ा भारती, रमा सिन्हा भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष सह आरोग्य भारती महिला आयाम प्रांत प्रमुख, प्रिंयका रंजन भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता, विनीता सिन्हा धनबाद के विधायक राज सिन्हा के धर्मपत्नी, रंजना सिंह, ललिता चौहान, योग शिक्षक नेहा मौजूद थी ।

## हाईवा ने सीआरपीएफ की गाड़ी को ठोका तीन जवान घायल

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर थाना अंतर्गत भीतिया मोड़ के जीटी रोड वैध क्रॉसिंग पर शनिवार शाम एक हाईवा ने एकाएक टर्न ले लिया और उधर से आ रही सीआरपीएफ प्रधानखन्ता की गाड़ी को ठोक दिया। इससे सीआरपीएफ की गाड़ी पलट गई और उसे पर सवार तीन जवान घायल हो गए। मौके पर मौजूद झामुमो नेता एजाज अहमद गंभीर रूप से घायल सीआरपीएफ जवान रक्षपाल सिंह को अपनी गाड़ी में लेकर एसएनएमएमसीएच धनबाद ले गए और दो जवान घायल होकर भी अपने हथियारों की रक्षा करने रह गए । गोविंदपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचने के बाद दोनों घायलों को अशर्फी अस्पताल ले जाया गया। तीनों जवान अशर्फी अस्पताल में भर्ती किसी मरीज को लाने जा रहे थे।

## बीआइएसएसएस में आत्महत्या रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम

**बोकारो।** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की पूर्व संध्या पर सेक्टर- 08 बी बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आत्महत्या रोकथाम पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागी के रूप में कक्षा 09वीं 10वीं 11वीं 12वीं के एवं विद्यालय के प्राचार्य व अन्य शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ अशोक दास सलाहकार मनोचिकित्सा विभाग बीजीएच ने बताया कि आत्महत्या एक मानसिक स्वास्थ्य समस्या है। किशोर आत्महत्या हमेशा एक गंभीर और कठिन विषय होता है। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस लोगों को आत्महत्या के खिलाफ सहयोग और समर्थन प्रदान करने के लिए जागरूक करता है और सामाजिक मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों पर ध्यान देने का संदेश देता है तथा आत्महत्या होने के लक्षणों की पहचान बचाव और सहयोग को बढ़ावा देना है।

## सेल कोलियरी का ओपन कास्ट से समझौता

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बीएसएल ने मेसर्स पावर मेक प्रोजेक्ट्स लिमिटेड हैदराबाद और मेसर्स पी सी पटेल इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड वड़ोदरा की संयुक्त उद्यम कंपनी के साथ अपने कोलियरी डिवीजन के तसरा ओपन कास्ट प्रोजेक्ट के विकास और संचालन के लिए माइंस डेवलपर कम ऑपरेटर समझौते पर 28 वर्षों की अवधि के लिए 04 एमटीपीए की दर से कोयला उत्पादन हेतु हस्ताक्षर किया। समझौते के तहत अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के साथ एक कोल वॉशरी का निर्माण किया जाएगा जिससे सेल को स्वच्छ कोयले की आपूर्ति होगी। अनुबंध हस्ताक्षर समारोह में अतनु भौमिक निदेशक प्रभारी राउरकेला स्टील प्लांट बोकारो स्टील प्लांटद्ध के साथ बीएसएल कोलियरीज डिवीजन प्रोजेक्ट डिवीजन और सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के वरिष्ठ अधिकारियों और मेसर्स पावर मेक प्रोजेक्ट्स लिमिटेड हैदराबाद तथा मेसर्स पी सी पटेल इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड वड़ोदरा के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# खुले आसमान के नीचे रहने को विवश है पांच परिवार

### अतिक्रमित भूमि से रेलवे ने हटाया था

खबर मन्त्र संवाददाता



**चिरकुंडा।** आसनसोल रेल मंडल अंतर्गत कुमारधुबी रेलवे स्टेशन के समीप स्थित स्लम क्षेत्र झोपड़पट्टी में बसे अवैध अतिक्रमण को रेलवे प्रशासन द्वारा हटाए जाने के बाद पांच परिवार दूसरे दिन भी खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। उनकी सुधि अभी तक न तो चिरकुंडा नगर परिषद के अधिकारियों ने लिया न तो राष्ट्रीय व स्थानित राजनितिक दल के नेताओं ने।वार्ड संख्या दो के निवर्तमान पार्षद भारती कुमारी के पति प्रो अरून कुमार द्वारा पांचो परिवार धुपलाल गोस्वामी,धर्मवीर बैरागी, गौरी देवी,सीमा देवी व कामू पटेल के परिवार को अपने खर्च से भोजन करवा रहे हैं व ढ़ाढस दे रहे हैं।उन्होने कहा कि इन पांचो परिवार को कहीं पर बसाने के लिए वे प्रयास कर रहे हैं। पांचो परिवार के लोगो ने कहा कि वे लोग इधर उधर मजदूरी कर किसी तरह अपना जीवन यापन करते हैं उनके पास इतना पैसा नही है कि वे लोग भाड़ा के मकान में जा सकें।

### कुमारधुबी रेलवे स्टेशन का हो रहा विकास कार्य

कुमारधुबी रेलवे स्टेशन में अमृत भारत योजना के तहत विकास कार्य हो रहा है इसी को लेकर झोपड़पट्टी में रहने वाले 59 गरीब परिवार के कच्चा घर को तोड़कर विस्थापित किया गया।कई लोग जो सक्षम थे वे भाड़ा के मकान में चले गए व कुछ लोग अपने गांव चले गए। जानकारी हो कि आसनसोल रेल मंडल के एईएन-टू मुनेश पाण्डेय ने कुमारधुबी स्टेशन के झोपड़पट्टी में अतिक्रमण हटाने के बाद विस्थापित हुए 100 से अधिक गरीब लोगो को अपने पैसे से भोजन कराए थे।

## पेज 3 का शेष

### मोदी ने ब्राजील को सौंपी...

**सभी मुद्दों पर सहमति :** भारत की अध्यक्षता में इस सम्मेलन में अफ्रीकी महाद्वीप के 55 देशों वाले अफ्रीकी संघ को जी -20 का स्थायी सदस्य बनाने का ऐतिहासिक निर्णय भी लिया गया। इस शिखर सम्मेलन में पहली बार संयुक्त घोषणा पत्र में शामिल सभी मुद्दों पर पूर्ण सहमति रही। भारत, अमेरिका और अन्य देशों की पहल पर वैश्विक जैविक ईंधन गठबंधन का गठन और भारत, पश्चिम एशिया तथा यूरोप के मुख्य बंदरगाहों को रेलवे नेटवर्क, आधुनिक संचार सुविधाओं और समुद्री केबल के जरिये जोड़कर वृहद आर्थिक गलियारा बनाने के सहमति पत्र पर भी हस्ताक्षर किये गये। पीएम मोदी ने समापन सत्र में कहा, मुझे संतोष है कि आज जी 20 एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के सपने को लेकर आशावादी प्रयासों का प्लेटफार्म बन गया है। भारत जैसे अनेक देशों के पास ऐसा बहुत कुछ है जिसे मानवता की सेवा के लिए दूसरों के साथ साझा कर सकते हैं और यह मानव केन्द्रीत विकास की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। **एक दिसंबर से कार्य संभालेगा ब्राजील :** आधिकारिक रूप से ब्राजील इस साल एक दिसंबर को जी-20 समूह के अध्यक्ष का कार्यभार संभालेगा। लूला डी सिल्वा ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी और उभरती अर्थव्यवस्थाओं के हितों से जुड़े मुद्दों को आवाज देने के भारत के प्रयासों के लिए उसका आभार जताया। लूला डी सिल्वा ने सामाजिक समावेशन, भूख के खिलाफ लड़ाई, ऊर्जा परिवर्तन और सतत विकास को जी20 की प्राथमिकताओं के रूप में सूचीबद्ध किया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को अपनी राजनीतिक ताकत बरकरार रखने के लिए स्थायी और गैर-स्थायी सदस्यों के रूप में नये विकासशील देशों की आवश्यकता है। ब्राजील के राष्ट्रपति ने कहा, हम विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में विकासशील देशों के लिए अधिक प्रतिनिधित्व चाहते है।

### झामुमो न तो डरेगा...

वे झारखंडियों के मान-सम्मान और हक-अधिकार के प्रतीक थे। आज उनकी बड़ी कमी महसूस होती है। दिशोम गुरु के बताये मार्ग पर चलने वाले दुर्गा सोरेन आज हमारे बीच नहीं है। **सीएम के कारण लगी प्रतिमा :** सीता- स्व दुर्गा सोरेन की पत्नी और नाला विधायक सीता सोरेन ने कहा कि यह काम बहुत पहले हो जाना चाहिए था, मगर उस समय हमारी सरकार नहीं थी। आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सौजन्य से आदमकद प्रतिमा लग गयी है। उन्होंने कहा कि जी-20 की बैठक में जाने के कारण सीएम खुद उपस्थित नहीं सके, मगर उनका और स्मारक समिति का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। सरकार झारखंडियों के विकास के लिए हर काम कर रही है, मगर भाजपा के लोग हमारी सरकार को परेशान कर रहे हैं। एसे में संगठन मजबूत करना होगा और सरकार भी बचानी होगी। तालमेल के साथ चलना होगा। उन्होंने कि 2024 में फिर से हमारी सरकार यहां बनेगी और इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में दिल्ली में भी सरकार बनेगी।

### नफरत फैलानेवाली भाजपा को...

देवघर एयरपोर्ट से लेकर देवघर परिसदन तक पार्टी कार्यकर्ताओं और लालू समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी को देखने के लिए बेताब था। लालू प्रसाद यादव व राबड़ी देवी ने सभी लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। एयरपोर्ट पर राजद सुप्रीमो का स्वागत करने वालों में मंत्री सत्यानंद भोक्ता और मंत्री बादल पत्रलेख के अलावा राजद के झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव, प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व सांसद घूरन राम, राष्ट्रीय महासचिव अभय कुमार सिंह, सुभाष प्रसाद यादव, पूर्व विधायक रामदेव यादव, युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रानी कुमारी, प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार सहित बड़ी संख्या में नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बोकारो: खांजो नदी में डूबे...

परिजनों के काफी खोजबीन के बाद जरीडीह पुलिस को सूचना दी। जरीडीह थाना और पेटरवार थाना की पुलिस ने लोकल गोताखोरों की मदद से दो युवकों का शव बरामद कर लिया गया है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जरीडीह थाना प्रभारी ललन रविदास ने बताया कि नदी में तेज वहाव और काफी पानी होने के कारण खोजने में कठिनाई हो रही है।

### 14 साल बाद भी वनवास ही...

उनका चार साल बाद सहायक प्राध्यापक के दूसरे स्टेज के लिए प्रमोशन हो जाना था। जिन सहायक प्राध्यापकों की एमफील के साथ नियुक्ति हुई थी, उनका 5 साल के बाद सहायक प्राध्यापक स्टेज दो में प्रमोशन हो जाना था। जिनकी नियुक्ति पीएचडी और एमफील के बिना हुई है, उनका प्रमोशन 6 साल बाद सहायक प्राध्यापक स्टेज दो के लिए हो जाना था। सहायक प्राध्यापक स्टेज तीन के लिए स्टेज दो के प्रमोशन के बाद 5 साल का अनु.व होना चाहिये। सहायक प्राध्यापक स्टेज तीन के प्रमोशन के तीन साल बाद एसोसिएट प्रोफेसर में प्रमोशन दिया जाना था। एसोसिएट प्रोफेसर में प्रमोशन के तीन साल के बाद प्रोफेसर में प्रमोशन दिया जाना था। ये सभी प्रमोशन विश्वविद्यालय जेपीएससी के अनुशंसा पर करेगी। मालूम हो कि यूजीसी रेगुलेशन 2010 भी 12 साल बाद दिसंबर 2022 में लागू हुई है। **किस विवि में कितने सहायक प्राध्यापक :** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका में सहायक प्राध्यापकों की संख्या 34, जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापकों की संख्या 20, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद में यूजी पीजी मिला कर सहायक प्राध्यापकों की संख्या 280 है. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में सहायक प्राध्यापकों की संख्या 40 और रांची विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापकों की संख्या 519 है और विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग में 93 है।

### ब्रिटिश पीएम ने भारत की धरती से...

मंदिर प्रबंध समिति के अनुसार श्री सुनक ने कहा कि भारत के साथ ब्रिटेन का संबंध मित्रता के बंधन पर आधारित है और यह ब्रिटेन में जीवंत भारतीय प्रवासी समुदाय के साथ ही सांस्कृतिक आदान-प्रदान से पोषित है। 'मेरी पत्नी और मुझे आज सुबह स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर में दर्शन-पूजन करके खुशी हुई। इस मंदिर की सुंदरता और शांति, सौहार्द तथा बेहतर इंसान बनने के इसके सार्वभौमिक संदेश से हम विस्मित हो गये। यह न केवल पूजा स्थल है, बल्कि एक ऐतिहासिक स्थल भी है, जो भारत के मूल्यों, संस्कृति और दुनिया में उसके योगदान को भी दर्शाता है। सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की दिग्गज कंपनी इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति और समाजसेवी एवं शिक्षिका सुधा मूर्ति की बेटी हैं। **भारत में सनातन बहस :** ब्रिटेन के पीएम सुनक का ये रूप चर्चा में बना हुआ है, क्योंकि हाल ही में भारत में सनातन को लेकर कुछ बयान सामने आये हैं। तमिलनाडु के पूर्व सीएम एमके करुणानिधि के पोते और मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने अपने बयान में कहा कि 'सनातन (धर्म) को मलेरिया, डेंगू और मच्छर की तरह खत्म किया जाना चाहिए, न कि इसका विरोध किया जाना चाहिए। उदयनिधि के बयान का उनके पिता तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने पुत्र के बचाव कहा कि केवल सनातन द्वारा प्रचारित अमानवीय सिद्धांतों... जो अनुसूचित जाति, जनजाति और महिलाओं के खिलाफ भेदभाव करते हैं उनके बारे में बात की थी। किसी भी धर्म या धार्मिक विश्वास को अपमानित करने का उनका कोई इरादा नहीं था।

स्पीड न्यूज

### श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से नवंबर में शुरू होगी उड़ान

**अयोध्या।** अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले श्रीराम इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान शुरू हो जाएगी। श्रीराम इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निदेशक विनोद कुमार ने बताया कि अयोध्या एयरपोर्ट के पहले फेज का निर्माण अगले महीने अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा। पहले चरण में नवंबर माह से यहां से दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद के लिए उड़ान शुरू करने की योजना है। इसके बाद यात्रियों की आमद और मांग को देखते हुए अन्य बड़े शहरों के लिए उड़ानें शुरू की जाएंगी।

### असम में दो करोड़ से अधिक की हेरोइन जब्त

गुवाहाटी। असम के गुवाहाटी में दो करोड़ से अधिक कीमत की हेरोइन जब्त की गई और इस मामले में कम से कम चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। वाहनों की जांच के दौरान रविवार तड़के एक कार से 251.2 ग्राम हेरोइन जब्त की गई और चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा छह मोबाइल फोन और 1.16 लाख रुपये नकद भी जब्त किए गए।

### लापता बीएसएफ का जवान गांव में मिला

**पुंछ।** पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास शुक्रवार से लापता सीमा सुरक्षाबल (बीएसएफ) के जवान का रविवार को पता चल गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुंछ में एक अग्रिम चौकी पर बीएसएफ जवान के रहस्यमय ढंग से लापता हो गया था। सूचना मिलने के बाद ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी थी। उसके बाद जांच के दौरान वह अपने बिहार के पैतृक गांव बिहान में मिला।

### 10 कंपनियों का मार्केट कैप 1.30 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

**नयी दिल्ली।** संसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों का मार्केट कैप बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1.30 लाख करोड़ रुपये चढ़ गया। शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच सबसे अधिक लाभ में एचडीएफसी बैंक रहा। एचडीएफसी बैंक का पूंजीकरण 37,262.86 करोड़ रुपये के उछाल से 12,30,015.05 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 24,356.24 करोड़ बढ़कर 16,56,934 करोड़ पर पहुंच गई।

### ब्रिटेन से भारत आयेगा वाघ नख

**नयी दिल्ली।** मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी ने जिस वाघ नख ने मुगल सेनापति अफजल खान को मौत के घाट उतारा था, उसे ब्रिटेन से देश वापस लाया जाएगा। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने कहा कि हमारी बहुमूल्य कलाकृतियों की वापसी भारत के राजनयिक प्रयासों की एक बड़ी जीत है।

# सभी वैश्विक संस्थाओं का रिफॉर्म जरूरी : मोदी

## जी-20 में प्रधानमंत्री ने सुरक्षा परिषद में वर्तमान वास्तविकता के अनुरूप बदलाव का किया आह्वान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को जी-20 शिखर सम्मेलन के अंतिम और तीसरे सत्र में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित वैश्विक संस्थाओं में वर्तमान वास्तविकता के अनुरूप बदलाव का आह्वान किया। उन्होंने क्रिप्टो करेंसी और कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) से जुड़ी चुनौतियों के प्रति भी आगाह किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक भविष्य विषय पर कहा कि हर वैश्विक संस्था को अपनी प्रासंगिकता बढ़ाने के लिए रिफॉर्म करना जरूरी है।



नयी दिल्ली स्थित राजघाट पर महात्मा गांधी को देने जाते अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, बांग्लादेश के प्रधानमंत्री शेख हसीना, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य।

इसी सोच के साथ हमने शनिवार कोअफ्रीकन यूनियन को जी-20 का स्थायी सदस्य बनाने की ऐतिहासिक पहल की है। इसी तरह हमें बहुपक्षीय विकास बैंकों के मैंडेट का विस्तार भी करना होगा। इस दिशा में हमारे फैसले त्वरित और प्रभावी होने चाहिए। प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया हर लिहाज से बदल चुकी है। ऐसे में वास्तविकता नई वैश्विक व्यवस्था में झलकनी चाहिए। प्रकृति का नियम है कि बदलाव न करने पर व्यक्ति और संस्था अपनी प्रासंगिकता खो देती हैं। हमें इस बात पर विचार करना होगा कि बीते वर्षों में कई क्षेत्रीय फोरम अस्तित्व में आए हैं और प्रभावी सिद्ध हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने देशों के बीच हितों के जुड़ाव से आगे हृदयों के जुड़ाव पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे हम ग्लोबल विलेज को ग्लोबल फैमिली बनते देखेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान जिम्मेदार मानव केन्द्रित एआई व्यवस्था के लिए फ्रेमवर्क तैयार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि न्यू जेनेरेशन टेक्नोलॉजी में अकल्पनीय स्केल और स्पीड के गवाह बन रहे हैं। ऐसे में हमें 2019 मे बने जी-20 के एआई से जुड़े मानकों से एक कदम आगे बढ़ना होगा। भारत चाहता है कि सामाजिक आर्थिक विकास, ग्लोबल कार्यबल और शोध एवं विकास जैसे क्षेत्रों में सभी देशों को एआई का लाभ मिले।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देशों की सुरक्षा और संवेदनशील मुद्दों का ध्यान रखने पर ही एक भविष्य का भाव सशक्त होगा। ऐसे में साइबर जगत से आतंकवाद को फंडिंग जैसे मुद्दों पर जल्द से जल्द ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। इसी संदर्भ में उन्होंने कहा कि साइबर सिक्योरिटी और क्रिप्टो करेंसी की चुनौतियों से हम परिचित हैं। उन्होंने कहा कि क्रिप्टो करेंसी का क्षेत्र, सामाजिक व्यवस्था, मौद्रिक और वित्तीय स्थिरता, सबके लिए एक नया विषय बनकर उभरा है। इसलिए हमें क्रिप्टो करेंसी को रेगुलेट करने के लिए ग्लोबल स्टैंडर्ड्स डेवलपमेंट करने होंगे।

### गांधी के विचार कर रहे हैं हमारा मार्गदर्शन : मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को कहा कि राजघाट पर जी-20 परिवार ने शांति, सेवा, करुणा और अहिंसा के प्रतीक महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे विविध राष्ट्र एकजुट हो रहे हैं, गांधी के शाश्वत आदर्श सामंजस्यपूर्ण, समावेशी और समृद्ध वैश्विक भविष्य के लिए हमारी सामूहिक दृष्टि का मार्गदर्शन करते हैं।

## राष्ट्राध्यक्षों ने राजघाट में दी महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भारत की मेजबानी चल रहे जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने आए राष्ट्राध्यक्षों, वरिष्ठ अधिकारियों और वैश्विक संगठनों के प्रमुखों ने रविवार सुबह राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी का विनम्रता पूर्वक अभिवादन किया। राजघाट पहुंचने वालों में यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस, नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू, कोमोरोस संघ के राष्ट्रपति और अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष अजाली असौमानी अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज, स्पेन की उप राष्ट्रपति नादिया कैल्विनो, सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग, नीदरलैंड के प्रधानमंत्री मार्क रूट, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनाथ, ओमान के उप प्रधानमंत्री असद बिन तारिक बिन तैमूर अल सैद, विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस एडनोम, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉजीर्वा, एशियाई विकास बैंक के अध्यक्ष मासात्सुगु असकावा, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक येओल, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के प्रधानमंत्री ली कियांग,रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैय्यप एर्दोगन और इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी शामिल हैं ।

## हरित जलवायु के लिए ब्रिटेन देगा दो अरब डॉलर

**नयी दिल्ली/लंदन।** ब्रिटेन ने रविवार को कहा कि वह जलवायु परिवर्तन से निपटने में दुनिया की मदद करने के मकसद से हरित जलवायु कोष (जीसीएफ) के लिए दो अरब अमेरिकी डॉलर देगा। भारत में ब्रिटेन के उच्चायोग ने बताया कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने और उसके अनुसार ढलने में दुनिया के कमजोर लोगों की मदद करने के लिए यह वित्तीय योगदान देने की घोषणा की है। सुनक ने जी20 नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ब्रिटेन कार्बन उत्सर्जन की मात्रा कम करने वाले माध्यम अपनाकर और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने में दुनिया के सबसे कमजोर लोगों की मदद करके अपनी जलवायु प्रतिबद्धताओं की दिशा में आगे बढ़ रहा है तथा उन्हें पूरा कर रहा है। सुनक ने कहा कि दुनिया जी20 देशों से इसी तरह के नेतृत्व की उम्मीद करती है। यह सरकार ब्रिटेन तथा दुनिया को और अधिक समृद्ध एवं सुरक्षित बनाने के लिए उदाहरण पेश करती रहेगी। इस बीच, नयी दिल्ली में आयोजित शिखर सम्मेलन संबंधी ताजा जानकारी देते हुए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 10 डाउनिंग स्ट्रीट ने बताया कि सुनक ने विश्वभर के नेताओं से अपने देशों में कार्बन उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन के परिणामों से निपटने के लिए इस साल दिसंबर में होने वाले सीओपी28 शिखर सम्मेलन से पहले मिलकर काम करने का आह्वान किया, ताकि कमजोर अर्थव्यवस्थाओं की मदद की जा सके।

### कनाडा का महत्वपूर्ण साझेदार है भारत : ट्रूडो

**नयी दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने रविवार को कहा कि भारत दुनिया की असाधारण रूप से महत्वपूर्ण अर्थव्यवस्था है और जलवायु परिवर्तन से निपटने और आर्थिक विकास सहित कई क्षेत्रों में कनाडा का महत्वपूर्ण भागीदार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ वार्ता के तुरंत बाद मीडिया ब्रीफिंग में उन्होंने यह टिप्पणी की। कनाडा में खालिस्तानी तत्वों की बढ़ती गतिविधियों पर भारत की चिंताओं के बारे में पूछे जाने पर, ट्रूडो ने कहा कि उनका देश शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन की स्वतंत्रता की हमेशा रक्षा करेगा लेकिन साथ ही हिंसा को रोकेगा और नफरत को पीछे धकेलने के लिए हमेशा प्रयास करेगा।

### सबसे अहम मुद्दों का समाधान भी निकाल सकता है जी 20 : बाइडन

**नयी दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को कहा कि इस साल के जी20 शिखर सम्मेलन ने साबित कर दिया है कि यह समूह अपने सबसे अहम मुद्दों का अब भी समाधान निकाल सकता है। शिखर सम्मेलन में भाग लेने आए बाइडन, महात्मा गांधी के समाधि स्थल राजघाट पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद रविवार सुबह वियतनाम रवाना हो गए।

बाइडन ने कहा कि जब वैश्विक अर्थव्यवस्था जलवायु संकट, नाजुक स्थिति और संघर्ष से जूझ रही है, ऐसे समय में इस साल के शिखर सम्मेलन ने साबित कर दिया कि जी20 अब भी हमारे सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान निकाल सकता है।

### फ्यूल एलायंस से 500 अरब डॉलर के अवसर सृजित होंगे : आइबीए

**नयी दिल्ली।** भारतीय बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) का मानना है कि जैव ईंधन गठबंधन अगले तीन साल में जी20 देशों के लिए 500 अरब अमेरिकी डॉलर के अवसर पैदा कर सकता है। आईबीए ने कहा कि जैव ईंधन गठबंधन जी20 देशों के साथ पर्यावरण की दृष्टि से भी लाभ का सौदा साबित होगा। आईबीए के अनुसार, जैव ईंधन गठबंधन जी20 देशों के लिए अगले तीन साल में 500 अरब डॉलर के अवसर पैदा कर सकता है। अन्य ऊर्जा विकल्पों की तुलना में जैव ईंधन उत्पादन में कम निवेश की जरूरत और कच्चे माल की सुगम उपलब्धता को देखते हुए बायोगैस से 200 अरब डॉलर के अवसर पैदा हो सकते हैं। सैद्धान्तिक रूप से जैव ऊर्जा/बायोगैस जीवाश्म ईंधन की पूरी तरह जगह ले सकता है।

## जेनेलिया की तीसरी प्रेग्नेंसी को लेकर अफवाह हुई तेज



**मुंबई।** अभिनेता रितेश देशमुख और जेनेलिया देशमुख मनोरंजन जगत के एक लोकप्रिय जोड़े हैं। रितेश और जेनेलिया के दो बच्चे हैं, लेकिन अब दोनों का एक नया वीडियो सामने आया है। इस वीडियो के बाद यह अफवाह उड़ गई है कि जेनेलिया दोबारा प्रेग्नेंट हैं। जेनेलिया और रितेश देशमुख दोनों हाल ही में मुंबई में एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इसका एक वीडियो पैपराजी ने इंस्टाग्राम पर किया है। इस वीडियो में रितेश और जेनेलिया हाथों में हाथ डाले इवेंट में पहुंचते नजर आ रहे हैं। इस बार जेनेलिया ने पर्पल कलर का वन पीस पहना है। रितेश ने सफेद शर्ट और नीली पैंट पहनी हुई थी। इस वीडियो में उनके बेबी बंप ने सभी का ध्यान खींचा है। ऐसे में अफवाहें हैं कि वह दोबारा प्रेग्नेंट हैं। इस वीडियो को देखने के बाद एक ने कमेंट किया कि जेनेलिया दोबारा प्रेग्नेंट हैं। एक ने कहा, वह तीसरी बार गर्भवती है। कुछ लोगों ने टिप्पणी की है कि मुझे लगता है कि वह गर्भवती है।

### मोरक्को में भूकंप से अब तक दो हजार से अधिक लोगों की मौत

**रबात।** मोरक्को में घड़ी की सूई घूमने के साथ-साथ भूकंप से हुई जानमाल की तबाही का डरावना मंजर दुनिया के सामने आने लगा है। हाई एटलस पहाड़ियों पर शुक्रवार देररात आए इस भूकंप ने कई शहर और गांवों को मकतल बना दिया है। मोरक्को के आंतरिक मंत्रालय ने कहा है कि मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 2,012 और घायलों का 2,059 पहुंच चुका है। इनमें से1,404 की हालत गंभीर है। भूकंप के केंद्र के पास अमिजमिज गांव में भारी तबाही हुई है। राहत और बचाव का काम चल रहा है। मलबे से गलियां पट गई हैं। अपनों के शव देखकर लोगों की आंखें पथरा गई हैं। इस भूकंप से प्राचीतम शहर मराकेश में भी भारी विनाश हुआ है। इस शहर में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल सूची में शामिल कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

## आदित्य-एल 1 ने तीसरी बार बदली कक्षा : इसरो

▸▸ चौथी प्रक्रिया 15 सितंबर को भारतीय समयानुसार देर रात करीब दो बजे होगी

**बेंगलुरु।** भारत के पहले सूर्य मिशन के तहत सूरज के बाहरी वातावरण के अध्ययन के लिए भेजे गए आदित्य-एल1 यान की पृथ्वी की कक्षा से संबंधित तीसरी प्रक्रिया रविवार तड़के सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने यह जानकारी दी। इसरो ने बताया कि अंतरिक्ष एजेंसी के बेंगलुरु स्थित टेलीमेट्री, ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) ने इस अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। इसरो ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ह्यपृथ्वी की कक्षा से संबंधित तीसरी प्रक्रिया आईएसटीआरएसी, बेंगलुरु से सफलतापूर्वक पूरी की गई। मॉरीशस, बेंगलुरु, एसडीएससी (सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र)-शार और पोर्ट ब्लेयर में आईएसटीआरएसी/इसरो के केंद्रों ने इस अभियान के दौरान उपग्रह की निगरानी की। अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि प्राप्त की गई नयी कक्षा 296 किलोमीटर गुणा 71,767 किलोमीटर है। उसने कहा कि आदित्य एल1 की पृथ्वी की कक्षा से संबंधित चौथी प्रक्रिया 15 सितंबर को भारतीय समयानुसार देर रात लगभग दो बजे निर्धारित है। आदित्य एल1 पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर स्थित पहले सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन बिंदु में रहकर सूरज के बाहरी वातावरण का अध्ययन करेगी।

### यादगार पल, विश्व के शीर्ष नेताओं के अंदाज



जी 20 सम्मेलन में कई राष्ट्राध्यक्षों की पत्नियां।



आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।



सऊदी क्राउन प्रिंस के साथ पीएम मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति।



बांग्लादेश के प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ बाइडन।

# चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा : धरती पर होगा देवलोक का दर्शन

**खबर मन्त्र का अभियान : पूजा का बने भव्य पंडाल और समस्याओं का हो समाधान**







खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची की हृदयस्थली अल्बर्ट एक्का चौक के समीप स्थित चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति 1971 से लगातार पूजा करते आ रहा है।

इस वर्ष भी भव्य पूजा पंडाल दिखेगा। इस बार पूजा समिति राजधानी वासियों को देवलोक की सैर कराएगी। पंडाल की हाईट 80 फीट लंबाई 70 फीट और चौड़ाई 50 फीट है।

पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि सभी निर्माण कार्य और साज- सजा का काम कोलकाता के उत्तम पाल की टीम के द्वारा किया जा रहा है।

कलाकारों ने पंडालों को सजाने का कार्य शुरू कर दिया है। विद्युत साज एवं पंडाल के अंदर देवलोक का बहुत ही मनोरम दृश्य होगा। पंडाल के मन गेट को विद्युत से सजावट की जाएगी।

**सीसीटीवी से होगी निगरानी :** पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि पंडाल व उसके आसपास के क्षेत्र में श्रद्धालुओं के सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा।श्रद्धालुओं को कोई कठिनाई न हो इसके लिए वॉलिंटियर उपस्थित रहेंगे।

कमेटी के पदाअधिकारी- मुख्य संरक्षक -राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश,राष्ट्रीय मंत्री भाजपा सह पूर्व मेयर आशा लकड़ा , सुदेश कुमार महतो, सीपी सिंह, संरक्षक जैनेंद्र प्रसाद , प्रदीप वर्मा ,डॉ राजेश गुप्ता, डॉ मिंटू चौबे ,मनमोहन शर्मा,प्रदीप तुलस्यान,अशोक यादव ,सतीश गोप ,विजय सिंह ,विनोद टेकरीवाल ,सन्नी टोप्पो ,अध्यक्ष- रमेश सिंह,महासचिव रामानन्द ठाकुर,कार्यकारी अध्यक्ष - राजू वर्मा।

### पंडाल के आसपास छिड़काव जरूरी : रमेश सिंह

पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि पूजा पंडाल के आसपास नगर निगम से छिड़काव करने का आग्रह किया जाएगा। जिससे यहां वातावरण शुद्ध हो अन्यथा पूजा के दौरान समिति खुद छिड़काव करवाएगी।

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | |
|---|---|
| Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 |
| Science Practical | ₹ 65 |
| S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 |
| Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 |
| Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 |

| Class - IX | |
|---|---|
| Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | |
| Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# भारत, विश्व का समान साक्षीदार बना





## डॉ. जितेंद्र सिंह

**केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोकशिकायत, पेंशन, अंतरिक्ष तथा परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री**

हम अमेरिका और रूस को अंतरिक्ष सेक्टर की सेवाएं दे रहे हैं और 170 मिलियन डॉलर तथा 250 मिलियन यूरो से अधिक की आय अर्जित कर रहे हैं : डॉ. जितेंद्र सिंह

अब हम 8 बिलियन डॉलर (66,000 करोड़ रुपये) का अंतरिक्ष व्यवसाय करते हैं। लेकिन जिस गति से हम आगे बढ़ रहे हैं, भारत 2040 तक 40 बिलियन डॉलर (3.3 लाख करोड़ रुपये) तक पहुंच सकता है, जबकि हाल की एक अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट,, एडीएल रिपोर्ट के अनुसार हम 100 बिलियन डॉलर तक भी जा सकते हैं''

विश्व आज भारत को हर प्रकार के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में एक समान साझीदार के रूप में देखता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी आज विश्व के सबसे वरिष्ठ राष्ट्राध्यक्ष हैं और सभी राष्ट्राध्यक्ष उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखते हैं।

अब हमारा अधिकांश देश के साथ सहयोग है। रूस और अमेरिका के साथ सहयोग का सबसे अच्छा हिस्सा यह है कि अब हम कमतर नहीं रह गए हैं। अब हम समान साझीदार हैं और कई मायनों में हम समान से भी अधिक हैं। उदाहरण के लिए, अंतरिक्ष सेक्टर में अब हम अमेरिका और रूस को अपनी सेवाएं उधार दे रहे हैं - हम पहले ही 170 मिलियन डॉलर से अधिक तथा 250 मिलियन यूरो से ज्यादा की आय अर्जित कर चुके हैं। अब हम 8 बिलियन डॉलर (66,000 करोड़ रुपये) का अंतरिक्ष व्यवसाय करते हैं, लेकिन जिस गति से हम आगे बढ़ रहे हैं, भारत 2040 तक 40 बिलियन डॉलर (3.3 लाख करोड़ रुपये) तक पहुंच सकता है, जबकि हाल की एक अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट, एडीएल रिपोर्ट में कहा गया है कि हम 100 बिलियन डॉलर तक भी जा सकते हैं।''

विश्वभर में अब से समस्त विकास मुख्य रूप से प्रौद्योगिकी आधारित होने जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का 2020 में केवल इसरो के अलावा रॉकेट एवं उपग्रहों के विनिर्माण के लिए अंतरिक्ष सेक्टर को निजी उद्योग के लिए खोलने के निर्णय को एक ह्यह्यगेम चेंजरह्व करार दिया।

उन्होंने कहा, एक बात बार बार साबित हुई है कि भारत में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। हमारे पास प्रतिभा है, हमारे पास क्षमता है और हमारे पास मानसिक शक्ति है - बहुत लंबे समय तक, हमने अनावश्यक रूप से गोपनीयता का पर्दा रखा और खुद को इसरो तक सीमित रखा।''

आदित्य-एल 1, गगनयान और वीनस आर्बिटर के अतिरिक्त, हम निजी सेक्टर से बड़ी संख्या में लांच करने जा रहे हैं। यह भी तब हुआ जब प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष सेक्टर को निजी क्षेत्र के लिए पूरी तरह से खोलने का साहसिक निर्णय लिया। इसके परिणामस्वरूप, हमारे अंतरिक्ष मिशनों में अत्यधिक बढोतरी हुई है।''

सिनर्जी की प्रक्रिया जारी है और केवल तीन वर्षों में हमारे पास अंतरिक्ष सेक्टर में 150 से अधिक निजी स्टार्टअप्स हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक और निजी सेक्टर के बीच की सीमा रेखा को ध्वस्त किया जा रहा है और यह पूरी तरह से एक समेकित दृष्टिकोण होगा।

यह बहुत ही प्रगतिशील सोच है क्योंकि अब से, अगर हमें आगे बढ़ना है तो हमें संपूर्ण रूप से और समग्र तरीके से आगे बढ़ना होगा। हम केवल सरकारी संसाधनों पर निर्भर नहीं रह सकते। अगर हमें अपने लिए एक वैश्विक भूमिका की कल्पना करनी है तो हमें एक वैश्विक कार्यनीति के साथ वैश्विक मापदंडों पर खरा उतरना होगा। अमेरिकी अब यही कर रहे हैं, नासा अब सरकारी संसाधनों पर निर्भर नहीं है।''

संसद के पिछले मानसून सत्र के दौरान पारित एक अधिनियम द्वारा स्थापित अनुसंधान राष्ट्रीय रिसर्च फाउंडेशन (एनआरएफ) का उद्देश्य अनुसंधान एवं शिक्षा क्षेत्र में संसाधनों का एक समान वित्त पोषण और लोकतंत्रीकरण करना है। उन्होंने कहा, ह्यह्यअब निजी उद्योग के निवेश के अतिरिक्त, हमारे पास यह पूरा इकोसिस्टम है जिसमें वह कानून शामिल है जो व्यय किए जाने के लिए 50,000 करोड़ रुपये का आवंटन करता है जिसमें 36,000 करोड़ रुपये गैर-सरकारी सेक्टर से आते हैं।''जी-20 में हमारी सफलता देश के लिये मील का पत्थर है।

## भारत ने क्वाड सदस्य देशों पर फोकस किया है

मई में क्वाड देशों का दूसरा शिखर सम्मेलन, जापान में आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जापान के हिरोशिमा में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ बाइडेन के साथ व्यक्तिगत उपस्थिति वाले तीसरे क्वाड राजनेता शिखर सम्मेलन में भाग लिया था।

पीएम मोदी ने समुद्र में केबल के डिजाइन, निर्माण, बिछाने और रखरखाव में क्वाड की सामूहिक विशेषज्ञता का लाभ उठाने के लिए 'केबल संचार-संपर्क और सहनीयता के लिए साझेदारी पर बल दिया था। राजनेताओं ने भारत-प्रशांत क्षेत्र में विकास के बारे में महत्वपूर्ण बातचीत की। एक मुक्त, खुले और समावेशी भारत-प्रशांत क्षेत्र के प्रति अपने दृष्टिकोण के तहत, इन नेताओं ने संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के सिद्धांतों को बनाए रखने के महत्व को दोहराया।

बैठक के बाद क्वाड राजनेता दृष्टिपत्र वक्तव्य-'भारत-प्रशांत क्षेत्र के लिए स्थायी भागीदार' जारी किया गया, जो उनके सैद्धांतिक दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है। जानकारों का कहना है कि चीन के साथ जारी सीमा विवाद के मद्देनजर, भारत अब 'क्वाड्रिलैटरल सिक्योरिटी डॉयलॉग' में अपनी सक्रिय भागेदारी से चीन को घेरने की कोशिश करेगा। वजह, इस समूह में अमेरिका, आस्ट्रेलिया और जापान जैसे मजबूत राष्ट्र हैं। भारत, पिछले कई वर्षों से जापान के साथ, तकनीक से जुड़े कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ा रहा है। दूसरी तरफ अमेरिका के साथ भी कई तरह के सैन्य उपकरणों से संबंधित वार्ता

### वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र में ऐतिहासिक पल

# जी - 20 समारोह में वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन की घोषणा



जीबीए जैव ईंधन को अपनाने की सुविधा के लिए सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और उद्योग का गठबंधन विकसित करने के लिए भारत के नेतृत्व वाली एक पहल है। जैव ईंधन के विकास और इसकी पहुंच बनाने के लिए जैव ईंधन के सबसे बड़े उपभोक्ताओं और उत्पादकों को एक साथ लाते हुए, इस पहल का उद्देश्य जैव ईंधन को एनर्जी ट्रांसमिशन की कुंजी के रूप में स्थापित करना है। साथ ही नौकरियों और आर्थिक विकास में योगदान देना भी इसका उद्देश्य है।

**जीबीए की घोषणा जी 20 प्रेसिडेंट और वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ का प्रतिनिधित्व करने के रूप में भारत के सकारात्मक एजेंडे की कार्रवाई-उन्मुख प्रकृति को प्रदर्शित करती है।**

जीबीए वैल्यू चेन में क्षमता-निर्माण अभ्यास, राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लिए तकनीकी सहायता और नीति पाठ-साझाकरण को बढ़ावा देकर दीर्घकालीन जैव ईंधन के विश्वव्यापी विकास और प्रसार का समर्थन करेगा। यह उद्योगों, देशों, ईकोसिस्टम के प्रतिभागियों और प्रमुख हितधारकों को मांग और आपूर्ति की मैपिंग में सहायता करने के साथ-साथ प्रौद्योगिकी प्रदाताओं को अंतिम उपयोगकताओं से जोड़ने के लिए एक वर्चुअल बाजार जुटाने की सुविधा प्रदान करेगा। यह जैव ईंधन अपनाने और व्यापार को प्रोत्साहित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त मानकों, कोड, स्थिरता सिद्धांतों और विनियमों के विकास, अपनाने और कार्यान्वयन की सुविधा भी प्रदान करेगा।

यह पहल भारत के लिए कई मोर्चों पर लाभदायक होगी। जी20 की अध्यक्षता के एक ठोस परिणाम के रूप में जीबीए, विश्व स्तर पर भारत की स्थिति को मजबूत करने में मदद करेगा। इसके अलावा, गठबंधन सहयोग पर ध्यान केंद्रित करेगा और प्रौद्योगिकी निर्यात और उपकरण निर्यात के रूप में भारतीय उद्योगों को अधिक अवसर प्रदान करेगा। यह भारत के मौजूदा जैव ईंधन कार्यक्रमों जैसे पीएम-जीवनयोजना, सतत और गोबर्धन योजना में तेजी लाने में मदद करेगा, जिससे किसानों की आय में वृद्धि, नौकरियां पैदा करने और भारतीय ईकोसिस्टम के समग्र विकास में योगदान मिलेगा। 2022 में वैश्विक इथेनॉल बाजार का मूल्य 99.06 बिलियन अमेरिकी डॉलर था और 2032 तक 5.1% की सीएजीआर से बढ़ने और 2032 तक 162.12 बिलियन अमेरिकी डॉलर को पार करने का अनुमान है। आईईए के अनुसार, नेट जीरो के लक्ष्य के कारण 2050 तक जैव ईंधन में 3.5-5 गुना वृद्धि की संभावना होगी जो भारत के लिए एक बड़ा अवसर पैदा करेगा।

**वे देश और संगठन जो पहले ही जीबीए में शामिल हो चुके हैं-**

19 देश और 12 अंतर्राष्ट्रीय संगठन पहले ही इसमें शामिल होने के लिए सहमत हो चुके हैं।

जीबीए का समर्थन करने वाले जी20 देश (07): 1. अर्जेंटीना, 2. ब्राजील, 3. कनाडा, 4. भारत 5. इटली, 6. दक्षिण अफ्रीका, 7. संयुक्त राज्य अमेरिका

जीबीए का समर्थन करने वाले जी20 आमंत्रित देश (04): 1. बांग्लादेश, 2. सिंगापुर, 3. मॉरीशस, 4. संयुक्त अरब अमीरात

जीबीए का समर्थन करने वाले गैरजी20 देशा(08): 1. आइसलैंड, 2. केन्या, 3. गुयाना, 4. पैराग्वे, 5. सेशेल्स, 6. श्रीलंका, और 7. युगांडा जीबीए के सदस्य बनने के लिए सहमत हो गया है और 8. फिनलैंड

अंतर्राष्ट्रीय संगठन (12): विश्व बैंक, एशियाई विकास बैंक, विश्व आर्थिक मंच, विश्व एलपीजी संगठन, यूएन एनर्जी फॉर ऑल, यूनिडो, बायोफ्यूचर्स प्लेटफॉर्म, अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच, अंतर्राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी, विश्व बायोगैस एसोसिएशन.

जीबीए सदस्य जैव ईंधन के प्रमुख उत्पादक और उपभोक्ता हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका (52 प्रतिशत), ब्राजील (30 प्रतिशत) और भारत (3 प्रतिशत) इथेनॉल के उत्पादन में लगभग 85 प्रतिशत और खपत में लगभग 81 प्रतिशत का योगदान करते हैं।

# जी- 20, नयी दिल्ली का घोषणा पत्र



'जी20' शिखर सम्मेलन के पहले दिन जब 'नई दिल्ली डिक्लेरेशन' के स्वीकार होने की घोषणा हुई तो विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने 'मोदी की गारंटी' का खुलासा किया था। उनसे सवाल पूछा गया था कि अफ्रीकन यूनियन को जी20 में शामिल करने के दौरान किस तरह की दिक्कतें सामने आईं थी।

'जी20' शिखर सम्मेलन में मौजूद विश्व की पांच महाशक्तियों के बीच जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी एक गारंटी पूरी की तो इसे कूटनीतिक मोर्चे पर भारत की एक बड़ी जीत बताया गया है। एक गारंटी के माध्यम से अब 'भारत', दुनिया को साधने के करीब पहुंच गया है। अफ्रीकन यूनियन 'एयू' को जी20 की सदस्यता दिलाना आसान नहीं था, लेकिन भारत की अध्यक्षता में पांचों महाशक्तियों, अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस की मौजूदगी में पीएम मोदी ने जब 'अफ्रीकन यूनियन' को 'जी20' की सदस्यता देने की घोषणा की तो इसे कूटनीतिक मोर्चे पर एक बड़ा कदम माना गया। इस कूटनीतिक जीत का फायदा आने वाले समय में भारत को मिल सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ की 'सुरक्षा परिषद' में भारत के लिए स्थायी सदस्यता की दावेदारी अब और ज्यादा मजबूत हो जाएगी।

### अब इस साजिश में सफल नहीं हो सकेगा चीन

दरअसल, शनिवार को 'जी20' शिखर सम्मलेन के पहले दिन जब 'नई दिल्ली डिक्लेरेशन' के स्वीकार होने की घोषणा हुई तो विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने 'मोदी की गारंटी' का खुलासा किया था। उनसे सवाल पूछा गया था कि अफ्रीकन यूनियन को जी20 में शामिल करने के दौरान किस तरह की दिक्कतें सामने आईं थी। डॉ. जयशंकर का कहना था, गत वर्ष इंडोनेशिया में हुए सम्मेलन में अफ्रीकन यूनियन ने पीएम मोदी से आग्रह किया था कि उसे भी समूह का सदस्य बनाया जाए। इस पर पीएम मोदी ने उन्हें गारंटी दी थी कि वे अफ्रीकन यूनियन को जी20 का सदस्य बनवाएंगे। अब पीएम मोदी ने वह गारंटी पूरी कर दी है। जानकारों का कहना है, 'एयू' को जी20 की स्थायी सदस्यता दिलाना आसान नहीं था। इस बाबत रूस और चीन का रूख कुछ अलग था। चीन को 'जी20' का विस्तार पसंद नहीं था। वजह, इससे ग्लोबल साउथ में उसका कद प्रभावित होता है। करीब एक दशक से चीन का फोकस ऐसे देशों पर रहा है जो अमेरिका, ब्रिटेन या भारत के ज्यादा करीब नहीं हैं। ऐसे देशों को चीन उन समूहों का सदस्य बनवाने की कोशिश कर रहा है, जो उसके प्रभाव में हैं। भारत ने यहीं पर कूटनीतिक दांव चला और एयू को जी20 का सदस्य बनवा दिया।

चीन का प्रयास था कि वह अफ्रीकी संघ के देशों में भारी निवेश के माध्यम से अपने आर्थिक लक्ष्यों की पूर्ति करे। अब चीन उन देशों का शोषण करने की साजिश में सफल नहीं हो सकेगा। एयू के 55 देशों के प्राकृतिक संसाधन, चीन के प्रभाव में आने से बच जाएंगे।

# जी20 शिखर सम्मेलन दुनिया की नजर में सफलतम आयोजन

ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने शनिवार को 'जी20' की बैठक को सफल करार दिया है। पीएम मोदी के साथ सेल्फी लेने के बाद उन्होंने कहा, भारत और आस्ट्रेलिया के बीच अच्छी द्विपक्षीय चर्चा हुई है। दोनों राष्ट्रों के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) को लेकर सार्थक नीति बनी है। गत मई में पीएम मोदी, ऑस्ट्रेलिया गए थे। तब भी दोनों देशों ने 'निवेश' की संभावनाएं तलाशी थी।

अल्बनीज का कहना था, भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई समुदाय के योगदान की वजह से ऑस्ट्रेलिया एक बेहतर जगह है। दोनों देश, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, भारत पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक एकीकरण का प्रभावी माध्यम होगा। यह पूरे विश्व में कनेक्टिविटी और विकास को सस्टेनेबल दिशा प्रदान करेगा।

### भारत-मध्य पूर्व-यूरोप शिपिंग और रेलवे कनेक्टिविटी कॉरिडोर की घोषणा

भारत-मध्य पूर्व-यूरोप शिपिंग और रेलवे कनेक्टिविटी कॉरिडोर की घोषणा को एक बड़ी बात करार देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा, अगले दशक में, भागीदार देश निम्न-मध्यम आय वाले देशों में बुनियादी ढांचे की कमी को दूर करेंगे। बाइडेन ने कहा, मैं प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं। एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य, यही इस जी20 शिखर सम्मेलन का फोकस है। पार्टनरशिप फॉर ग्लोबल इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड इन्वेस्टमेंट (पीजीआईआई) और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा, भारत, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, यूरोपीय संघ, फ्रांस, इटली, जर्मनी व संयुक्त राज्य अमेरिका से जुड़े कनेक्टिविटी एवं बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग पर एक ऐतिहासिक पहल है।

### इकानॉमिक कॉरिडोर एक बेहतर पहल

सउदी अरब के क्राउन प्रिंस सलमान ने कहा, इकानॉमिक कॉरिडोर की पहल, जिसके बारे में जी20 की बैठक के दौरान घोषणा की गई है, इसके लिए मैं उनको धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने इसके लिए काम किया है। यूरोपियन कमीशन की अध्यक्ष, प्रेसीडेंट उसुर्ला वॉन डेर लेन ने कहा, अर्थव्यवस्थाओं के इन्फ्रास्ट्रक्चर में इनवेस्टमेंट मिडिल इनकम वाले देशों की जरूरत है। इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकॉनामिक कॉरिडोर, ऐतिहासिक है। यह इंडिया, अरेबियन गल्फ और यूरोप के बीच सीधा संपर्क बनाने वाला है।

इसके चलते भारत और यूरोप के बीच व्यापार में 40 प्रतिशत की तेजी आएगी। यह महाद्वीपों और सभ्यताओं के बीच ग्रीन एंड डिजिटल ब्रिज होगा। ट्रांस अफ्रीकन कॉरिडोर, यह घोषणा भी बड़े स्तर पर इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश की पहल है।

इसका लाभ सभी सदस्यों को होगा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा, ये एक बहुत महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। सभी सदस्य देश, लंबी अवधि के लिए निवेश करने के प्रतिबद्ध हैं। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने भी इसे एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट करार दिया है। इसमें जर्मनी 3500 मिलियन यूरो का वर्ल्ड बैंक के साथ अतिरिक्त निवेश करेगा।

# पीएम मोदी ने 112 मुद्दों पर सहमति बनाकर दुनिया को चौंका दिया, चीनी कूटनीति असफल

चीन इस कोशिश में लगा है कि ब्रिक्स का विस्तार किया जाए। इसी के चलते अब इस संगठन में मिस्र, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया और अर्जेंटीना को शामिल करने का रास्ता साफ हो गया है। मध्य-पूर्व, अफ्रीका व दक्षिण अमेरिका में इस समूह का प्रतिनिधित्व बढ़ जाएगा। इन देशों की सदस्यता 1 जनवरी, 2024 से प्रभावी होगी। अभी तक ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन तथा दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।

'ब्रिक्स' के तहत आने वाले विश्व के पांच सबसे बड़े विकासशील देशों में वैश्विक आबादी का 41 प्रतिशत हिस्सा है। वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 24 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार का 16 फीसदी प्रतिनिधित्व है। दूसरी तरफ चीन, जी20 के विस्तार के हक में नहीं था।

वजह, यहां पर कई बड़े देश उसे टक्कर दे सकते हैं। चीन की इस नीति को समझते हुए भारत ने 'एयू' को जी20 का स्थायी सदस्य बनवाया है। जी20 देश, अब विश्व की अर्थव्यवस्था में लगभग अस्सी फीसदी की हिस्सेदारी रखेंगे। जी20 शिखर सम्मेलन में पहले कहा जा रहा था कि 'नई दिल्ली डिक्लेरेशन' की घोषणा अटक सकती है, लेकिन पीएम मोदी ने 112 मुद्दों पर सहमति बनाकर दुनिया को चौंका दिया है। भारत ने अपनी कूटनीति से जहां अफ्रीकी देशों में चीन की साजिश को तोड़ने का प्रयास किया है, रूस-यूक्रेन युद्ध की छाया के बीच 'नई दिल्ली डिक्लेरेशन' पर सहमति का रास्ता भी निकाल लिया।

### कूटनीतिक मोर्चे पर अब सक्रिय भूमिका में होगा भारत



सूत्रों के मुताबिक, जी20 में 'नई दिल्ली डिक्लेरेशन' का स्वीकार होना, यह कूटनीतिक मोर्चे पर भारत की बड़ी जीत है। वजह, जी20 में सभी महाशक्तियां शामिल हैं। उनकी मौजूदगी में भारत ने सहमति का रास्ता निकाला है।

अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और जापान ने भी 'एयू' को स्थायी सदस्य बनाने के मामले में बाधा खड़ी नहीं की। घोषणापत्र के नौवें पहरे में लिखा था, हम इस बात की पुष्टि करते हैं कि जी20, अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिए एक प्रमुख मंच है। यह समूह भू-राजनीतिक और सुरक्षा मुद्दों को हल करने का मंच नहीं है।हालाँकि हम स्वीकार करते हैं कि इन मुद्दों का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण परिणाम हो सकता है। भारत ने यह बात कह कर चीन और रूस, दोनों को संदेश दे दिया। हालांकि चीन का कहीं नाम नहीं लिया।

### रूस-यूक्रेन को भी कूटनीति से साध लिया

'नई दिल्ली डिक्लेरेशन' के 13वें पहरे में लिखा है, हम सभी राज्यों से क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को, अंतरराष्ट्रीय कानूनों के मुताबिक, बनाए रखने की अपील करते हैं। मानवीय कानून, शांति और स्थिरता की रक्षा करने वाली बहुपक्षीय प्रणाली सहित अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों को बनाए रखने का आह्वान करते हैं। विभिन्न देशों के मध्य संघर्षों का शांतिपूर्ण समाधान और संकटों के हल के हल के लिए प्रयास करने के साथ ही कूटनीति और संवाद महत्वपूर्ण हैं।

हम वैश्विक अर्थव्यवस्था पर युद्ध के प्रतिकूल प्रभाव को संबोधित करने के अपने प्रयास में एकजुट होंगे। यूक्रेन में व्यापक एवं न्यायसंगत और टिकाऊ शांति का समर्थन करने वाली सभी प्रासंगिक और रचनात्मक पहलों का स्वागत करेंगे। बशर्ते, ये सभी पहल, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सभी उद्देश्यों और सिद्धांतों को कायम रखें।

एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य की भावना से राष्ट्रों के बीच शांतिपूर्ण, मैत्रीपूर्ण और अच्छे पड़ोसी संबंधों को बढ़ावा देना होगा। भारत ने ऐसा कर 'रूस और यूक्रेन' के लिए एक संदेश और जी20 का स्टैंड क्लीयर कर दिया।

स्पीड न्यूज

## आज तीन प्रखंड में होगा ऊर्जा मेले का आयोजन

**चक्रधरपुर।** 11 सितंबर सोमवार को चक्रधरपुर सहित तीन प्रखंडों में ऊर्जा मेला का आयोजन होगा। चक्रधरपुर सब डिवीजन के पंप रोड स्थित कार्यालय, मनोहरपुर सब डिवीजन के प्रखंड कार्यालय एवं खुंटपानी प्रखंड के पांड्राशाली पंचायत भवन में ऊर्जा मेला का आयोजन होगा। यह जानकारी सहायक विद्युत अभियंता भामा पद टुडू ने दी।

## दिल्ली में प्रदर्शन 4 अक्टूबर को

**दुमका।** झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वर्कस यूनियन की बैठक रविवार को रेशमा केरकेट्टा की अध्यक्षता आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष बालमुकुंद सिन्हा मौजूद थे। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष श्री सिन्हा ने कहा कि यूनियन अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर मैदान 4 अक्टूबर को प्रदर्शन करेगी। प्रदर्शन में पूरे देश से आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका पहुंचेगें। श्री सिन्हा ने कहा कि 29 अक्टूबर को रांची में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित करने निर्णय लिया गया है।

## सौतेली मां पर हत्या का आरोप पुलिस पूछताछ में जुटी

**दुमका।** जिले के जामा थाना क्षेत्र के कमार दुधानी गांव के मकई बाड़ी से पुलिस ने रविवार को 8 वर्षीय एक बच्चे का शव बरामद हुआ। जानकारी के अनुसार परिजनों ने थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उत्तम कुमार पासवान और एसआइ रविशंकर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि शव के गले, छाती, पीठ पर गहरे चोट के निशान पाये गये हैं। जिससे बच्चे की हत्या होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। ग्रामीणों ने बच्चे के सौतेली मां पर बच्चे को मार डालने का आरोप लगाया है। बच्चे के पिता दिवाधन बेसरा काम करने अन्य राज्य गये हुए हैं। और बच्चे की अपनी मां 2016 में ही उसके पिता को छोड़कर जामा थाना क्षेत्र के चिकनिया में रह रही है।

## रक्तदान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्णय

**चक्रधरपुर।** जमशेदपुर की तर्ज पर वोलेंट्री ब्लड डोनर्स एसोसिएशन की शाखा पश्चिमी सिंहभूम जिले में भी गठित की जाएगी। इसे लेकर रविवार को वोलेंट्री ब्लड डोनर्स एसोसिएशन जमशेदपुर की टीम ने चक्रधरपुर के सामाजिक संगठनों के साथ बैठक की। भगेरिया फाउंडेशन के आवासीय कार्यालय में हुई बैठक में वोलेंट्री ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष सुनील मुखर्जी, महासचिव कमल घोष व सचिव श्रीराम सिंह उपस्थित रहे। बैठक में सुनील मुखर्जी ने कहा चक्रधरपुर में कई संगठन है जो रक्तदान शिविर आयोजित करती है।

## अवैध तरीके से संचालित तीन क्रशर सील

**कोडरमा।** जिला टास्क फोर्स की ओर से अवैध तरीके से संचालित क्रेशर यूनिटों पर कार्रवाई के तहत नवलशाही थाना अंतर्गत जामडीह मौज में संचालित तीन क्रशरों को सील कर दिया गया है। बताते चलें कि उक्त कार्रवाई एसडीओ संदीप कुमार मीणा के नेतृत्व में की गई है।

## आयुष्मान भवः कार्यक्रम को लेकर बीटीटी एवं सहिया के साथ बैठक

**कोडरमा।** सिविल सर्जन डॉ.अनिल कुमार की अध्यक्षता में आयुष्मान भव: कार्यक्रम के बारे में सभी बीटीटी एवं सहिया के साथ चर्चा किया गया। आयुष्मान भव: कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपति के द्वारा 13 सितंबर 2023 को किया जाएगा तथा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक कार्यक्रम चलाया जायेगा। आयुष्मान भव: कार्यक्रम के अंदर हर सीएचसी, पीएचसी, एचडब्लूसी व जिला अस्पताल में आयुष्मान आपके द्वार 3.0, आयुष्मान सभा तथा हेल्थ मेला, स्वच्छता अभियान, आयुष्मान ग्राम पंचायत, आयुष्मान अर्बन वार्ड का कार्यक्रम किया जायेगा। इसके बारे में सभी बीटीटी एवं सहिया को प्रशिक्षण दिया गया।

# विश्वकर्मा समाज ने बेहतर करने वाले छात्रों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का किया आयोजन





खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज का जिला इकाई की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन जोहार भवन में आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गंगाधर शर्मा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद सुनील सोरेन एवं विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा एवं पूर्व कल्याण मंत्री डॉ लुईस मरांडी शामिल हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर एवं विश्वकर्मा भगवान के फोटो पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि सुनील सोरेन ने कहा कि शिक्षा में बहुत शक्ति है। शिक्षित होकर ही अपने अधिकार के लिए लड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना 17 सितंबर को शुभारंभ हो रहा है। इस योजना में विश्वकर्मा समाज के लोगों को जो हाथ से कार्य करते हैं। उनको एक लाख का ऋण सुविधा एवं ट्रेनिंग का सुविधा दिया गया है। जिला अध्यक्ष गंगाधर शर्मा के मांगो पर एक लाख से बढ़कर 5 लाख तक करने का प्रयास करने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ लुईस मरांडी ने कहा कि हम हमेशा विश्वकर्मा समाज के साथ हैं। विश्वकर्मा समाज आज प्रगति के राह पर है इसका प्रमाण आज के यह बच्चे हैं। जो इतनी संख्या में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुआ। समाज के सभी लोगों को सकारात्मक बातों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि विश्वकर्मा समाज के अधिकारों का हनन हो रहा है। समाज को जो अधिकार मिलना चाहिए, वह नहीं मिल रहा है। इसलिए अक्टूबर नवंबर महीना में रांची के मोराबादी मैदान में झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज का विशाल महारैली कर शक्ति प्रदर्शन करेगी। इस रैली में पूरे प्रदेश के 24 जिले से लाखों लोग शामिल होकर सरकार के समक्ष अपने मांगों को रखेंगे। जिला अध्यक्ष गंगाधर शर्मा ने कहा कि पीएम मोदी के द्वारा विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना का शुभारंभ किया। इसके लिए धन्यवाद के पात्र हैं। लेकिन इस योजना में ऋण की राशि की सुविधा बहुत कम दी गई है। राशि को 5 लाख तक बढ़ाया जाए और पीएम ईजीपी के तर्ज पर सब्सिडी का प्रावधान करने का मांग किया। जिससे समाज के लोगों को रोजगार को बढ़ावा देने में मदद मिल सके। विश्वकर्मा समाज जिला इकाई की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुई। सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि समाज मे आगे बढ़ने के लिए लंबी लकीरे खींचने की जरूरत है। बच्चे शिक्षा में अव्वल आ रहे हैं। जिसको देखते हुए बहुत जल्दी कोचिंग की व्यवस्था भी करने का प्रयास करने की बात कही। भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष शिव शंकर गुप्ता ने कहा कि विश्वकर्मा समाज के बढ़ा वर्ग भवन निर्माण से जुड़ा हुआ है। सभी भवन निर्माण से रजिस्ट्रेशन कर इसका लाभ ले। सभा को पवन शर्मा, अरुण शर्मा, कपिल देव शर्मा, शशांक शेखर भूई, क्रांति राणा, बैजनाथ शर्मा इत्यादियों ने संबोधित किया। मंच का संचालन नारी शक्ति सोनम शर्मा एवं रूबी शर्मा ने किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने छात्रों को मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। जिसमें नितीश कुमार राणा, अंजली कुमारी शर्मा, रोहित कुमार शर्मा, करिश्मा कुमारी शर्मा, अनन्या शर्मा, अमित राज, आलोक कुमार शर्मा, आदित्य राज, राहुल कुमार समेत अन्य विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## एसकेएमयू के यूजी प्रोग्राम में नामांकन की अंतिम तिथि 20 सितंबर

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ने यूजी प्रोग्रम में नामांकन का अंतिम तिथि 20 सितम्बर तक निर्धारित किया है। इस बाबत अधिसूचना डीएसडब्लू डॉ. संजय कुमार सिंह ने जारी किया है। जारी अधिसूचना के अनुसार वैसे छात्र-छात्राएं शेड्यूल के अनुसार कॉलेज स्तर पर नामांकन ले सकते हैं। जिन्होंने नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया हो। जिसका कॉलेज स्तर पर मेरिट लिस्ट में 11 से 12 सितम्बर तक प्रकाशित किया गया हो। जिसका मेरिट लिस्ट में छात्रों का नामांकन 12 से 20 सितम्बर तक प्रकाशित हो। नामांकन फीस ऑनलाइन भुगतान का अंतिम तिथि- 21 सितम्बर तक होगी। ज्ञात हो विश्वविद्यालय में 20 अगस्त को यूजी नामांकन प्रक्रिया बंद हो जाने के बाद कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह के पहल पर पुनः चांसलर पोर्टल 29 अगस्त से 9 सितम्बर तक वैसे छात्र-छात्राओं के लिए खोला गया था। जिन्होंने किन्ही कारणों से नामांकन के लिए आवेदन नहीं कर पाए थे। इस बीच कुल 10 हजार छात्रों ने विभिन्न कालेजों में नामांकन के लिए आवेदन किए है। यहाँ बता दें विश्वविद्यालय के कुल 35 अंगीभूत, मॉडल और सम्बद्ध कॉलेजों के यूजी प्रोग्राम में नामांकन के लिए अब तक लगभग 55,500 छात्रों ने चांसलर पोर्टल से ऑनलाइन आवेदन किए है। जिसमें से लगभग 27,500 छात्र-छात्राएं नामांकन ले चुके है।

एक नजर में

## सम्मान समारोह सह जागरूकता अभियान का आयोजन





खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** संथाल परगना प्रमंडल के दुमका जिला के इंडोर स्टेडियम में राधास्वामी संगठन का सदस्य सम्मान सह जागरूकता अभियान का कार्यक्रम का आयोजन रविवार को हुआ। जिसमे अतिथि संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक शर्मा, उपाध्यक्ष दीपक कुमार शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार सिन्हा उपस्थित हुए।

कार्यक्रम में संगठन के विभिन्न योजना में कन्यादान योजना, नचिकेता छात्रवृति योजना, वाहन योजना, ऋण माफी योजना, मातृ पेंशन योजना, अक्षय धन योजना, आवास योजना, सदस्य सम्मान योजना एवं अन्य योजनाओं का विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। ग्रामीणों को कन्यादान योजना का एक लाख का चेक और बॉन्ड दिया गया। कार्यक्रम के बच्चियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत की। जिसमे कार्यक्रम प्रस्तुत कर रही दो बच्चियों अनुष्का कुमारी और अंशिका कुमारी को प्रशस्ति पत्र एवं 1100 रुपये नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शर्मा ने घोषणा किया कि इन दो बच्चियों के विवाह में संगठन के नियमानुसार रजिस्ट्रेशन होने पर एक लाख रुपया नगद और विवाह सामग्री दिया जाएग। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विवाह में अतिरिक्त सहयोग में एक लाख रुपया सहयोग राशि देने की घोषणा की। इस अवसर पर संगठन के उत्कृष्ट प्रतिनिधियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संथाल परगना प्रभारी जुली सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यक्रम मे गिरिडीह जिला प्रभारी अनीशा सिन्हा, कार्यालय प्रभारी अमित कुमार, गढ़वा जिला प्रभारी सतीश शर्मा, दुमका वाहन योजना प्रभारी अशोक शर्मा एवं संगठन के विभिन्न पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीण उपस्थित थे।

## सहरसा, मुजफ्फरपुर से चलने वाली लंबी दूरी की 20 ट्रेनें 15 तक रहेंगी रद्द

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** यात्री सुविधा में बढ़ोतरी और ट्रेनों के सुगम परिचालन के लिए समस्तीपुर मंडल के मुजफ्फरपुर-पनियहवा रेलखंड के बगहा-वाल्मीकिनगर रोड स्टेशनों के बीच दोहरीकरण काम चल रहा है। इस कारण 11 और 12 सितंबर को प्री-एनआई और 13 से 15 सितंबर तक एनआई कार्य किया जाना है। रेलखंड के दोहरीकरण से लाइन क्षमता में विस्तार होगा और इससे अधिक गाड़ियों का संचालन होगा साथ ही, गाड़ियों के समय पालन में सुधार होगा। इसको देखते हुए 20 ट्रेनों का परिचालन रद्द किया गया है।

### ये ट्रेनें की गयी हैं रद्द

गाड़ी संख्या 12537 मुजफ्फरपुर-प्रयागराज रामबाग एक्सप्रेस 13 सितंबर को रद्द रहेगी, गाड़ी संख्या 12538 प्रयागराज रामबाग-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस 13 सितंबर को रद्द रहेगी, गाड़ी संख्या 15211 दरभंगा-अमृतसर जननायक एक्सप्रेस 12 से 15 सितंबर तक रद्द रहेगी, गाड़ी संख्या 15212 अमृतसर-दरभंगा जननायक एक्सप्रेस 12 से 15 सितंबर तक रद्द रहेगी, गाड़ी संख्या 15529 सहरसा-अमृतसर जनसाधारण एक्सप्रेस 13 सितंबर को रद्द, गाड़ी संख्या 15530 अमृतसर-सहरसा जनसाधारण एक्सप्रेस 14 सितंबर को रद्द, गाड़ी संख्याय15052 गोरखपुर-कोलकाता एक्सप्रेस 14 सितंबर को रद्द, गाड़ी संख्या 15051 कोलकाता-गोरखपुर एक्सप्रेस 15 सितंबर को रद्द, गाड़ी सं. 15653 गुवाहाटी-जम्मूतवी अमरनाथ एक्सप्रेस 13 सितंबर को रद्द, गाड़ी सं.15654 जम्मूतवी-गुवाहाटी अमरनाथ एक्सप्रेस 15 सितंबर को रद्द, गाड़ी संख्या 05537 दरभंगा-अजमेर स्पेशल 13 सितंबर को रद्द रहेगी, गाड़ी संख्या 05538 अजमेर-दरभंगा स्पेशल 14 सितंबर को रद्द रहेगी, गाड़ी संख्या 05039 नरकटियागंज-गोरखपुर पैसेंजर स्पेशल 12 से 15 सितंबर तक रद्द रहेगी, गाड़ी संख्या 05040 गोरखपुर-नरकटियागंज पैसेंजर स्पेशल 12 से 15 सितंबर तक रद्द रहेगी, गाड़ी संख्या 05095 नरकटियागंज-गोरखपुर पैसेंजर स्पेशल 12 से 16 सितंबर तक रद्द रहेगी, गाड़ी संख्या 05096 गोरखपुर-नरकटियागंज पैसेंजर स्पेशल 12 से 16 सितंबर तक रद्द रहेगी, गाड़ी संख्या 05449 नरकटियागंज-गोरखपुर पैसेंजर स्पेशल 12 से 15 सितंबर तक रद्द रहेगी, गाड़ी संख्या 05450 गोरखपुर-नरकटियागंज पैसेंजर स्पेशल 12 से 15 सितंबर तक रद्द रहेगी, गाड़ी संख्या 05497 नरकटियागंज-गोरखपुर पैसेंजर स्पेशल 12 से 16 सितंबर तक रद्द रहेगी, गाड़ी संख्या 05498 गोरखपुर-नरकटियागंज पैसेंजर स्पेशल 12 से 15 सितंबर तक रद्द रहेगी।

## राज्य पशुपालन विभाग अराजपत्रित कर्मचारी संघ का हुआ सम्मेलन

### कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बने सुकदेव सोरेन





खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** झारखण्ड राज्य पशुपालन विभाग अराजपत्रित कर्मचारी संघ का सम्मेलन, रेफरल पशु अस्पताल दुमका में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्राण मोहन मुर्मू एवं उपाध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से की। सम्मेलन का उद्घाटन क्षेत्रीय निदेशक,पशुपालन डॉ विपिन बिहारी महथा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विभाग मे पशुचिकित्सक की नियुक्ति तो लगातार हो ही रही है। लेकिन कर्मियों की नियुक्ति नहीं हो रही है। इसपर ध्यान देने की जरूरत है।मुख्य अतिथि जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि सरकार दिए दिए गए कर्मचारी को अधिकार को देने का माध्यम पदाधिकारी है। जो उचित मांग होगा उसे हर हाल में पूरा किया जायेगा। डॉ रमण कुमार ठाकुर ने सम्मेलन की सफलता का शुभकामनाए दिया। कार्यक्रम में राज्य महासंघ, रांची,सरंक्षक तारनी प्रसाद कामत, शशि शेखर अम्बष्ट, श्यामा देवी ने विचारों को रखा। कर्मियों को सरकार द्वारा जो उनके अधिकारों को रौंदा जाता है, उसके प्रति सचेत रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। सम्मेलन मे जो चयनित पदाधिकारी में अध्यक्ष सुकदेव सोरेन, कार्यकारी अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह, जिला सचिव नीरज कुमार घोष, कार्यकारी जिला सचिव मो सेराजुल हसन, कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा हुए। इस अवसर पर मो अनुल, जयप्रकाश झा, बिनोद दास, असीम कुमार, रोहित कुमार, गोपाल शंकर सिंह, बब्लू राय, राजकुमार गुप्ता, दिनेश पाण्डेय, ओम प्रकाश चौवे, पवन कुमार यादव, रामपत रविदास, नागेश्वर महतो, देव नारायण मंडल, सुजान चौधरी, अशोक कुमार आदि मौजूद थे।

## डुमरी उपचुनाव में बेबी देवी की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनायी खुशियां



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी (गोड्डा) डुमरी विधानसभा के उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी की जीत की खुशी में झा मु मो कार्यकताओं ने प्रखंड मुख्यालय में जुलूस निकाला। वरिष्ठ नेता शंकर पोद्दार की अगुवाई में सभी कार्यकर्ता एकत्रित हुए और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया 'पटाखे फोड़ कर जश्न मनाया।एक दूसरे को मिठाई खिलाई।प्रखंड क्षेत्र के सभी 16 पंचायत के चारों मार्गो से कार्यकर्ता प्रखंड मुख्यालय चौक पर पहुंचे। झंडा, बैनर के साथ नारेबाजी किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा, शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन, इंडिया का महागठबंधन आदि के जमकर नारे लगाया।

ठाकुर गंगटी मार्ग, रूंजी मार्ग, मंचझकोला मार्ग, मिश्र गंगटी मार्ग, प्रखंड कार्यालय ठाकुर गंगटी के निकट भी जाकर हर्षोल्लास के साथ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता शंकर पोद्दार, प्रखंड अध्यक्ष लंबोदर महतो ,बाबूराम हेंब्रम, ज्योतिष चंद्र यादव, कल्लू हेंब्रम, प्रधान सोरेन, सुरेंद्र हंसदा, नारदा देवी आदि दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## रणजी स्तर के क्रिकेट स्टेडियम का होगा निर्माण, खेल का हब बनेगा गढ़वा : मंत्री मिथिलेश

### गढ़वा में झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल टूर्नामेंट का शानदार आगाज





खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर तथा खिलाड़ियों के साथ मंत्री व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल टूनामेंट का शुभारंभ रविवार को शहर के रामा साहू स्टेडियम में झारखंड राज्य फुटबॉल संघ के अध्यक्ष सह झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड पुटबॉल संघ के महासचिव गुलाम रब्बानी, झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक एवं गढ़वा डीसी शेखर जमुआर मुख्य रूप से उपस्थित थे. टूनामेंट का उदघाटन मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने झंडोत्तोलन कर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच मेजबान गढ़वा एवं चतरा की टीम के बीच खेला गया। इस मैच में गढ़वा ने चतरा को चार गोल से पराजित कर दिया।

उदघाटन मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज का दिन गढ़वा के लिए गौरव का दिन है। गढ़वा जिले में पहली बार राज्य स्तरीय फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राज्य के सभी जिले के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह टूनामेंट 18 सितंबर तक चलेगा। श्री ठाकुर ने क कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। खेल के झेत्र में राज्य को अव्वल बनाने का सरकार कर रही है प्रयास। एशिया कॉप हॉकी का आयोजन भी झारखंड में होने जा रहा है। इसके अलावे हेमंत सरकार खेल के कई बड़े आयोजन राज्य में कराकर खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय व अंर्तराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की नौकरी में सीधी नियुक्ति कर रही है। राज्य सरकार ने दो महिला खिलाड़ी सरोजनी लकड़ा व अमिला लकड़ा को सिपाही में नियुक्त किया गया था। उन्हें आईपीएस बनाया गया है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि सरकार गढ़वा जिले में कुश्ती, साईकलिंग तथा क्रिकेट के खेल को आगे बढ़ाने का हरसंभव प्रयास कर रही है. श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में रणजी स्तर के क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण शीघ्र कराया जायेगा। ताकि यहां से भी क्रिकेट के अच्छे खिलाड़ी निकलकर राज्य व देश का नाम रौशन करें।

**समारोह को इन्होंने भी किया संबोधित :** उदघाटन समारोह को गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर, उपविकास आयुक्त राजेश कुमार राय, जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राजमहेश्वरम, महासचिव आलोक मिश्रा, जिला क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह का नाम शामिल है। संचालन अंर्तराष्ट्रीय रेफरी शैलेंद्र पाठक ने किया। मौके पर मुख्य रूप से एसडीपीओ अवध कुमार यादव, झारखंड ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शिवकुमार पांडेय, सुरेश कुमार, जिला 20सूत्री उपाध्यक्ष नीतेश सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, मानिक सिंह, अशोक तिवारी, पप्पु तिवारी, राजेश विश्वकर्मा सहित जिला फुटबॉल संघ, जिला क्रिकेट संघ एवं जिला आलंपिक संघ के सभी पदाधिकारी व खिलाड़ी उपस्थित थे।

### गढ़वा में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं : डॉ मधुकांत पाठक

झारखंड राज्य ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ अधुकांत पाठक ने कहा कि गढ़वा जिले में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। हाल के वर्षों में गढ़वा में ओलंपिक खेलों के बड़े आयोजन ने यह साबित कर दिया है कि गढ़वा खेल के क्षेत्र में राज्य में खास स्थान रखेगा। उन्होंने उक्त आयोजन के लिये जिला फुटबॉल संघ और राज्य फुटबॉल संघ की सराहना की।

## मोटरसाइकिल चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह को पुलिस ने धर दबोचा



**गोड्डा।** आए दिन हो रही मोटरसाइकिल की चोरी ने पब्लिक और पुलिस के लिए सरदर्द बनी हुई है। आखिर कार पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए एसडीपीओ गोड्डा जय प्रकाश नारायण चौधरी के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर इन घटनाओं को रोकने की जिम्मेदारी दी । टीम की जांच प्रक्रिया और छापेमारी दल के संज्ञान में आई बड़ी कल्याणी थाना मुफ्फसिल गोड्डा जिला गोड्डा के मिथुन चक्रवर्ती एक मोटर साइकिल चोरों का एक गिरोह का मुखिया है ।और इसके अन्य सदस्य इस मामले में जेल यात्रा करते रहते हैं उनकी सहायता से ये गिरोह सफलता पूर्वक घटना को अंजाम देकर चुप चाप बैठ जाते हैं ।मोटर सायकिल को १० से १५हजार रुपए में बेचकर फिर अगले शिकार की तलाश में रहते हैं ।मिथुन चक्रवर्ती को गिरफ्तार कर पूछ ताछ करने पर दो चोरी की मोटर साइकिल ग्राम बड़ी कल्याणी तथा महगामा थाना क्षेत्र से तीन और हनवारा थाना क्षेत्र से एक कुल छह मोटर साइकिल बरामद की गई । गिरोह में शामिल चार सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया जिसमे 1–मिथुन चक्रवर्ती ग्राम बड़ी कल्याणी मुफ्फसिल थाना गोड्डा 2–नरेंद्र कुमार साह ग्राम बड़ी कल्याणी जिला गोड्डा ,3–खगेश साह ग्राम , हेम चक थाना महगामा जिला गोड्डा 4–हीरा साह ग्राम दहिया थाना हनवारा जिला गोड्डा को न्यायिक प्रक्रिया के लिए जेल भेजा जा रहा है अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है।